बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 8 मई 2024
वर्ष 4, अंक 80, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये


# अमृत विचार


हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





शुक्र के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी 14

बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति 13







## एक नजर

### बंदियों की रिहाई पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बंदियों की समय पूर्व रिहाई के मामले में सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने पूछा है कि 50 बंदियों को छोड़ने पर सरकार क्यों विचार नहीं कर रही है? मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में इस पर सुनवाई की। गृह विभाग के प्रमुख सचिव एपी अंशुमान वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश हुए और सरकार की ओर से कहा कि प्रदेश में 167 ऐसे बंदी हैं। इनमें से 25 को छोड़ा गया है। साथ ही 56 को छोड़ने की संस्तुति दी गई है, जबकि 50 ऐसे हैं जिन्हें छोड़ने पर विचार नहीं किया गया है। ये गंभीर मामलों में दोषी हैं। जैसे दहेज, दुष्कर्म, घरेलू हिंसा आदि।

### राधिका खेड़ा और शेखर सुमन भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** अभिनेता शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने सदस्यता ली। तावड़े ने दोनों का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है।

### 10 मई को बृजभूषण पर हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत 10 मई को आदेश सुना सकती है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय किया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थीं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया दिया कि आदेश में कुछ सुधार की जरूरत है।

## टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराया
- बासित डार पर घोषित किया गया था 10 लाख इनाम

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन तलाशी अभियान अब भी जारी है। बिरधी ने बताया कि बासित डार श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

## ग्लोबल वार्मिंग से पिघल रहे ग्लेशियर, बन रहीं झीलें

गौरव जोशी, नैनीताल




डॉ. डीएस परिहार

- कुमाऊं विवि के भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. डीएस परिहार के शोध से खुलासा

अमृत विचार : उत्तराखंड के ग्लेशियरों पर ग्लोबल वार्मिंग का असर दिखने लगा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियरों पर तेजी से नई झीलें बन रही हैं। शोध के अनुसार ग्लेशियरों में 50 मीटर से अधिक व्यास की कई झीलें बन चुकी हैं।

विशेषज्ञों ने भूगर्भिक हलचलें होने से इन झीलों से बाढ़ का खतरा जताया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. डीएस परिहार ने जीआईएस रिमोट सेंसिंग एवं सेटेलाइट डाटा से ग्लेशियरों पर अध्ययन किया है। डॉ. परिहार ने बताया कि पिथौरागढ़ जिले में ग्लोबल वार्मिंग से मिलम ग्लेशियर, गोंखा, रालम, ल्वां और मर्तोली ग्लेशियर अधिक प्रभावित हैं।

जीआईएस रिमोट सेंसिंग एवं सेटेलाइट डाटा के माध्यम से अध्ययन करने पर पता चला है कि इन ग्लेशियरों के आसपास कुल 77 झीलें हैं, जिनका व्यास 50 मीटर से अधिक है। इसमें सर्वाधिक 36 झीलें मिलम में, सात झीलें गोंखा में, 25 झीलें रालम में, तीन झीलें ल्वां में और छह झीलें मर्तोली ग्लेशियर में हैं। इनके व्यास में वृद्धि हो रही है और नई झीलें बनने की प्रक्रिया जारी है। सबसे बड़ी झील गोंखा ग्लेशियर पर 2.78 किमी व्यास की है। डॉ. परिहार का कहना है कि नदी घाटी के समीपवर्ती बसे गांवों में त्वरित बाढ़ की लगातार हो रही घटनाओं तथा संभावित आपदा के लिए तैयारी, आपदा प्रबंधन विभाग एवं प्रशासन को भी समय रहते करना चाहिए। क्योंकि ये झीलें आपदा का कारण बन सकती हैं।



### ये क्षेत्र सबसे अधिक खतरे की जद में

तोली, लुमती, मवानी, डोबड़ी, बरम् साना, भदेली, दानी बगड़, सेस, रोपाड़, सेराघाट, बंगापानी, देवीचगह, छोड़ीबगड़, घट्टाबगढ़, बगीचाबगड़, उमड़गाड़, मदकोट, तल्ला मोरी समेत कई अन्य गांव अति संवेदनशील बने हुए हैं।

### चार बार खौफ की दस्तक

गौरी गंगा घाटी पिछले 10 सालों में वर्ष 2013, 2014, 2016 एवं 2019 की बाढ़ से हुए नुकसान को अभी तक झेल रही है। यहां बाढ़ के कारण लोगों के पास खेती करने और रहने को जमीन तक नहीं बची।

**11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर 1332 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद**

# तीसरा चरण : 61.57% मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। साथ ही लोकसभा की 543 सीटों में से 283 सीटों पर प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो गया है। तीसरे चरण में सामान्य-72, अनुसूचित जनजाति- 11 और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 10 सीटें शामिल थीं।

मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक चला। चुनाव आयोग के जारी आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30% जबकि महाराष्ट्र में सबसे कम 54.98% मत पड़े। बिहार में 56.55%, छत्तीसगढ़ में 66.99%, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23%, गोवा में 74.32%, गुजरात में 56.83%, कर्नाटक में 68.22% , मध्यप्रदेश 63.13%, उत्तर प्रदेश में 57.34% और पश्चिम बंगाल में 73.93% मत पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया। इस चरण में असम की चार सीटों पर 47 प्रत्याशी, बिहार की पांच पर 54, छत्तीसगढ़ की सात पर 168, दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की दो पर 16, गुजरात की 25 पर 266, कर्नाटक की 14 पर 227, महाराष्ट्र की 11 पर 258, उत्तर प्रदेश की 10 पर 100 और प. बंगाल की चार पर 57 सहित कुल 1332 प्रत्याशी मैदान में थे। गृह मंत्री अमित शाह का गांधीनगर (गुजरात) सीट पर कांग्रेस के सोनल रमन भाई पटेल से मुकाबला है। केन्द्रीय मंत्री परशोत्तम रूपाला राजकोट सीट पर कांग्रेस के धनानी पारेस के मुकाबले खड़े हैं।




मतदान करने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते पीएम मोदी और अमित शाह।

**75.30%** असम में सबसे अधिक

**54.98%** महाराष्ट्र में सबसे कम

| लोस सीट | मत प्रतिशत |
|---|---|
| संभल | 62.81% |
| आगरा | 53.99% |
| हाथरस (अजा) | 55.36% |
| फतेहपुर सीकरी | 57.09% |
| फिरोजाबाद | 58.22% |
| मैनपुरी | 58.59% |
| एटा | 59.17% |
| बदायूं | 54.05% |
| आंवला | 57.08% |
| बरेली | 57.88% |

### यूपी की 10 सीटों पर 57.34% वोटिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर मंगलवार शाम छह बजे तक कुल 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत व आगरा में सबसे कम 53.99 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण की अन्य सीटों में हाथरस (अजा) सीट पर 55.36 प्रतिशत, फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, मैनपुरी 58.59 प्रतिशत, एटा में 59.17 प्रतिशत, बदायूं में 54.05 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत व बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किए गए थे। इसके अलावा 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए थे। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन व 88,420 मतदान कार्मिक लगाए गए थे। मतदान के लिए 25,819 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 25,819 बैलट यूनिट व 27,597 वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है।

### संभल समेत कई सीटों पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत

संभल सीट पर सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क व एएसपी श्रीशचंद के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। सपा प्रत्याशी ने फर्जी मतदान की शिकायत की। कुछ स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठी भांजने की शिकायतें भी आईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जांच में शिकायतें सही नहीं मिलीं।

### पहले और दूसरे चरण से ज्यादा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले व दूसरे चरण की तुलना में इस बार मतदान ज्यादा हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा।

## बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद करने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

**सीबीआई जांच जारी रहेगी**



- शिक्षक भर्ती घोटाला व्यवस्थागत धोखाधड़ी : सुप्रीम कोर्ट
- कोर्ट ने कहा-जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ नहीं बचेगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे। इससे पहले कोर्ट ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा।

## घर में विस्फोट से झुलसीं महिला प्रधान

संवाददाता, बागेश्वर



कठायतबाड़ा में विस्फोट के बाद उखड़े दरवाजे।

- जोरदार धमाके में दरवाजे टूटे, खिड़की की रेलिंग हुई टेढ़ी और शीशे टूटे

> घटना स्थल का दौरा किया गया। फ्रिज के कवर के अलावा कोई सामान नहीं जला है परंतु महिला ग्राम प्रधान झुलस गई हैं। संभावना है कि गैस रिसाव के बाद गैस जमा होने से यह धमाका हुआ हो।
>
> **–गोपाल सिंह रावत**, अग्निशमन दल अधिकारी

अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत कठायतबाड़ा में मंगलवार शाम एक घर में विस्फोट हो गया। विस्फोट से किचन में काम कर रही अल्मोड़ा के भगरतोला गांव की महिला प्रधान झुलस गईं। विस्फोट इतना तेज था कि किचन और बाथरूम के दरवाजे उखड़ गए तथा खिड़की की लोहे की रेलिंग भी मुड़ गई। धमाके से घर के शीशे टूट गए और सारा सामान बिखर गया। विस्फोट कैसे हुआ यह अभी रहस्य बना हुआ है। घायल ग्राम प्रधान को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

कठायतबाड़ा में महाविद्यालय गेट के पास पंकज भट्ट का परिवार रहता है। वह यहां किराये के मकान में पत्नी महिमा भट्ट व बच्चों के साथ रहते हैं। महिमा अल्मोड़ा जिले में जागेश्वर के पास भगरतोला गांव की प्रधान भी हैं। मंगलवार को वह किचन में काम कर रही थी तथा उनके दो बच्चे कमरे में थे। तभी घर में विस्फोट हो गया। इस जोरदार धमाके में कमरे के दरवाजे उखड़ गए और शीशे चटक गए। घटना में महिमा बुरी तरह झुलस गईं। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक डॉ. राजीव उपाध्याय के मुताबिक वह 50 फीसदी तक झुलस गई हैं। घर में विस्फोट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। अग्निशमन दल व पुलिस ने इसका पता लगाने के लिए तहकीकात की परंतु कारण का पता नहीं चल पाया। विस्फोट इतना भयंकर था कि किचन व बाथरूम के दरवाजे उखड़ गए और खिड़कियों के शीशे चटक गए। विस्फोट से खिड़की की रेलिंग भी टेढ़ी हो गई और उनकी वेल्डिंग उखड़ गई।

## हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का छोड़ा साथ, कांग्रेस में शामिल

- राज्य सरकार से समर्थन लिया वापस

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। तीन विधायक-सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।गोंदर ने कहा कि हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें भाजपा के 40 सदस्य हैं। भाजपा सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन था, लेकिन जजपा के बाद अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

## आकाश से छिनी मायावती के उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बसपा प्रमुख ने नेशनल को-ओर्डिनेटर के पद से भी हटाया

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। आकाश को नेशनल को-ओर्डिनेटर के पद से भी हटा दिया है।

बसपा प्रमुख ने 10 दिसंबर, 2023 को आकाश को उत्तराधिकारी घोषित किया था। इससे पहले उन्हें पार्टी का नेशनल कोआर्डीनेटर नियुक्त किया था। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी घोषणा करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि मूवमेंट के व्यापक हित में परिपक्वता आने तक फिलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा।

मायावती ने लिखा कि बीएसपी एक पार्टी के साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान और सामाजिक परिवर्तन का भी मूवमेंट है जिसके लिए कांशीराम व उन्होंने खुद भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है। इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है।

## केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर आदेश नहीं सुनाया। इस बीच, दिल्ली की कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में धन शोधन का आरोप है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

## झारखंड नकदी मामला : ईडी ने मंत्री के निजी सचिव को किया गिरफ्तार

रांची, एजेंसी



- रांची में दूसरे दिन भी छापेमारी डेढ़ करोड़ रुपये बरामद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के सात स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया और ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते रहे। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने सोमवार को शहर में एक फ्लैट पर छापा मारा था जो कथित रूप से संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर का है।

### मंत्री के सचिव ने एकत्र किया कमीशन: ईडी

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को कोर्ट को बताया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया था। दावा किया कि मंत्री के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान के सांठगांठ में शामिल थे।

## एसडीआरएफ में पहली बार 12 महिला रेस्क्यूर

**देहरादून।** एसडीआरएफ में पहली बार 12 महिला रेस्क्यूर को शामिल किया गया है। चारधाम यात्रा मार्गों पर यह तैनात होंगी। तीन माह के प्रशिक्षण के बाद 53 जवान एसडीआरएफ में शामिल हुए हैं।

एसडीआरएफ मुख्यालय जौलीग्रांट में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त पुलिस के 53 जवानों का 84 दिवसीय बेसिक फर्स्ट रेस्पॉन्डर कोर्स पूरा हो गया। सेनानायक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए पहली बार महिला रेस्क्यूर को तैनात किया जा रहा है। राज्य में 31 स्थानों पर पोस्टें हैं। नौ अतिरिक्त स्थानों पर भी रेस्क्यू टीम को तैनात किया गया है।

## सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

**पतंजलि मामला**



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विज्ञापन करने के दौरान हस्तियां करें जिम्मेदाराना व्यवहार

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मंगलवार को कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए।

वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किए जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया। पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है। इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं।

## एक नजर

### किसी का चार बार नाम तो किसी का एक बार भी नहीं

**नैनीताल :** लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। नगर स्तर पर मतदाता सूची बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है, लेकिन सूची में अनियमितता देखने को मिल रही है। नैनीताल शहर के अंतर्गत आने वाले सभी 12 नगर पालिका वार्ड में मतदाता सूची में गड़बड़ी देखने को मिल रही है। जिसको लेकर अब स्थानीय लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी आपत्ति दर्ज कराने लगे हैं। नारायण नगर क्षेत्र से निवर्तमान सभासद भगवत रावत ने बताया कि उनके क्षेत्र में करीब 50 से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची से गायब है, जबकि लोकसभा चुनाव और पिछले नगर पालिका चुनाव में सभी लोगों ने मतदान किया था। आयारपाटा क्षेत्र के निवर्तमान सभासद मनोज शाह जगाती का कहना है कि उनके क्षेत्र में करीब 1600 मतदाता हैं। जिनमें से इस बार करीब 100 से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब हैं। यही हाल शहर के अधिकांश वार्डों का है। मतदाताओं की सूची से उनका नाम गायब है। ऐसे में मतदाता अपना नाम दर्ज करवाने के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंच रहे हैं।

# लेखपाल प्रमाण पत्र बनाएं वरना होगी कार्रवाई

## उपजिलाधिकारी के निर्देशानुसार लालकुआं और हल्द्वानी के तहसीलदारों ने लेखपालों को दिए गए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लेखपालों द्वारा प्रमाण पत्र नहीं बनाने पर प्रशासनिक अधिकारी सख्त हो गए हैं। उपजिलाधिकारी के निर्देशानुसार हल्द्वानी व लालकुआं के तहसीलदारों ने लेखपालों को प्रमाण पत्र नहीं बनाने पर कर्मचारी आचरण नियमावली के नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी है। हल्द्वानी में लगभग 16 और लालकुआं में 4 लेखपाल क्षेत्र हैं। इनके सापेक्ष हल्द्वानी में 8 और लालकुआं में 2 ही लेखपाल तैनात हैं।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा के निर्देशानुसार लालकुआं व हल्द्वानी के तहसीलदारों ने लेखपालों को नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में कहा गया है लेखपालों ने मार्च माह से आय, मूल निवास समेत विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने के काम का बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद यह काम अमीनों को सौंपा गया था। अप्रैल माह में अमीनों के प्रांतीय संघ के आह्वान पर सिर्फ वसूली ही करवाने और प्रमाण पत्र बनाने का बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद 25 अप्रैल से प्रमाण पत्र बनने ठप हो गए हैं। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि लेखपालों ने प्रमाण पत्र के आवेदन की जांच रिपोर्ट लगाने और बनाने का काम नहीं किया तो उनके खिलाफ कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बीती 26 अप्रैल से अब तक के सभी आवेदनों की जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएं। प्रमाण पत्र लंबित होने की दशा में सेवा का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत संबंधित के खिलाफ शास्ति अध्यारोपित की जाएगी और इसे उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना भी मानी जाएगी।

### अपर जिलाधिकारी ने भी उप जिलाधिकारियों को लिखा था पत्र

**हल्द्वानी :** अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने हल्द्वानी, कालाढूंगी और रामनगर के उपजिलाधिकारियों को पत्र लिखकर लेखपालों से विभिन्न प्रमाण पत्रों में आख्या दर्ज करवाने और बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लेखपालों के प्रमाण पत्र बनाने से इंकार करने पर यह काम अमीनों को सौंपा गया था। अमीनों ने भी प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया है। लेखपालों ने कम्प्यूटर में दक्ष पीआरडी कर्मी की मांग की थी। इसके बाद हल्द्वानी एवं कालाढूंगी तहसील में कम्प्यूटर में दक्ष पीआरडी कर्मी दिए गए हैं, रामनगर और लालकुआं के लिए कर्मियों की मांग की गई है। इसके अलावा कम्प्यूटर में दक्ष कर्मी की तैनाती के लिए राजस्व परिषद देहरादून से भी अनुमति मांगी गई है जो प्रक्रियाधीन है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि लेखपालों से प्रमाण पत्रों के आवेदनों में जांच कर आख्या लगवाने और प्रमाण पत्र जारी करवाने का काम तेजी से किया जाए।

### उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की




उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**हल्द्वानी :** तहसीलों में विभिन्न प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोग यहां-वहां भटक रहे हैं। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हेमंत साहू के नेतृत्व में लोगों ने उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि लेखपालों के कार्यबहिष्कार से जनता परेशान है। आय, जाति, स्थायी समेत कई आवश्यक प्रमाण पत्रों में आख्या नहीं लग पा रही है। इस वजह से प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। इस वजह से कई सरकारी काम अटके हुए हैं। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था कर प्रमाण पत्र बनवाने का काम शुरू करने की मांग की। इस दौरान प्रीती आर्या, राजेन्द्र बिष्ट, प्रियांशु गुप्ता, सचिन राठौर आदि मौजूद रहे।

# पक्षी अभ्यारण्य में ग्रामीणों को दी आवाजाही की छूट

- वन विभाग ने सटे गांवों का रास्ता बंद किया था, हाईकोर्ट ने कहा- ग्रामीण खुद हटा लें प्रतिबंध

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वन विभाग द्वारा नैनीताल के पंगुट क्षेत्र स्थित पक्षी अभ्यारण्य की जद में आए करीब आधा दर्जन गांवों का रास्ता बंद किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने इस क्षेत्र के वाशिंदों को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रतिबंध को स्वयं हटा लें, क्योंकि अधिकारी वनाग्नि में व्यस्त हैं।

वन विभाग उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। मंगलवार को हुई सुनवाई पर वन विभाग की तरफ से दायर शपथपत्र में कहा गया कि उनके द्वारा पक्षी अभ्यारण्य क्षेत्र में रह रहे लोगों के आने जाने के रास्ते जो पूर्व में बंद कर दिए गए थे उनको खोल दिया गया है। जबकि इसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि तीन रास्तों में से विभाग ने केवल एक रास्ता खोला है बाकी दो रास्ते अभी भी बंद हैं उन्हें भी खोला जाए। ये रास्ते बंद होने से अभी भी इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांव मुख्य मोटर मार्ग से वंचित हैं। जिसकी वजह से इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों को सही समय पर कोई मेड़िकल सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जबकि वे इस क्षेत्र में 1890 से रहे हैं।



तस्वीर देखकर लग रहा होगा कि यह कोई मंदिर है, पर यह मंदिर नहीं बल्कि भीमताल झील का मुख्य जल स्रोत है जो पिछले दो वर्षों से सूखा पड़ा है। इस जल स्रोत की ओर सब का ध्यान आकर्षित हो, इसलिए इस पर भगवान के चित्र रखने प्रारंभ कर दिए गए हैं। वहीं क्षेत्र के समाजसेवी पूरन बृजवासी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सूख चुके जल स्रोतों को स्प्रिंग एवं रिवर रिज्यूविनेशन अथॉरिटी (एसएआरआरए) में शामिल करवाने की मांग की है।

## दो पक्षों में हुआ विवाद युवक का सिर फोड़ा

**नैनीताल :** मल्लीताल कैपिटल सिनेमाहॉल के समीप दुकान में मोबाइल चार्ज कर रहे युवक का नशेड़ियों से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा की नशेड़ियों ने गाली-गलौज करने के साथ ही उसका सिर फोड़ दिया। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मल्लीताल निवासी सागर कुमार सोमवार की रात कैपिटल सिनेमाहॉल क्षेत्र की ओर गया था। मोबाइल में बैट्री कम होने पर वह पास में स्थित दुकान में जाकर चार्ज करने लगा। इसी दौरान वहां खड़ा नशेड़ी युवक उससे गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध जताया तो नशेड़ी ने उसके साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। लोगों ने बीच बचाव कर युवक को बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती करवाया।

# अन्य विभाग भी बुझाएंगे जंगलों की आग

- जिला प्रशासन ने प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन जंगलों की आग को लेकर सख्त हो गया है। वनाग्नि रोकने की जिम्मेदारी वन अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सौंपी गई है। साथ ही जंगल में कूड़ा फेंकने और जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जनपद के जंगलों में बढ़ती आग की रोकथाम के लिए प्रभागीय वनाधिकारियों के साथ ही जिला आपूर्ति अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी, नगर आयुक्त, उप जिलाधिकारियों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि वनों में कूड़ा फेंकने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति, प्रतिष्ठान की ओर से खुले में कूड़ा फेंकने और जलाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अमूमन जंगल किनारे लगे फड़, ठेले, दुकान, रिसॉर्ट जंगलों में कूड़ा जला देते हैं, लेकिन यह अवैध है।

ऐसा करते पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लीसा फैक्ट्री, भूसा गोदाम वगैरह के 100 मीटर के दायरे में ज्वलनशील पदार्थ जैसे प्लास्टिक, कागज, पीरूल, सूखे पत्ते टहनियां वगैरह की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। धार्मिक स्थलों के 100 मीटर की परिधि में कूड़ा फेंका व जलाया नहीं जाएगा। सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को हिदायत दी गई है कि जंगल से सटी सड़कों पर सूखे पत्ते, टहनियों, पीरूल की सफाई करवाई जाए।

### रात में गश्त कर जंगलों की आग पर नजर रख रहा विभाग

**नैनीताल :** सरोवर नगरी से सटे जंगलों में लगातार आग लगने की घटनाओं के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। वन विभाग की टीम दिन-रात अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त कर रही है। पिछले दो दिन से आग की घटनाएं नहीं हुई हैं। विभाग जंगलों में नजर रखने के साथ ही अब तक हुई आग की घटनाओं को अंजाम देने वालों की पूछताछ में लगा हुआ है। वहीं जंगलों में दोबारा पिरूल गिरने से वन विभाग की चिंता बढ़ने लगी है। डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि विभागीय कर्मचारी दिन-रात जंगलों को आग से बचाने के लिए गश्त कर रहे हैं। अग्नि संभावित क्षेत्रों से पिरूल व सूखे पत्तों को हटाया जा रहा है। वर्तमान में जंगलों में कहीं आग नहीं लगी है। जंगलों में आग लगाने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। पकड़े जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आग लगाने वाले की जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रख जाएगा, साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## जेजेएम योजना की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**नैनीताल :** ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजना में विभागीय अधिकारियों के मानकों के अनुरूप काम न करने और पुरानी योजनाओं को नई योजनाओं में दिखाकर काम कराने का आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत कोटला, कटना एवं सूनी में जेजेएम योजना में लगभग 10 करोड़ की लागत से कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें लगभग 600 परिवारों को पेयजल कनेक्शन दिए जाने हैं, लेकिन इन कनेक्शनों में पुरानी योजनाओं को दिखाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर योजना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में उत्तम सिंह लमगड़िया, अमित लमगड़िया, किशन सिंह लमगड़िया, सचिन सिंह लमगड़िया, पवन लमगड़िया हैं।

# दक्षिण-पूर्वी हवाओं से तापमान में आई कमी

- तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरा अधिकतम तापमान
- पहाड़ों में आज से बारिश होने का अनुमान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में पिछले दिनों की अपेक्षा तापमान में कमी आई है। दक्षिण-पूर्वी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई है। आने वाले दिनों में पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश होने का अनुमान है।

मंगलवार को सुबह के समय धूप के साथ हल्की ठंडी हवाएं भी चलीं। जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। अधिकतम तापमान में सोमवार की अपेक्षा तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी हवाओं ने उत्तर भारत की ओर रुख किया है। ये हवाएं बंगाल की खाड़ी से आती हैं और इनमें नमी होने के साथ ही ठंडक भी होती है। इसके चलते तापमान में गिरावट आई है। इधर, मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि बुधवार से पहाड़ों में बारिश हो सकती है। पिथौरागढ़ और चम्पावत जिले में कुछ स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर, कालाढूंगी में नौ से 11 अप्रैल के दौरान बारिश होने के आसार हैं।

### पहाड़ों में बदला मौसम

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड में मंगलवार की देर शाम पहाड़ों में कुछ स्थानों में मौसम बदल गया। उत्तरकाशी और टिहरी जिले में कुछ स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि पहाड़ों में बुधवार से कई स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

# मानसखंड मंदिर माला में शामिल होगा छोटा कैलाश

- जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने शासन को भेजा प्रस्ताव

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** छोटा कैलाश मंदिर जल्द मानसखंड मंदिर माला मिशन में शामिल होगा। इसके लिए जिला पर्यटन विकास अधिकारी अतुल भंडारी ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है।

जिसे जल्द मंजूरी मिल सकती है। जनपद नैनीताल के मां नयना देवी मंदिर और कैंची धाम को पूर्व में मानसखंड मंदिर माला में शामिल किया जा चुका है। अब छोटा कैलाश को भी इसमें सम्मिलित करने की कवायद शुरू हो गई है। कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी वंदना सिंह को भवाली भ्रमण के दौरान आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने छोटा कैलाश मंदिर को मानसखंड मंदिर माला मिशन में शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। छोटा कैलाश मंदिर पौराणिक धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात है। यहां प्रत्येक वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने प्रस्ताव बनाकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद देहरादून को भेज दिया है। इधर, आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलड़िया ने बताया कि आदि कैलाश मंदिर के मानसखंड माला मिशन में शामिल होने से क्षेत्र को कई मूलभूत सुविधाएं मिलेंगे। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी और पर्यटन विकास अधिकारी का आभार जताया।



छोटा कैलाश मंदिर। ● अमृत विचार

## कुमाऊं विवि के वानिकी व पर्यावरण विभाग को ए श्रेणी

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वानिकी व पर्यावरण विभाग को इंडियन काउंसिल फॉर फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन ने ए प्लस श्रेणी प्रदान की है। आईसीएफआरई ने दिसंबर माह में विभाग का निरीक्षण तथा मूल्यांकन किया था।

कुलपति प्रो. रावत ने विभाग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वानिकी विभाग बेहतर कार्य एवं शोध कर रहा है। वानिकी विभाग 1978 से प्रारंभ हुआ तथा शोध एवं उत्तराखंड के जंगल के अध्यन के लिए जाना जाता है।

प्रो. जीत राम ने कहा कि यह प्रो. एलएस लोधियल, प्रो. आशीष तिवारी, डॉ. नीता आर्य, डॉ. बिजेंद्र लाल, डॉ. नंदन बिष्ट, डॉ. कुबेर गिनती, डॉ. ईरा तिवारी, डॉ. मैत्री नारायण सहित विभाग के कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का सुखद परिणाम है।



ज्योलीकोट में मधुमक्खियों के हमले घायल बच्चे परिजनों के साथ। ● अमृत विचार

# मधुमक्खियों के हमले में 8 बच्चों समेत 10 घायल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ज्योलीकोट के पास जंगली मधुमक्खियों के हमले में दो नेपाली मजदूर व आठ बच्चे बुरी तरह घायल हो गए।

ज्योलीकोट के बल्यूटी के पास जंगली मधुमक्खियों के हमले में आठ नेपाली बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। बच्चों के शोरगुल के बाद बचाव में गए 40 वर्षीय दो मजदूर भी घायल हो गए। मधुमक्खियों के काटने से बच्चे बेहोश हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सभी बच्चों व दोनों मजदूरों को बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल की डॉ. नेहा ने बताया कि फिलहाल बच्चों की तबियत ठीक है। उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया है। घायलों में 40 वर्षीय दीपक बहादुर, भीम प्रकाश, 10 वर्षीय अम्रता, 4 वर्षीय विनीता, 3 वर्षीय विमला, 7 वर्षीय रेखा, 4 वर्षीय पार्वती, 8 वर्षीय मनीषा, 10 वर्षीय सुरेश व 3 माह का तोप बहादुर शामिल है।

# होटलों में मिली अनियमितता, सैंपल लिए

- जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की टीमों ने मारा छापा
- दर्जन भर से अधिक होटल स्वामियों को दिए नोटिस

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल के एक होटल में छापेमारी करते एसडीएम प्रमोद कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन और विभिन्न विभाग की टीमों ने मंगलवार को शहर व आसपास के क्षेत्रों के होटलों और होम स्टे पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान कुछ होटलों में अनियमिताएं मिलीं। जिस पर पर्यटन विभाग ने होटल स्वामियों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने मालरोड व अयारपाटा क्षेत्र के होटलों में छापेमारी की। इस दौरान मालरोड स्थित हिमट्रेक होटल में पर्यटक आगंतुक रजिस्टर सत्यापित नहीं मिला। वहीं बंगाली होटल में नेपाल के पर्यटकों का सी फार्म भरा हुआ नहीं मिला।

इसके बाद टीम अयारपाटा क्षेत्र में पहुंची। जहां जीवी इन होटल के किचन में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग हो रहा था। जिस पर एसडीएम ने तत्काल सिलेंडर को कब्जे में लेने के निर्देश दिये। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल माउंटेन मिस्ट व द फर्न विला से पनीर और जीवी होटल से ब्रेड के सैंपल जांच के लिए भरे। एसडीएम ने बताया कि होटल हिमट्रेक, अहुजा होटल, बंगाली होटल, फर्न विला व जीवी इन के संचालक को पर्यटन विभाग की ओर से चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। यदि नोटिस के बाद भी मानकों को पूरा नहीं किया गया तो चालानी अथवा होटल सील करने की कार्रवाई की जाएगी। अभियान में जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, ईओ पूजा चंद्रा, एसएसआई पीएस मेहरा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह, टीआई हिमांशु चंद्रा, दीपराज समेत तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने सेगवे स्कूटर से शुरू की गश्त

**नैनीताल :** पर्यटन सीजन को देखते हुए तल्लीताल पुलिस ने मालरोड पर सेल्फ बैलेंसिंग सेगवे स्कूटर से गश्त करना शुरू कर दिया है। सेगवे स्कूटर गश्त से यातायात व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। वहीं यह स्कूटर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

उत्तराखंड पुलिस को स्मार्ट पुलिसिंग और तकनीकी सुविधाओं से लैस करने के लिए बीते वर्ष पूर्व डीजीपी ने नैनीताल भ्रमण के दौरान एसएसपी के माध्यम से पुलिस को दो अमेरिकन सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर सेगवे सौंपे थे। पर्यटन सीजन को देखते हुए यातायात व पर्यटन पर नजर रखने के लिए पुलिस ने सेगवे से गश्त शुरू कर दी है। सोमवार की शाम तल्लीताल पुलिस की ओर से चीता कांस्टेबल अमित गहलोत ने मालरोड में गश्त की। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि सेगवे स्कूटर से लगातार गश्त की जा रही है।



कम्युनिटी कॉलेज भीमताल में पाक कला कार्यशाला में भाग लेते छात्र।

# छात्रों ने सीखे देसी-विदेशी लजीज व्यंजन बनाने के गुर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** कम्युनिटी कॉलेज भीमताल में बी.वाक. इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं के लिए व्यंजन पाक कला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें सहयोगी संस्थान ऐम इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट गोरापड़ाव के सेफ जगजीत गिरी गोस्वामी व संस्थान के निदेशक कमल तिवारी ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के विदेशी एवं देसी व्यंजन बनाने के गुर सिखाए। प्राचार्य प्रो. कुमुद उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ कौशल विकास में प्रेरित करने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में राकेश तिवारी, पूनम चंद्र, मनोज पलडिया, मनोज कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पिपलेश्वर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक और भंडारा

**हल्द्वानी :** पटेल चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को ब्रह्मलीन महंत 108 विद्या यति माता की 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले मंदिर में रूद्राभिषेक किया गया और महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाए। यहां महादेव संस्कृत के पूर्व प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, कथावाचक आचार्य भुवन चंद्र कांडपाल, घनश्याम पांडे आदि रहे।


**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## एक नजर

### पानी की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

**भीमताल :** धारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अमृत सरोवर कौल मझेड़ा से वाहनों में पानी ले जाने पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि बुरासी, पोखराड़, अक्सोडा, लड़फोड़ा, पदमपुरी में पानी की समस्या के चलते अमृत सरोवर से होटलों में वाहनों के जरिये मोटर लगाकर पानी ले जाया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। जिस पर एसडीएम धारी केएन गोस्वामी ने जल संस्थान और पुलिस चौकी धारी, राजस्व उप निरीक्षक को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

### नशे के इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस टीम जब गौला वाहन पार्किंग के पास पहुंची तो एक युवक को रेलवे पटरी के पास संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास से नशे के छह इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना नाम फरीद अहमद पुत्र सगीर अहमद निवासी इंदिरानगर ठोकर थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### खाना बनाते समय झुलसी महिला की मौत

**हल्द्वानी :** पिथौरागढ़ निवासी एक महिला खाने बनाते समय झुलस गई थी। उसकी उपचार के दौरान डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बदियाल पिथौरागढ़ निवासी विनीता देवी (27 वर्ष) पत्नी संजय कुमार को गंभीर अवस्था में चिकित्सालय लाया गया था। यहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक विनीता गैस पर खाना पका रही थी। तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### फिर पांच घंटे देरी से पहुंची गरीबरथ एक्सप्रेस

**हल्द्वानी :** कानपुर से काठगोदाम रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस मंगलवार को फिर अपने निर्धारित समय से 5 घंटे देरी से काठगोदाम स्टेशन पहुंची। आमतौर पर यह ट्रेन दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है।

जल संस्थान की पेयजल लाइन में पानी नहीं होने से गहराया संकट, विभाग व जनप्रतिनिधि पानी उपलब्ध कराने में जुटे

# घुघरी तोक में पांच सौ की आबादी पानी को तरसी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** एक किलोमीटर की सीधी ऊंचाई और आसपास कोई जल स्रोत नहीं, सहारा सिर्फ जल संस्थान की पेयजल लाइन का और उसमें भी पानी नहीं...ये हाल है भीमताल से मात्र दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित पांडे गांव के घुघरी तोक का।

इस गांव में करीब पांच सौ की आबादी रहती है, जो पिछले दस दिनों से पेयजल संकट से जूझ रही है। जल संस्थान एक छोटे पिकअप टैंकर से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करा रहा है, लेकिन आबादी बड़ी और टैंकर छोटा होने से अधिकांश ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के व्यवसाई नितेश बिष्ट ने अपने निजी संसाधनों से आपूर्ति सुचारू होने तक ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। नितेश बिष्ट, ममता बिष्ट, विनोद पांडे व अनिल बिष्ट का कहना है कि गर्मी प्रारंभ होने से पूर्व ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को जल निगम के हर घर नल और हर घर जल की धीमी प्रगति से अवगत करा दिया था। जिस पर अब भी कार्य धीमी गति से हो रहा है। इस कारण पांडे गांव में पानी की किल्लत बनी हुई है।



पांडे गांव के घुघरी तोक में टैंकर से पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**10** दिनों से छाया पानी का संकट पांडे गांव के घुघरी तोक में

**02** किमी की दूरी पर स्थित है पांडे गांव भीमताल से मात्र

### बोले लोग



"कुमाऊं आयुक्त को गांव की स्थिति से अवगत करा दिया गया है। जल निगम की कार्यशैली का खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। शीघ्र ही मामला प्रशासनिक अधिकारियों के सामने उठाया जाएगा।"
**-नितेश बिष्ट**, स्थानीय निवासी



"लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है। जानवरों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। पानी के लिए जनसहयोग लिया जा रहा है। जल संस्थान व कुमाऊं आयुक्त से शीघ्र एक शिष्टमंडल मिलेगा।"
**-ममता बिष्ट**, बीडीसी सदस्य

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे तीन गांवों के परिवार

संवाददाता, गरमपानी

▸▸ सप्ताह भर से बारगल-कफूल्टा पंपिंग पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति ठप

**अमृत विचार :** शिप्रा नदी क्षेत्र में बनी बारगल-कफूल्टा पंपिग पेयजल योजना से पेयजल आपूर्ति ठप है। जिससे क्षेत्र के साढ़े तीन सौ से भी अधिक परिवार बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। सप्ताहभर से योजना से पानी उपलब्ध न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

रामगढ़ क्षेत्र में शिप्रा नदी पर करोड़ों रुपयों की लागत से बनी बारगल-कफूल्टा पंपिग पेयजल योजना से समीपवर्ती बारगल, कफूल्टा, गरजोली समेत आसपास के तमाम गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाती है पर पिछले सप्ताह भर से गांवों के बाशिंदों को पानी की बूंद तक नसीब नहीं हो रही है। कफूल्टा गांव निवासी अधिवक्ता नरेश सिंह बिष्ट के अनुसार कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस नेता कृपाल सिंह मेहरा ने भी आपूर्ति ठप होने पर नाराजगी जताते हुए मामले को मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल में दर्ज करा दिया है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता नरेंद्र भारती बताया कि कुछ दिन पहले पेड़ की चपेट में आकर विद्युत तार टूट गया था। बिजली विभाग को व्यवस्था दुरुस्त करने को पत्राचार कर दिया गया है। जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कहीं काहिली से नल सूखे तो कहीं मरम्मत से हुई बत्ती गुल

## प्रधानमंत्री की हर घर नल योजना को लगा पलीता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना को जल संस्थान और जल निगम विभाग हल्द्वानी में पलीता लगा रहे हैं। जहां इन विभागों ने खुद ही दावा किया था कि चार वर्षों में हर घर जल का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन चार सालों में सिर्फ चौथाई योजनाएं ही पूरी हो सकी हैं। दोनों विभाग इसी चाल से चले तो बाकी तीन चौथाई काम पूरा होने में अभी कई साल का समय और लग सकता है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हल्द्वानी में हर घर नल योजना की शुरुआत अगस्त 2019 में हुई थी। इस मिशन में 140 करोड़ रुपये से 133 ग्रामीण क्षेत्रों में 58 पेयजल योजनाएं बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था। हर योजना में उच्च क्षमता की पेयजल लाइन बिछाने, ओवरहेड टैंक निर्माण, नलकूप लगाने वगैरह का काम होना था। जल संस्थान व जल निगम ने दिसंबर 2023 तक इन योजनाओं को पूरा करने का दावा किया था। योजनाएं पूरे होने पर हल्द्वानी के हर घर में नल और नल में जल का लक्ष्य पूरा करना था।

इधर, निर्धारित अवधि पूरे हुए चार माह का समय पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक 58 में से सिर्फ 15 योजनाएं ही पूरी हो सकी हैं। इनमें भी हल्द्वानी की 24 में से 9 और कोटाबाग की 34 में से 6 योजनाएं ही पूरी हुई हैं। बाकी 33 योजनाएं अभी अधर में लटकी हुई हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का हर घर जल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। चार साल में 15 योजनाएं पूरी हुई, यदि जल संस्थान व जल निगम ने इसी गति से योजनाओं पर काम किया तो बाकी योजनाओं को पूरा होने में 10-12 साल का समय और लग सकता है। ऐसे में लोगों को जल जीवन मिशन में पानी आपूर्ति के लिए अभी और इंतजार करना होगा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 15 योजनाओं पर काम पूरा किया जा चुका है, जबकि बची हुई योजनाओं पर काम तेजी से हो रहा है।


बेस अस्पताल के बाहर क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन ठीक करने को खोदा गया गड्ढा।

### तीन नलकूप खराब, हजारों की आबादी परेशान

**हल्द्वानी :** छड़ायल नयाबाद, किशनपुर और बच्चीनगर का नलकूप खराब होने से हजारों की आबादी के सामने पेयजल संकट बरकरार है। मंगलवार को भी इन नलकूपों की मरम्मत जारी रही। जिसके चलते पानी की समस्या जस की तस बनी रही। बीते एक सप्ताह से भी अधिक का समय बीत चुका है नलकूपों की मरम्मत शुरू हुए, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है। इन इलाकों में नलकूप का संचालन ठप होने से पानी की पूर्ति के लिए लोग टैंकरों व अन्य निजी साधन पर निर्भर हैं। इधर सिंचाई विभाग के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूपों की मरम्मत जारी है। पाइप जमीन के भीतर अधिक गहराई तक होते हैं, जिसके चलते पाइपों को निकालने व लगाने में समय लग रहा है।

**04** सालों में 58 में से पूरी हुई सिर्फ 15 पेयजल योजनाएं

**01** सौ चालीस करोड़ रुपये से शुरू हुई थी योजना

**01** सौ 33 गांवों में 58 पेयजल योजनाएं बनाने का है लक्ष्य

## बिजली ने दिया लोगों को 'झटका'

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पारा बढ़ने के साथ ही शहरी और ग्रामीण इलाकों में कई-कई घंटे बिजली कटौती से जनता त्रस्त हो गई है। कहीं ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तो कहीं फुंकने की वजह से जनता को अघोषित बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। कहीं-कहीं लो वोल्टेज ने लोगों को परेशान कर दिया है।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को कठघरिया और ट्रांसपोर्ट नगर से जुड़े बिजली उपकेंद्रों के इलाकों में लगभग 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। जिम्मेदारों के मुताबिक यहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के चलते इतनी लंबी बिजली कटौती की गई है। इसके चलते रामपुर रोड, नैनी विहार कॉलोनी, देवलचौड़ समेत कई इलाकों में सुबह 9 बजे से बिजली आपूर्ति ठप रही। इसी तरह गौलापार में सोमवार की देर रात करीब 12 बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे देर रात बिजली गुल हो गई। रात भर बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं होने से इंवर्टर भी 'ठंडे' पड़ गए। सुबह बिजली विभाग की टीम ने मरम्मत शुरू की तब जाकर 12 घंटे बाद दोपहर में लगभग 12 बजे फिर से बिजली आपूर्ति सुचारू हुई। इसके अलावा गौलापार में लो वोल्टेज ने भी लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। उमस भरी गर्मी में पंखों की रफ्तार जितनी धीमी रही, लोगों का उतनी ही रफ्तार से पसीना निकला। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि गौलापार इलाके में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई लेकिन भार बढ़ने से लो वोल्टेज से निजात नहीं मिल पा रही है। शहरी विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने और लाइनों की मरम्मत के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही।


टीपी नगर स्थित विद्युत उप केन्द्र। ● अमृत विचार

### नैनीताल में चार घंटे रही बिजली कटौती

**नैनीताल :** गर्मी बढ़ने के साथ ही नैनीताल में बिजली कटौती शुरू हो गई है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बीते दो दिनों से रोजाना दिन में चार घंटे बिजली की कटौती की जा रही है। मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रही। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही है। जिन क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सही से नहीं हो रही है, वहां जाकर बिजली की लाइनों की जांच की जाएगी।

# प्रवक्ता से लाखों रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जालसाजों ने ठगी का नया तरीका खोज निकाला है। एक सेवानिवृत्त प्रवक्ता को डिजिटल हाउस अरेस्ट कर लिया। फिर ड्रग्स की तस्करी के नाम पर डरा कर लाखों रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिव साईं कालोनी, मुखानी निवासी अंग्रेजी के प्रवक्ता हरिहर प्रसाद शुक्ला उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया, बीती 25 अप्रैल उनके पास दो अलग-अलग नंबरों से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया और कहा, उनकी आधार आईडी से एक कोरियर ताइवान भेजा गया है, जिसे मुम्बई कस्टम पुलिस ने पकड़ा है। पार्सल में ड्रग्स, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड व अन्य गैर कानूनी सामग्री मिली है। अब उन्हें मुंबई जाना होगा। हरिहर ने आने में असमर्थता जताई तो जालसाज ने उन्हें ऑनलाइन मुम्बई क्राइम ब्रांच से कनेक्ट कर दिया। जिस पर फर्जी डीसीपी और इंस्पेक्टर मिले। उन्होंने हरिहर से कहा कि उनके आधार कार्ड से चार बैंक खाते अलग-अलग शहरों में खोले गए, जिसमें करोड़ों रुपये का गैर-कानूनी लेन-देन हुआ है।

जांच में पता लगा है कि उनकी पत्नी और बच्चों को भी जान का खतरा है। ऐसे में उन्हें ऑनलाइन जांच में सहयोग के लिए 24 घंटे स्काइप की वीडियो कॉल पर रहना होगा। बुरी तरह डर चुके हरिहर झांसे में आ गए। वह 24 घंटे डिजिटल हाउस अरेस्ट रहे। जालसाजों ने हरिहर के सभी बैंक खातों में जमा धनराशि की जानकारी ली। अगले दिन वित्तीय वेरीफिकेशन कराया और चार लाख रुपये वापस करने की बात कहकर जमा करा लिए। जालसाजों ने उन्हें 24 घंटे वीडियो कॉल पर निगरानी में रखा। न तो किसी से मिलने दिया, न बाहर जाने दिया। जिससे उनकी सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो गई। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सीबीआई और आरबीआई का पत्र भी दिखाया

**हल्द्वानी :** ठगों ने सीबीआई और आरबीआई के पत्र दिखाकर हरिहर पर अपराध में लिप्त होने की पुष्टि की। एक पत्र में लिखा था कि मुझे तत्काल अपने एसबीआई बैंक खाते से 35,565 रुपये उनके खाते में ट्रांसफर करने होंगे। इस दौरान ठगों ने उनके सभी बैंक खातों में जमा धनराशि की जानकारी ले ली।

# बैंक से लोन हो गया, व्यापारी को भनक तक नहीं लगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ पैन और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर नई तरह की ठगी

▸▸ ठगों ने सिर्फ लोन नहीं लिया बल्कि तीन नए खाते भी खोले

**अमृत विचार :** काठगोदाम में रहने वाले एक व्यापारी के नाम से तीन बैंक खाते भी खुले हैं। अब इस मामले में काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आयुष जैन पुत्र स्व.राजेंद्र कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि उसका रानीबाग नैनीताल रोड पर जैन आयरन स्टोर है और पैन कार्ड व आधार कार्ड इस्तेमाल कर उसके साथ फ्रॉड हुआ है। उनके पास दिल्ली की एक फाइनेंस कंपनी से कॉल आया। कहा, उनके नाम पर 6,59,251 रुपये का लोन है और कुछ महीनों से किस्त जमा नहीं की है। आयुष ने ऐसा कोई लोन न लेने की बात कही तो फोन करने वाले ने उन्हें लोन का लेटर भेज दिया। लोन लेटर पर उनका नाम तो था, लेकिन पता, फोन नंबर और ईमेल आईडी उनकी नहीं थी। आयुष ने जब इनकम टैक्स की वार्षिक रिपोर्ट निकाली तो पाया कि उनके नाम और पैन नंबर से तीन-तीन बैंकों में अलग-अलग सेविंग खाते खुले हुए हैं। इसमें एक खाता गुवाहाटी, असम तो दूसरा दिल्ली में है। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस से की। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## युवक ने जहर खाकर आत्महत्या की

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नशे के आदी और मानसिक रूप से परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी।

बसंतपुर किशनपुर गौलापार निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि वह यहां अपने छोटे भाई निरंजन सिंह और विमल सिंह (36 वर्ष) पुत्र नारायण सिंह के साथ रहता है। विक्रम के मुताबिक विमल नशे का लती था। इसके चलते उसे कई बार नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराना पड़ा, लेकिन उसकी लत नहीं छूटी। करीब एक हफ्ते से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। उसे डर लगता था। इसी वजह से वह दरांती लेकर चलता था। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे वह घर में बने गोदाम में गया और बुरादे में बदल चुकी सल्फास खा ली। इलाज के लिए उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# ब्रेक लगाते ही बाइक से नीचे गिरा युवक, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बच्चे को बचाने में मोटर साइकिल सवार हादसे का शिकार हो गए। अचानक ब्रेक लगाने से मोटर साइकिल अगले टायर पर खड़ी हो गई। जिससे पीछे बैठा युवक सिर के बल सड़क पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।


राकेश सरकार फाइल फोटो

संजयनगर खेड़ा रुद्रपुर निवासी राकेश सरकार (34 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सरकार रुद्रपुर में कपड़े की दुकान में काम करता था। पुलिस के मुताबिक सोमवार को राकेश अपने दोस्त धरम सरकार के साथ हल्द्वानी घूमने आया था। यहां अमृतपुर में घूमने-फिरने के बाद दोनों मोटर साइकिल से घर वापस लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे दोनों दोस्त रामपुर रोड पर जियो पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे तभी अचानक एक बच्चा मोटर साइकिल के आगे आ गया। मोटर साइकिल चला रहे धरम ने तेजी से ब्रेक लगाए तो मोटर साइकिल अगले पहिये पर खड़ी हो गई और पीछे बैठा राकेश सिर के बल सड़क पर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। आनन-फानन में उसे डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धरम के हाथ में भी चोट आई है।

किल्लत


पर्यटन सीजन और गर्मी के चलते बढ़ी पानी की मांग, पानी की कमी को देखते हुए विभाग ने रोस्टर किया जारी

# नैनी झील का जलस्तर गिरा, पानी की आपूर्ति भी घटी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जल संस्थान ने नगर में पानी की सप्लाई में पांच लाख लीटर की कटौती की है। 13 एमएलडी के बजाए अब आठ एमएलडी ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। इससे पानी की आपूर्ति के समय में करीब आधे घंटे की कमी आई है। सामान्य तौर पर नैनीताल में रोजाना दो घंटे पानी की सप्लाई की जाती है।

बढ़ती गर्मी के बीच नैनीताल में पेयजल किल्लत भी बढ़ने लगी है। पर्यटन सीजन में पानी की मांग दोगुनी हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए जल संस्थान ने आपूर्ति के समय में बदलाव किया है। अधिकारियों का दावा है कि नैनीताल में पानी की किल्लत नहीं है, पर आने वाले दिनों में रोजाना की मांग 16 एमएलडी तक पहुंच जाएगी। इसलिए अभी से पानी बचाने के लिए दैनिक सप्लाई में से पांच एमएलडी कम किया जा रहा है। जारी रोस्टर के आधार पर पानी छोड़ा जा रहा है। लोगों को पानी तो मिलेगा पर पानी की बर्बादी नहीं होगी।




**05** लाख लीटर पानी किया कम जल संस्थान ने

**13** एमएलडी के बजाए अब हो रही आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति

नैनीझील में जलस्तर घटने के बाद का दृश्य। ● अमृत विचार

### नैनी झील का जलस्तर 1.10 फीट रिकॉर्ड

बारिश न होने से नैनी झील का जलस्तर तीन वर्षों के निम्न स्तर पर पहुंच गया है। झील में डेल्टा दिखने के साथ ही पेयजल समस्या शुरू हो गई है। सोमवार को झील का स्तर एक फिट दस इंच रिकॉर्ड किया गया है। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट का कहना है कि निरंतर झील का जलस्तर कम हो रहा है। नैनीताल में पेयजल की किल्लत नहीं है पर आने वाले दिनों में मांग में उछाल आएगा। इसलिए दैनिक सप्लाई के लिए पानी की आपूर्ति में कमी की गई है।

# सोलर वाटर पंप बना शोपीस

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

**अमृत विचार :** विधायक कार्यालय से मात्र 100 मीटर से भी कम दूरी पर स्थापित सोलर वाटर पंप विभागीय काहिली एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते शोपीस बनकर रह गया है। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत लेने के लिए यहां एक बूंद पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं जानवरों के लिए बनाया गया हौज भी सूखा पड़ा है।

हल्दूचौड़ रेलवे क्रॉसिंग से पहले गन्ना सेंटर फील्ड में पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने इंडिया मार्का हैंडपंप स्थापित कराया था, जिससे काफी हद तक क्षेत्रवासियों को पानी की सुविधा मिल जाती थी। आते-जाते लोग व सड़क किनारे अस्थाई दुकान लगाकर कारोबार करने वालों को इसका फायदा मिलता रहा। धीरे-धीरे भूजल स्तर कम होने से इंडिया मार्का हैंडपंप जवाब देने लगा। वर्ष 2017 में पूर्व विधायक नवीन चंद्र दुम्का ने सामान्य इंडिया मार्का हैंडपंप को सोलर वाटर पंप में तब्दील कर दिया। जानवरों के लिए भी हौज बनवाया था लेकिन पिछले लंबे अरसे से सोलर वाटर पंप जवाब दे चुका है। यहां से वाटर सप्लाई पूरी तरह बंद है। जानवरों के लिए बनाए गए हौज में स्थानीय लोग पानी डलवा रहे हैं। समाजसेवी मोहन चंद्र दुर्गापाल का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। हेमवती नंदन दुर्गापाल ने कहा कि पूर्व में जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया था, लेकिन फिर से स्थिति जस की तस हो चुकी है। जल संस्थान के ईई नंदकिशोर का कहना है कि सोलर वाटर पंप के रखरखाव व सुधारीकरण का कार्य जल निगम को करना होगा। वहीं जल निगम के अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार ने कहा कि सोलर वाटर पंप में कोई खराबी नहीं है। बोर में दिक्कत है, वाटर लेवल कम है। यह कार्य जल संस्थान के अंतर्गत आता है।


सोलर वाटर पंप।

बनभूलपुरा प्राथमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हो रहा बेहतर कक्षाओं का संचालन, साफ-सफाई और बिजली-पानी की व्यवस्था दुरुस्त

# सरकारी विद्यालयों के लिए नजीर, अराजक तत्वों से परेशानी

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा स्थित प्राथमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 279 बच्चे, 8 शिक्षक और 1 प्रधानाध्यापिका है। वहीं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 80 बच्चे, 4 शिक्षक व 1 प्रधानाध्यापिका है। विद्यालय में कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड से बच्चों को पढ़ाया जाता है। सभी कक्षाओं में बैठने की पर्याप्त व सुविधाजनक व्यवस्था है। कक्षों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था है।

अमृत विचार की टीम ने मंगलवार को विद्यालय में पड़ताल की तो कक्षाओं के अलावा बिजली-पानी और शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त दिखी। मध्याह्न भोजन बनाने की रसोई भी साफ नजर आई। यह कहना कि बनभूलपुरा का विद्यालय सरकारी विद्यालयों के लिए एक नजीर पेश कर रहा है, कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालांकि विद्यालय बाहरी परेशानियों से घिरा हुआ है। अराजक तत्वों के विद्यालय के गेट पर गंदगी करने और वाहनों पार्क करने से विद्यालय प्रबंधन परेशान है। शिक्षकों ने बताया कि स्थानीय अराजक तत्व गेट पर कूड़ा फेंक देते हैं। साथ ही स्थानीय लोग अपने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को गेट के सामने खड़ा कर देते हैं। जिससे बच्चों के आने-जाने में दिक्कत होती है। इस संबंध में बनभूलपुरा थाने को कई बार पत्र भी लिखा गया, कार्रवाई हुई लेकिन लोगों ने फिर से वाहन खड़ा करना शुरू कर दिया। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के बावजूद विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति कम रहती है। शिक्षकों ने बताया कि अभिभावकों व बच्चों को जागरूक करने के बावजूद बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं।


विद्यालय में बच्चों को पढ़ा रही अध्यापिका व क्लास का निरीक्षण करतीं प्रधानाध्यापिका।

### नशाखोरी करने वाले बच्चों से शिक्षक परेशान

क्षेत्र का माहौल खराब होने के कारण अधिकांश बच्चे नशाखोरी में संलिप्त हैं। इससे शिक्षक परेशान हैं। आए दिन विद्यालय में बच्चे लड़ते-झगड़ते हैं। कुछ दिन पूर्व दो बच्चे आपस में लड़ गए, जिसमें एक बच्चे ने दूसरे के सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया। वहीं नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाने वाले एनजीओ नशे में संलिप्त बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाते हैं, लेकिन कई बार बच्चे फिर इसमें संलिप्त हो जाते हैं। इससे विद्यालय का माहौल खराब हो रहा है।

### पुस्तकालय की छत जर्जर, खतरा

प्राथमिक विद्यालय की छत जर्जर हो चुकी है। बरसात में छत में सीलन आती है, जिस कारण सीमेंट की पपड़ी गिरने लगती है। कई बार बच्चों पर सीमेंट की पपड़ी गिर चुकी है। प्रधानाचार्य कविता पंत ने बताया कि कई बार इसकी मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। उन्होंने बताया कि इसकी शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकता है।

> विद्यालय में शिक्षा का स्तर सुधारने और विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। गेट के बाहर गंदगी और बाहरी वाहनों की पार्किंग हटाने के साथ ही पुस्तकालय की मरम्मत करने की जरूरत है।
> – **विमला पंत**, प्रधानाध्यापिका, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनभूलपुरा

## सार-संक्षेप


सम्मान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया पुरस्कृत

**रामनगर :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विषयाध्यापक संजीव कुमार ने पुरस्कृत किया। प्रार्थना सभा में दसवीं में हिंदी विषय में 100 में से 91 प्रतिशत अंक लाने वाले विवेक फुलारा, गंगा बिष्ट, मेघा कार्की, प्रथा बिष्ट को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। हिंदी विषय अध्यापक संजीव कुमार ने घोषणा की कि भविष्य में भी जो बच्चा बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लायेगा, उसको इसी प्रकार पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान प्रधानाचार्य राम यादव, नवेंदु मठपाल, मनोज जोशी, सीपी खाती, संजीव कुमार, प्रदीप शर्मा, सुभाष गोला मौजूद रहे।


बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट।

### निकाय चुनाव के लिये भाजपा ने किया मंथन

**भवाली :** निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंगलवार को रामगढ़ रोड स्थित एक होटल में हुई। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव जीतने का संकल्प दिलाया। उन्होंने सभी सीटों के लिए तीन-तीन नाम का पैनल तैयार करने को कहा। मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वैती व विधायक सरिता आर्या ने कार्यकर्ताओं से मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में चढ़ाने व त्रुटी सही कराने को कहा। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष नीमा बिष्ट, जुगल किशोर मठपाल, प्रकाश आर्य, शिवांशु जोशी, भगवती सुयाल, वर्षा आर्य, लवेंद्र क्वीरा, पवन भाकुनी, मुकेश पलडिया, नरेश पांडे मौजूद रहे।


फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी व सीटीआर कर्मी। ● अमृत विचार

### जंगलों को आग से बचाने के लिए किया फ्लैग मार्च

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सर्पदुली रेंज के वन कर्मियों व रामनगर पुलिस ने सयुंक्त रूप से मंगलवार को फ्लैग मार्च कर लोगों को वनाग्नि के प्रति जागरूक किया। सर्पदुली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी बिन्दरपाल ने कहा कि जंगलों को आग से बचाना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। जागरूक नागरिक बनकर इस दिशा में आगे आने की जरूरत है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने कहा कि वनों में यदि कोई शरारती तत्व आग लगाते दिखाई दे तो तत्काल उसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दें। इस दौरान एसएसआई मनोज नयाल, धर्मपाल नेगी, जगदीश, चन्दन, स्वाति, विजय पाल, गोविंद, पंकज रावत मौजूद रहे।

### कॉर्बेट में वाटर होल पानी से लबालब

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन ने पार्क के अंदर वन्य जीवों के लिए बनाए गए वाटर होल पानी से लबालब भरे होने का दावा किया है। सीटीआर की मीडिया सेल ने पार्क के वाटर होल सूखे होने की खबरों को पूरी तरह से नकारा है। प्रशासन ने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज के अंतर्गत गर्जिया पर्यटन जोन के समस्त वाटर होलों में वर्तमान में वन्यजीवों के लिए पेयजल आपूर्ति सुचारू है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सभी वाटर होल पानी से नियमित भरे जा रहे हैं। वन्यजीवों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु वाटर होल बनाये जाते हैं, जिनमें टैंकरों, प्राकृतिक जल स्रोतों तथा पाइप लाइन से जलापूर्ति की जाती है।


आंबेडकर पार्क में बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भगोड़ों को पार्टी में वापस न लेने का निर्णय

**लालकुआं :** नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव में हुए मतदान को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही भगोड़ों को पार्टी में वापस न लेने का निर्णय लिया गया। अंबेडकर पार्क में संम्पन्न बैठक में भविष्य में बूथ कमेटियों को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान के अनुरूप टिकट वितरण किया जाएगा। बैठक का संचालन नगर महामंत्री माजिद अली ने किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, वरिष्ठ कांग्रेसी हरेंद्र बोरा, राजेंद्र खनवाल, रामबाबू मिश्रा, भुवन पाण्डेय, खीमानंद दुम्का, माया देवी, पूरन समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सक और नर्सेज स्टाफ की कमी से जूझ रहा महिला अस्पताल

## चार स्त्री रोग विशेषज्ञ और 13 नर्सेज के सहारे चल रहा अस्पताल, मरीज होते हैं परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय महिला अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सेज स्टाफ की उपलब्धता स्वीकृत पदों से कम है। करीब आधे चिकित्सक और नर्सेज स्टाफ के सहारे अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार किया जा रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण अस्पताल में मानव संसाधन कम होने की वजह से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

राजकीय महिला अस्पताल में वर्तमान में करीब आठ चिकित्सक कार्यरत हैं। इनमें चार स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) और चार मेडिकल ऑफिसर हैं। अस्पताल में चिकित्सकों के कुल स्वीकृत पदों की अपेक्षा आधे चिकित्सक ही उपलब्ध हैं। इनमें भी एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को अन्य सरकारी अस्पताल से महिला अस्पताल में अटैच किया गया है। अस्पताल में कार्यरत एक स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्वास्थ्य भी खराब चल रहा है। वह जल्द ही अवकाश पर जाने वाली हैं। इसके बाद अस्पताल में तीन ही स्त्री रोग विशेषज्ञ रह जाएंगी। इससे पूर्व अस्पताल में छह मेडिकल ऑफिसर तैनात थीं, लेकिन इनमें दो महिला चिकित्सक एमडी की पढ़ाई करने चली गईं। वहीं महिला अस्पताल में नर्सेज स्टाफ के 30 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 13 नर्सेज ही अस्पताल को मिली हैं, 17 पद अब भी खाली हैं।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार अस्पताल में प्रसवों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही स्त्री रोगों के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। ओपीडी में भी चिकित्सक का रहना जरूरी है। इमरेंसी वार्ड में भी चिकित्सक की ड्यूटी लगानी पड़ती है। साथ ही महिलाओं का प्रसव भी कराना होता है। कम मानव संसाधन की वजह से मरीज भी परेशान रहते हैं।



> अस्पताल में मौजूद चिकित्सक और नर्सेज स्टाफ से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया जाता है। स्टाफ की कमी काफी समय से बनी हुई है।
> – **डॉ. उषा जंगपांगी**, सीएमएस, राजकीय महिला अस्पताल हल्द्वानी



### हर माह होते हैं औसतन 400 प्रसव

**हल्द्वानी :** महिला अस्पताल में एक वर्ष में 4500 से 5000 प्रसव होते हैं। साथ ही हर माह करीब सात हजार मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। अस्पताल में कुल बेडों की संख्या 76 है। इस समय भी अस्पताल में 50 से ज्यादा महिलाएं भर्ती हैं।

### पहाड़ से भी आती हैं महिलाएं

**हल्द्वानी :** यहां पहाड़ से आने वाली महिलाओं के भी प्रसव होते हैं। कई बार पहाड़ से गर्भवती महिलाओं को रेफर करके महिला अस्पताल में भेजा जाता है। यहां हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं इलाज कराने आती हैं।

## खैर के गिल्टों से भरा ट्रक पकड़ा

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर की बरहैनी रेंज की टीम ने सोमवार की रात खैर की लकड़ी से भरा दस टायरा ट्रक पकड़ा। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार असगोला ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि बोर नदी की ओर से एक ट्रक बरहैनी की ओर जा रहा है। वन कर्मियों ने बरहैनी वन बैरियर पर वाहन की घेराबंदी शुरू कर दी। लकड़ी तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक छोड़कर भाग गये।

बताया कि ट्रक से खैर की लकड़ी के 133 नग बरामद हुए हैं, जिन्हें ट्रक सहित जब्त कर रेंज कार्यालय लाया गया है। जिसमें 28 नग वन निगम की छपाई के भी मौजूद थे। वाहन के आधार पर वन तस्करों को चिन्हित किया जा रहा है। लकड़ी की कीमत 3 लाख आंकी गई है। वहीं अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


आपदा प्रबंधन की जानकारी देते अग्निशमन के लोग। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने आपदा प्रबंधन के सीखे गुर

**रामनगर, अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ एवं कॅरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने किया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मुख्य वक्ता मास्टर ट्रेनर नवीन चन्द्र ने छात्र-छात्राओं को आपदा, आपदा न्यूनीकरण एवं भूकम्प के समय क्या करें-क्या न करें के विषय में बताया। एसडीआरएफ से उपनिरीक्षक मनोज सिंह रावत ने आपदा बचाव के विभिन्न उपकरणों की जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी उमेश चन्द्र परगांई एवं उपनिरीक्षक जेएस राणा ने अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन एवं फायर ब्रिगेड ने अग्निशमन का डेमो देकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. अलका राजौरिया, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डीएन जोशी, एसडीआरएफ से महेंद्र भंडारी, चन्दन रौतेला मौजूद रहे।

## प्रत्येक वार्ड में हो मतदाता सूची देखने की व्यवस्था

**रामनगर, अमृत विचार :** निवर्तमान सभासद भुवन सिंह डंगवाल ने एसडीएम से अनुरोध किया है कि निकाय चुनाव की मतदाता सूची में नाम घटाने, बढ़ाने आदि की व्यवस्था नगर के प्रत्येक वार्ड में की जानी चाहिए।

डंगवाल ने कहा कि यद्यपि मतदाता सूची के निरीक्षण की व्यवस्था नगर पालिका सभागार की गई है। मगर यदि यह व्यवस्था प्रत्येक वार्ड में हो जाए तो वोटर लिस्ट में अधिक नाम जुड़ सकते है। उन्होंने एसडीएम राहुल शाह से वार्ता कर इस सुविधा को प्रत्येक वार्ड में कराने की मांग की। जिससे वार्ड में ज्यादा से ज्यादा वोटर निकाय लिस्ट में जोड़े जा सके। एसडीएम राहुल शाह ने इस पर जल्द कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# सिलेंडर फटने से शादी का सामान हुआ राख

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रसोई में सिरेंडर का पाइप फटने से सिलेंडर में आग लग गई। जिससे तीन दिन बाद होने जा रहे विवाह के लिए रखा राशन, नगदी और अन्य सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ।

थारी ग्राम स्थित बंगाली कॉलोनी में सुनील हलधर का परिवार रहता है। नौ मई को उनके पुत्र विजय हलधर की बारात रुद्रपुर जानी है। मंगलवार की दोपहर तीन बजे घर की रसोई में मेहमानों के लिए भोजन बन रहा था। तभी अचानक सिलेंडर का पाइप फटने से सिलेंडर में आग लग गई। गांव के युवकों ने जान जोखिम में डालकर तुरंत जलते सिलेंडरों को घर से बाहर निकाला। घर में तीन अन्य सिलेंडर भी रखे हुए थे। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि एक युवक आंशिक रूप से झुलस गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि आग से घर के सारे बर्तन, फ्रिज, सारा राशन व एक डायरी में रखे लगभग तीस हजार रुपये जलकर राख गए।


किचन में जला सामान ओर फ्रिज।









## सार-संक्षेप

### अनुबंधित बसों के चालकों का रोडवेज के पास रिकॉर्ड नहीं

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल मंडरा रहा है। हालत यह है कि अनुबंधित बसें चला रहे चालकों के कोई दस्तावेज परिवहन निगम के पास नहीं हैं। बीते दिनों दिल्ली से लौट रही बस के रुद्रपुर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अनुबंधित बस संचालन पर सवाल उठ रहे हैं। हल्द्वानी स्टेशन प्रभारी ने अनुबंधित बस के चालक की जानकारी जुटाई तो मालूम पड़ा कि जिस चालक को भेजने की जानकारी निगम को दी गई थी, बस में उसके बजाय कोई और ही चालक मिला। हल्द्वानी स्टेशन प्रभारी ने चालकों को जांच के बाद ही मार्ग पर भेजने के आदेश दिये हैं।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने की स्थाई सदस्यों की घोषणा

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने 99 प्रदेश स्थाई सदस्य बनाए हैं। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने मंगलवार को 99 प्रदेश स्थाई सदस्यों की घोषणा की। जिनमें अनिल खंडेलवाल, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, एनबी गुणवंत, जगमोहन चिलवाल, अशोक मोंगिया, चंद्रशेखर कुंवर, विपिन कांडपाल, डॉ. बालम सिंह बिष्ट, प्रकाश पांडे, मुकेश देवल, पृथ्वी पाल सिंह रावत, मयंक जोशी, श्याम सिंह नेगी, गौतम अरोरा, सुनील चौधरी, अजय कृष्ण गोयल, मनोज खुल्बे, दीपक रौतेला, घनश्याम वर्मा, विनोद बधानी, विक्की योगी, आनंद सिंह दरम्वाल, बृज मोहन सिजवाली, अनिल डब्बू, बीना कुंवर आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### पुलिस चौकी के पास से तीन वाहन चोरी

**हल्द्वानी :** राजपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में चौकी से सौ मीटर की दूरी पर तीन वाहन चोरी कर लिये। मोटर साइकिल चोरी करने वाले शातिर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। फुटेज में सोमवार की रात एक मोटर साइकिल पर सवार तीन युवक राजपुरा में घुसते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में दिख रहा है कि मोटर साइकिल में पीछे बैठा युवक एक-एक कर लोगों के घरों के बाहर खड़ी मोटर साइकिलों पर चाबी लगा कर ताला खोलने की कोशिश कर रहे हैं। इसी दौरान शातिर तीन मोटर साइकिलों का ताला खोलने में कामयाब हो जाते हैं। चौकी प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि तीनों चोरों की शिनाख्त कर उनकी तलाश की जा रही है।



स्वर्ण पदक के साथ कराटे प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### कराटे प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी :** 21वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 14 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते हैं। कराटे एसोसिएशन के तकनीकी निदेशक व नेशनल रेफरी विरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि सीनियर वर्ग में चेतन भट्ट, प्रियांशु बोरा, पायल मेहता ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। वहीं तारा बिष्ट व निकिता यादव रजत पदक जीतने में सफल रहीं। जबकि प्रतिभा परिहार एवं अतुल थापा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। जूनियर वर्ग में कनिका जोशी, फरिन शैफि, हर्षित जोशी, साक्षी जोशी, जान्वी जोशी, हर्षिता पांडेय , बरखा लोहनी, जोरावर सिंह बगड़वाल, विशाल सिंह ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीक्षा जोशी, नीरज भट्ट और विहान जोशी ने रजत पदक, जबकि आयुष रावत ने कांस्य पदक जीता।

### एनएसएस की बी और सी प्रमाणपत्र परीक्षा संपन्न

**रामनगर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने बताया कि उत्तराखंड बोर्ड की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना 'बी' और 'सी' प्रमाणपत्र परीक्षा मंगलवार को प्रदेश के 166 परीक्षा केन्द्रों पर हुई। इसमें 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में 21944 और 'सी प्रमाणपत्र परीक्षा में 4330 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसके सापेक्ष 'बी' प्रमाणपत्र परीक्षा में 18116 और 'सी' प्रमाणपत्र परीक्षा में 3152 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

### हाईवे पर पेड़ गिरा यातायात बाधित

**रामनगर :** काशीपुर हाईवे पर टांडा में मारुति शोरूम के पास मंगलवार को एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इससे कुछ समय यातायात प्रभावित रहा। फायर स्टेशन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई ने बताया कि रामनगर फायर रेस्क्यू टीम घटना स्थल पर पहुंची। दो वुड कटरों की सहायता से पेड़ को काट कर यातायात को सुचारू किया गया। टीम में सुशील कुमार, रमेश बंगारी, शंभू गिरी, राजेश कुमार, पुष्कर शामिल रहे।

### 24 से 31 मई तक कॉलेज से बाहर होंगी परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में जिला निर्वाचन केंद्र बनाया गया है। ऐसे में 24 से 31 मई तक होने वाली परीक्षाएं कॉलेज से बाहर कराने की योजना बनाई जा रही है। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि 24 से 31 मई के दौरान होने वाली परीक्षाएं कॉलेज से बाहर कराई जाएंगी। इधर, सेमेस्टर परीक्षाओं के दूसरे दिन सुबह के सत्र में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की अंग्रेजी साहित्य व संस्कृत साहित्य की परीक्षा हुई। अंग्रेजी साहित्य में 1028 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 57 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। बीए द्वितीय सेमेस्टर में संस्कृत साहित्य में 53 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 6 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी।

### मंडी पुलिस चौकी प्रभारी का हाथ तोड़ने वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** मंडी पुलिस चौकी प्रभारी विजय मेहता का हाथ तोड़ने वाले स्कूटी चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी ने तहरीर में लिखा कि सोमवार की शाम वह चौकी के बाहर मंडी गेट पर वाहनों की चेकिंग कर रहा थे। तभी होंडा शोरूम बरेली रोड की ओर से आए सफेद रंग की स्कूटी नंबर यूके 04 एस 6167 के चालक को रुकने के लिए कहा गया। वाहन चालक ने रुकने के बजाय अचानक स्कूटी तेज गति से भगा दी और उन्हें टक्कर मार कर घायल कर दिया।

### मालधन चिकित्सालय में सुविधाएं देने की मांग

**रामनगर :** मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं को लेकर महिला एकता मंच ने पुन: आंदोलन का ऐलान किया है। भगवती देवी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खून-पेशाब आदि की जांच प्रारंभ कर दी गई है, लेकिन अभी भी महिलाओं को प्रसव के लिए बाहर रेफर किया जाता है। अस्पताल में इमरजेंसी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। निर्णय लिया कि 10 मई को मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से शासन-प्रशासन को मांग पत्र प्रेषित किया जायेगा।

# वार्ड 57: कहीं विकास तो कहीं अब भी सुविधाओं की दरकार

**तल्ली हल्द्वानी का हाल:-** कहीं स्ट्रीट लाइट न होने तो कहीं सिंचाई गूल के कूड़े से परेशान हैं लोग

**मुख्य कॉलोनियां :-** मुख्य कॉलोनियां- मयूर विहार, सरस्वती विहार, अलकनंदा कॉलोनी, मोरारजी नगर, कृष्णा कॉलोनी, फ्रेंड कॉलोनी आदि।

**जनसंख्या: 05 हजार करीब | मतदाता: 03 हजार करीब**

वार्ड परिक्रमा

संवाददाता, हल्द्वानी




वार्ड 57 से गुजरने वाली सिंचाई गूल नालों में हुई तब्दील, लंबे समय से पक्के निर्माण के इंतजार में सड़क, खाली प्लॉटों में जमा कचरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तल्ली हल्द्वानी के वार्ड 57 में कुछ सुधार हुआ है, मगर समस्याओं का अंबार अब भी है। वार्ड में अभी तक 400 स्ट्रीट लाइटें लग चुकी हैं। बावजूद कई जगहों में अब भी अंधेरा छाया हुआ है। वार्ड में सिंचाई गूल से आने वाले कूड़े से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोग पार्षद के काम से भी ज्यादा खुश नहीं हैं।

वार्ड 57 के कुछ क्षेत्रों में कई जगहों पर सड़कें टूटी फूटी हैं। गल्ला मंडी के पास की सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। ओक वुड टॉवर वाली सड़क का शिलान्यास हो चुका है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वार्ड 57 व 58 को जोड़ने वाले चौक के पास खाली प्लाट में गंदगी बिखरी हुई है। नवीन सब्जी मंडी से वार्ड की ओर आने वाली सिंचाई गूल अक्सर कूड़े से पटी रहती है। लोगों ने बताया कि इस सिंचाई गूल में सब्जी मंडी का कूड़ा बहकर आता है, लेकिन मंडी परिषद इसकी सफाई नहीं करवाता है। क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी की कई गलियों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। लोग पार्षद के काम से भी खुश नहीं हैं। वार्ड में ज्यादातर लोग शिक्षित और अपने अधिकारों के प्रति सचेत हैं, लेकिन उनकी यह शिकायत है कि पार्षद सहज उपलब्ध नहीं रहते हैं। लोगों ने बताया कि कई कॉलोनियों में पेयजल की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन विश्व बैंक की पेयजल परियोजना से जुड़ने के बाद स्थिति में सुधार हुआ है। सीवर लाइन के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवर्तमान पार्षद दिनेश बिष्ट बताते हैं कि सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट में काम किया गया है।

## लोगों से बातचीत


पहले कॉलोनी में अंधेरा रहता था। कुछ माह पहले स्ट्रीट लाइटें लगने से काफी सुविधा हुई है। पुरानी पेयजल लाइन का दुरूपयोग किया गया है।
**- निर्मला नेगी**


अलकनंदा कॉलोनी फेज एक में कई जगहों पर सड़कें खराब हैं। नालियों की निकासी भी बंद है। स्ट्रीट लाइट लगने से रात में आने-जाने में सुविधा हो रही है।
**- जगदीश बिनवाल**


ग्रामीण की बजाए नगर निगम में शामिल होने से लाभ मिला है। स्ट्रीट लाइट लग गई हैं। सड़कें ठीक हुई हैं और पेयजल की सुविधा भी सही हुई है।
**- रुकमणी बिष्ट**


नगर निगम में शामिल होने का लाभ मिला है। क्षेत्र में विकास हुआ है, लेकिन छोटे-छोटे काम के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।
**- गोपाल रावत**


पेयजल की व्यवस्था सही हुई है और स्ट्रीट लाइट लगी हैं। कई सालों से रामपुर रोड में नाली बंद थी, उसे चालू किया गया है। साफ-सफाई हो रही है।
**- मोहन सिंह गौनिया**


पेयजल की व्यवस्था में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है। नगर निगम की गाड़ी कूड़ा उठाने प्रतिदिन आती है। स्ट्रीट लाइट भी हाल में लगी हैं।
**- दीपक कुमार**

# एनडीआरएफ के यूनिट भवन का निर्माण जल्द

- डीजी पीयूष आनंद ने किया भूमि का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के यूनिट भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है।

जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। एनडीआरएफ के डीजी पीयूष आनंद मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे और उन्होंने भूमि का निरीक्षण किया। यूनिट भवन बनने के लिए एनडीआरएफ को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पास तीनपानी तल्ली हल्द्वानी में 23.57 हेक्टेयर भूमि मिली है। मंगलवार को डीजी पीयूष आनंद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे रुद्रपुर पहुंचे थे। हल्द्वानी में उन्होंने भूमि का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से भूमि के किस हिस्से पर क्या बनाया जाएगा इस पर चर्चा की। बताया कि यहां यूनिट की स्थापना से बारिश, भूस्खलन और वनाग्नि के समय टीम कम से कम समय में मौके पर पहुंच सकेगी। इस दौरान इंस्पेक्टर अमीर चंद, अमृत लाल मीणाआदिमौजूदरहे। इसके बाद वह नैनीताल चले गए। जहां अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की और वनाग्नि को लेकर सर्तक रहने के निर्देश दिए। साथ ही कहा, जून में मानसून आ जाएगा। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# यूओयू में महिला अध्ययन केंद्र खुला

- महिलाओं के मौलिक अधिकारों से जुड़े होंगे पाठ्यक्रम
- फ्रंटलाइन सपने और संघर्ष पुस्तक का हुआ विमोचन

संवाददाता, हल्द्वानी


फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलपति ओपीएस नेगी व अन्य।

**अमृत विचार :** 21वीं सदी महिलाओं की सदी है। अपने दम पर महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। समाज व परिवार का सहयोग मिलने पर वह राष्ट्र के चहुमुंखी विकास में अपना योगदान दे सकती हैं। शिक्षण संस्थाओं को उन्हें फ्रंटलाइन में रखना होगा।

यह बात मंगलवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में लेखिका ललिता कापड़ी ने अपनी पुस्तक फ्रंटलाइन सपने और संघर्ष के विमोचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पुस्तक में 51 महिलाओं के संघर्ष की कहानी है जो अन्य महिलाओं को एक रास्ता दिखाने का काम करेंगी। इस दौरान उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र का उद्घाटन भी हुआ। पुस्तक के प्रकाशक अविचल प्रकाशन के गजेंद्र बटोही ने कहा कि इस पुस्तक का मूल्यांकन आने वाला समाज करेगा। सोशल वर्क में असिस्टेंट प्रो. डॉ. नीरजा सिंह ने कहा कि महिला अध्ययन केंद्रों की शुरुआत भारत में 1986 से हो गयी थी, लेकिन इसे अपने विश्वविद्यालयों में खोलने में लगभग 40 साल लग गए। महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश ने कहा कि महिला अध्ययन केंद्र महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक पहलुओं व अभिव्यक्ति के विकास के लिए कार्य करेगा।

महिला अध्ययन केंद्र के सह संयोजक व पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रो. डॉ. राकेश चंद्र रयाल ने कहा कि केंद्र में महिलाओं के मौलिक व संवैधानिक अधिकारों से जुडे. पाठ्यक्रम होंगे। इस मौके पर डॉ. मंजरी अग्रवाल, डॉ. डिगर सिंह फर्सवाण, गोपाल सिंह गौनिया, डॉ. शालिनी चौधरी, डॉ. नागेंद्र गंगोला, नमिता वर्मा, डॉ. नीरज जोशी, डॉ. शशांक शुक्ला, डॉ. दीपा गोबाड़ी, डॉ. शशि जोशी, प्रो. पीडी पंत, शांति जीना आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता व काव्य वाचन ने मोहा मन

- धूमधाम से मनाया क्वींस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय का स्थापना दिवस

संवाददाता, हल्द्वानी


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देने वाले बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन।

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित क्वींस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय का स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र रचित ने कृष्णा, विशाल ने गीता ज्ञान और टीना ने राम पर काव्य वाचन किया। जिससे सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर विद्यालय के चारों सदनों के बीच नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें पाटलिपुत्र और नालंदा सदन प्रथम, मगध और कलिंगा सदन दूसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह ने संस्थापक होलकर को याद करते हुए विद्यालय के प्रारंभिक दिनों से लेकर वर्तमान की सभी यादों को ताजा कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधिका लिल्ली सिंह, प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह कार्की व स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य डॉ. बीबी पांडे ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री दिनेश आर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर, वरिष्ठ नेता हरीश पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी की प्रवक्ता कुसुम रौतेला, पलक, महेनूर और अदिति ने किया। अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों को प्रसाद रूपी भोज कराया गया।

## नैनीताल रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**हल्द्वानी :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर शीशमहल क्षेत्र में नैनीताल रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नैनीताल रोड पर वाहनों की आवाजाही बढ़ रही है। साथ ही वाहनों की गति तेज होने की वजह से शीशमहल क्षेत्र में जानलेवा सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। उन्होंने शीशमहल चौराहा, टेढ़ी पुलिया, सेंट थेरेसा स्कूल, सेंट पॉल स्कूल आदि के सामने रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की, जिससे वाहनों की गति नियंत्रित रहे। ज्ञापन देने वालों में आरती बिष्ट, एलडी तिवारी, राजेंद्र सिंह, हेमंत साहू, नंदी देवी, सचिन राठौर, राजेश बिष्ट शामिल रहे।

# नगर निगम के 278 बूथों का सत्यापन कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रशासन ने नगर निगम चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम के दायरे में आने वाले सभी 60 वार्डों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। इस सत्यापन में मतदान के लिए बुनियादी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जिन बूथों पर बुनियादी व्यवस्थाएं नहीं होंगी, उन बूथों को निजी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा।

नगर निगम के चुनाव का बिगुल कभी भी बज सकता है। इसको लेकर नगर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम का दायरा रानीबाग-काठगोदाम से कठघरिया तक फैला हुआ है। नगर निगम में 1,18,577 पुरुष, 1,15,278 महिला और 15 अन्य मतदाता हैं। 60 वार्डों वाले नगर निगम में 84 मतदान केंद्र और 278 बूथ हैं। इधर, प्रशासन ने नगर निगम के बूथों का सत्यापन शुरू कर दिया है।

बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, शेड्स आदि वगैरह इंतजाम देखे जा रहे हैं। जिन बूथों पर ये सभी सुविधाएं नहीं होंगी उन बूथों को शिफ्ट किया जा सकता है। सहायक निर्वाचन अधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि बूथों का भौतिक सत्यापन हो रहा है, यह सत्यापन पिछले सप्ताह से शुरू हुआ, इस गुरुवार तक होगा। जहां बुनियादी सुविधाएं नहीं होंगी वहां बूथों का निजी स्कूलों में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मतदान केंद्र जहां बूथों की संख्या अधिक है उन्हें भी शिफ्ट किया जाएगा।

# 16 मई से शुरू होगी जगदीशिला डोली यात्रा

- इस बार रजत जयंती वर्ष पर होंगे 11 सूत्रीय कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी


बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली रथ यात्रा की सूची जारी करते आयोजक मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली रथ यात्रा पूरे प्रदेश में एक माह तक निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत 16 मई को टिहरी जिले के ढुंग से शुरू होगी। जिसके बाद यात्रा पूरे प्रदेश का भ्रमण कर गंगा दशहरे के दिन 16 जून को वापस वहीं पहुंचेगी।

मंगलवार को भोलानाथ गार्डन स्थित सत्यनारायण मंदिर में यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री प्रसाद नैथानी ने बैठक की। उन्होंने बताया कि इस बार रजत जयंती वर्ष पर 11 सूत्रीय कार्यक्रम किए गए हैं। पूरे साल राज्य में शिक्षा, कृषि, बागवानी को एजेंडा बना कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नैथानी ने बताया कि विश्व शांति और देव संस्कृति के संरक्षण के लिए पिछले 24 सालों से यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा गढ़वाल और कुमाऊं के प्रमुख देवालयों से होकर गुजरेगी। अंतिम दिन 16 जून को राज्य के सभी जनपदों में गाय के पूजन के बाद प्रदेश की जमीनों को बचाने का संकल्प लिया जाएगा। 22 मार्च 2025 तक अलग-अलग जगहों पर रक्तदान शिविर, 325 देवालयों में विश्व शांति और शहीदों की याद में यज्ञ, शिक्षक दिवस पर शिक्षकों की दशा और दिशा पर विचार गोष्ठी, बंजर पडे.खेतों को बचाने के लिए जड़ी-बूटी उत्पादन और फल उत्पादन पर विचार गोष्ठी होगी। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, हुकुम सिंह कुंवर, ललित फर्सवाण, डॉ. केदार पलडिया, लक्ष्मण सिंह लमगडिया, संजय किरौला, संध्या डालाकोटी, जगमोहन चिलवाल, खजान पांडे, योगेश कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## दो स्थानों पर हुई वनाग्नि की घटनाएं टीम ने पाया काबू

**हल्द्वानी :** जिले में मंगलवार को दो स्थानों पर वनाग्नि की घटनाएं सामने आईं। कालाढूंगी रेंज में सुबह 6 बजे वनाग्नि की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तेज हवा व पहाड़ी क्षेत्र होने के चलते वन विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। वहीं नैनीताल वन प्रभाग के कोसी वन इलाके में कर्मचारियों व फायर वाचरों ने आग को काबू किया। वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है।

# बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए भेजी डीपीआर

- बिंदुखत्ता के इंदिरानगर में बाढ़ सुरक्षा योजना से होना है कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून सत्र में अभी डेढ़ माह से अधिक का समय है, लेकिन बाढ़ सुरक्षा की तैयारी के लिए सिंचाई विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। गौला नदी के तटीय इलाके में स्थित इंदिरानगर (बिंदुखत्ता) में बाढ़ सुरक्षा योजना के तहत 8.20 करोड़ रुपये लागत से काम होना है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने स्थलीय सर्वे के बाद डीपीआर को संसोधित कर शासन में प्रस्ताव भेज दिया है।

दिसंबर 2023 को सिंचाई भवन देहरादून में टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें सिंचाई विभाग ने कमेटी के सामने योजनाओं की तकनीकी मूल्यांकन के लिए प्रस्ताव रखा था। इसके बाद कमेटी ने कई योजनाओं को तकनीकी स्वीकृति दी थी।

इसमें से अधिकांश कार्य बाढ़ सुरक्षा योजना के अंतर्गत थे। इसी क्रम में गौला नदी के तट पर स्थित इंदिरानगर (बिंदुखत्ता) के लिए बाढ़ सुरक्षा योजना के तहत 8.20 करोड़ रुपये से काम होना है। देहरादून से आई टीम के स्थलीय निरीक्षण करने के बाद सिंचाई विभाग ने शासन को संसोधित डीपीआर भेज दी है। इसमें 700 मीटर की दूरी तक गौला नदी के किनारे इंदिरानगर (बिंदुखत्ता) आबादी वाले क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षित करने के लिए काम किया जाना है। सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि इंदिरानगर के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्य के तहत शासन में संसोधित प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

### नंधौर नदी के तटीय गांवों में रुका काम

**हल्द्वानी :** नंधौर नदी पर स्थित चोरगलिया क्षेत्र के दुबैलभीड़ा और विभिन्न गांवों में बाढ़ सुरक्षा योजना के तहत 9 .92 करोड़ रुपये से काम होना था। लेकिन वन विभाग का क्षेत्र होने के कारण कार्य रूक गया है। अधिकारियों के मुताबिक वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद ही कार्य शुरू हो पायेगा।

## सार-संक्षेप



खटीमा के हल्दी में ग्रामीणों को आवासीय पट्टा देकर कब्जा दिलाते एसडीएम बिष्ट।

### 47 भूमिहीन परिवारों को आवासीय पट्टे और कब्जा दिया

**खटीमा :** उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हल्दी में मौके पर पहुंचकर 47 भूमिहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय पट्टे देते हुए कब्जा दिलाया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रत्येक भूमिहीन परिवार को आवास बनाने के लिए 900 वर्ग फीट जमीन का पट्टा देते हुए कब्जा दिलाया गया। एसडीएम बिष्ट ने बताया कि भूमिहीन परिवारों को पूर्व में ही आवासीय पट्टे की स्वीकृति कर दी गई थी। आज मौके पर पहुंचकर 47 लोगों को कब्जा दिलाया गया। उन्होंने कहा कि इन सभी परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास बनाने हेतु आर्थिक मदद की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार हिमांशु जोशी, खंड विकास अधिकारी केशर सिंह बिष्ट, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप आर्या, लेखपाल नवनीत सिंह आदि मौजूद रहे।



पुरस्कार के साथ स्कूल की वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी व अन्य। ● अमृत विचार

### लिटिल किंगडम को बेस्ट प्री स्कूल ऑफ द इयर अवार्ड

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर लिटिल किंगडम प्रीप्रेट्री स्कूल को इंडियन स्कूल अवार्ड की ओर से मुंबई में आयोजित समारोह में बेस्ट प्री स्कूल ऑफ द इयर अवार्ड से नवाजा गया है। मंगलवार को स्कूल की वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ने बताया कि स्कूल पिछले कई वर्षों से विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उन्होंने बताया कि स्कूल की ओर से प्रतिनिधि अनुषा सुभरामनियन ने समारोह में शामिल हुईं व पुरस्कार प्राप्त किया।



खटीमा में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### आप पूरे दमखम से लड़ेगी निकाय चुनाव : कलेर

**खटीमा :** आम आदमी पार्टी प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने को लेकर लगातार जनसंपर्क और सदस्यता अभियान चला रही है। इसी क्रम में मंगलवार को यहां भी पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर कई लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। आम आदमी के प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर के यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष कलेर ने कहा कि पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और पार्टी आने वाले नगर पालिका के चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह, अमन अरोरा, नंदन सिंह, रघुवीर सिंह राणा, शानू सिद्दीकी, विनीत शर्मा, अजीम राजा, प्रियंका विश्वास, सुखदेव सिंह, बबलू कॉलोनी, फरीद मंसूरी, गुड्डू सिद्दीकी मौजूद रहे।



चैंपियन पटेल भवन टीम के साथ डॉ. जीएस बोहरा। ● अमृत विचार

### वॉलीबाल में पटेल भवन बना चैंपियन

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 की अंर्तछात्रावास वॉलीबाल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन पहली से छह मई तक स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। इसमें आठ छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमीफाइनल मैच में पटेल भवन ने शिवालिक भवन और सिल्वर जुबली भवन ने पंत भवन को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच छह मई को पटेल भवन और सिल्वर जुबली भवन के बीच खेला गया। जिसमें पटेल भवन ने सिल्वर जुबली भवन को 25-18, 25-18, 25-22 से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। पटेल भवन के आशीष कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।



कार्यशाला के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

### सूक्ष्म प्रवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग में तीन से सात मई तक औषधीय पौधों के सूक्ष्म प्रवर्धन और मेटाबोलाइट प्रोफाइलिंग के लिए इन विट्रो दृष्टिकोण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसका शुभारंभ डॉ. संदीप अरोड़ा, संचालन डॉ. प्रीति चतुर्वेदी और संयोजन डॉ. डीएस रावत ने किया। इनविट्रो पादप संवर्धन तकनीकी और अन्य विषयों पर डॉ. प्रमोद सांबले, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. वंदना कुमार व डॉ. रविंद्र कुमार ने विभिन्न व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में उत्तराखंड और निकटवर्ती राज्यों से 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

### दो पक्षों में मारपीट, तीन लोग घायल

**बाजपुर :** आपसी बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी व गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में एक पक्ष के तीन महिला-पुरुषों के चोटें आई हैं। वहीं पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बन्नाखेड़ा भूड़ी तिराहा निवासी लक्ष्मण सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही एक परिवार के छह-सात महिला-पुरुष एकराय होकर हाथों में लाठी-डंडे व लोहे के पाइप लहराते हुए सोमवार की देर शाम करीब 6 बजे उसके घर पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए मां विद्या, पत्नी सविता पर हमलावर हो गए तथा उन्हें खींचते हुए बाहर निकाल लिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर जब वह बाहर आया तो हमलावरों ने उसके ऊपर भी जानलेवा हमला कर दिया। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने उसकी मां व पत्नी के साथ अभद्रता एवं बदसलूकी भी की। शोर-शराबा होने पर लोगों ने किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया।

# गन्ने की प्रजाति सीओ 118 को दे रहे बढ़ावा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिले में गन्ने की प्रजाति 0238 में लाल सड़न रोग यानी रेड रॉट नाम की बीमारी के चलते गन्ना विकास विभाग किसानों को सीओ 118 प्रजाति का गन्ना लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। ताकि गन्ने की इस प्रजाति को धीरे-धीरे कम किया जा सके।

ऊधमसिंह नगर में 24077.590 हेक्टेयर में किसान गन्ने का उत्पादन करता है। वर्ष 2016-17 से पहले जनपद में गन्ने की प्रजाति 0238 का उत्पादन 97 फीसदी तक हो रहा था। इस दौरान उत्तर प्रदेश में रेड रॉट बीमारी गन्नों में देखी गयी। उत्तराखंड के नादेही में भी इस प्रकार की बीमारी देखने को मिली थी। इसके बाद से इस प्रजाति के गन्ने का उत्पादन कम से कम करने के लिए किसानों को जागरूक किया जाने लगा।

गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार किसानों को 0238 गन्ने की प्रजाति के उत्पादन के स्थान पर सीओ 118, 185, 13235 और 12201 प्रजाति का गन्ना लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार रेड रॉट बीमारी को देखते हुए आने वाले दिनों में जनपद में इस प्रजाति के गन्ने का उत्पादन बंद कर दिया जाएगा। ताकि किसानों को कम से कम आर्थिक नुकसान हो।

**योजना**

- गन्ने की प्रजाति 0238 को धीरे-धीरे किया जा रहा कम
- गन्ना विभाग किसानों से मिश्रित गन्ना लगाने की कर रहा अपील



गन्ने की प्रजाति 0238 में रेड रॉट की बीमारी को देखते हुए किसानों को गन्ने की प्रजाति सीओ 118 समेत अन्य प्रजाति का गन्ना लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ताकि किसानों को इस प्रजाति का गन्ना लगाने से नुकसान न झेलना पड़े।
**-कपिल मोहन**, सहायक गन्ना आयुक्त, ऊधमसिंह नगर

## 70 से 80 दिनों में तैयार होने वाली फसल की पैदावार 30 से 35 क्विंटल प्रति एकड़

# तराई की मुख्य फसल बनी बेमौसमी धान



दिनेशपुर में बेमौसमी धान की रोपाई करते मजदूर। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** बेमौसमी धान की फसल तराई में मुख्य फसलों की तरह की जा रही है। बेमौसमी धान की फसल 70 से 80 दिनों में तैयार होकर कम लागत में 30 से 35 क्विंटल प्रति एकड़ पैदावार होती है। तराई के राइस मिलों में जिसकी अधिक खपत होने से किसानों को अन्य फसलों की अपेक्षा अधिक लाभ मिलता है।

ऊधमसिंह नगर जिले में कुछ साल पहले दिनेशपुर के बंगाली समाज के किसानों ने सबसे पहले गर्मी में बेमौसमी धान की खेती शुरू की थी। जिले के सभी क्षेत्रों में बेमौसमी धान की खेती की जा रही है। तराई के किसानों को अन्य फसलों में अधिक लागत लगने पर भी दैवी आपदा के चलते लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा था। क्षेत्र का किसान बेमौसमी धान की फसल उठाने के बाद सरसों व मटर की खेती करते हैं। पहले किसान गर्मियों में सूरजमुखी, मेंथा व गन्ने की फसल की खेती करते थे, लेकिन कमाई कम होने से किसानों ने गर्मी में बेमौसम में धान की खेती कर रहे हैं। छोटी जोत के किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा किसानों को खरीफ की फसल में अधिक लागत लगने के बाद कम पैदावार होने से अब किसान आय बढ़ाने के लिए बेमौसमी धान की खेती कर रहे हैं। इससे किसानों को अच्छा मुनाफा हो रहा है। बलवंत सिंह कोरंगा ने कहा कि किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य न मिलने से क्षेत्र का किसान बैंक, सहकारी समिति व आढ़तियों से लिए ऋणों की अदाएगी नहीं कर पा रहा था। तराई क्षेत्र में धान मिलों की मांग पर किसान बेमौसमी धान की खेती कर रहा है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

## ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर लगेगी रोक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद के अधिकांश कृषक खेती से अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए ग्रीष्मकालीन धान की खेती को अपना रहे हैं, जो पर्यावरण के दृष्टिकोण से हानिकारक है। इससे भूजल स्तर भी तेजी से घट रहा है। इससे लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसील में गर्मियों में धान की खेती को रोकने के लिए कृषकों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण करने के साथ ही किसानों को जागरूक करने लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी भ्रमण के दौरान जनपद के सभी कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान की खेती न करने एवं विकल्प के रूप में मक्का, मूंग, उड़द व गन्ने की फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित करने को कहा है। जिससे आगामी वर्ष में ग्रीष्मकालीन धान की खेती को पूर्णतया प्रतिबंधित करने की कार्रवाई की जा सके।

# ट्रोमल कंवेयर मशीन से रोजाना 100 मीट्रिक टन कूड़े का होगा निस्तारण

## नगर निगम ने प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण की क्षमता का लगाया है प्लांट

**पहल**

- फाजलपुर महरौला में लगाया गया है प्लांट

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** फाजलपुर महरौला में नगर निगम की 6 एकड़ जमीन पर 50 मीट्रिक टन के कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट के साथ ही कूड़े के निस्तारण के लिए ट्रोमल कंवेयर मशीन का प्लांट लगा दिया गया है। इसका शुभारंभ जल्द किया जाएगा। इस प्लांट से प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण किया जाएगा।

दरअसल, रुद्रपुर शहर में कूड़े की समस्या सबसे बड़ी समस्या रही है। किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रंचिंग मैदान में कूड़े के अंबार को लेकर कई बाद आंदोलन भी हुए हैं। इस कूड़े को अंबार को खत्म करने के लिए चार वर्ष पूर्व फाजलपुर महरौला में पुणे (महाराष्ट्र) की कंपनी ने 50 मीट्रिक टन के कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाया गया था। ताकि कूड़े का निस्तारण हो सके। काफी हद तक इसमें निगम को सफलता भी मिली। वहीं अब निगम की ओर से प्लांट के साथ ही प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन कूड़े के निस्तारण के लिए वहीं ट्रोमल कंवेयर मशीन का प्लांट भी लगा दिया है। इस प्लांट से प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा। निगम के अधिकारियों के अनुसार निगम के 40 वार्ड से प्रतिदिन 100 से 120 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। अब इस कूड़े को प्लांट में ले जाकर गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग किया जाएगा।

गीले कूड़े से कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट में बिजली तैयार की जाएगी और सूखे कूड़े को छांटकर बेचा जाएगा। इससे निगम को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी और शहर में पिछले कई सालों से चली आ रही कूड़े की समस्या से भी निजात मिलेगी।



फाजलपुर महरौला में कूड़े के निस्तारण के लिए लगा प्लांट। ● अमृत विचार

फाजलपुर महरौला में प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन कूड़ा निस्तारण की क्षमता का प्लांट लगाया गया है। इसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा। इस प्लांट के शुरू होने के बाद शहर से कूड़े की समस्या का पूरी तरीके से निस्तारण होगा।
**-दीपक गोस्वामी**, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम

## आईओसीएल ने कुमाऊं में शुरू किया सुरक्षा कवच अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उपायुक्त खाद्य कुमाऊं संभाग विपिन कुमार ने बताया कि इंडियन आयल कारपोरेशन ने अपने घरेलू रसोई गैस कनेक्शन के ग्राहकों के लिए दो नई योजनाएं सुरक्षा कवच अभियान के तहत शुरू की हैं। यह पूरे कुमाऊं में शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि ऊधमसिंह नगर जिले में दो लाख 97 हजार ग्राहकों को इस अभियान के तहत ई-केवाई से जोड़ा जाएगा।

मंगलवार को रुद्रपुर स्थित एक होटल में उपायुक्त खाद्य कुमाऊं संभाग विपिन कुमार व इंडियन आयल के एलपीजी सेल्स प्रबंधक दीपक राणा ने पत्रकारों को अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए संबंधित गैस कनेक्शन ग्राहक के घर पर एजेंसी से कर्मचारी पहुंचेंगा। जहां पर आधार कार्ड, फेस आइडेंटिफिकेशन, पुतलियों की पहचान कर यह पुष्टि होगी कि वास्तव में वही ग्राहक है या नहीं। इससे काफी हद तक सही हाथों में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो सकेगी। इसके साथ ही फिंगर-प्रिंट के माध्यम से भी गैस कनेक्शन ग्राहकों की पुष्टि हो सकेगी।

इंडियन आयल के एलपीजी सेल्स प्रबंधक दीपक राणा ने बताया कि दूसरा सुरक्षा अभियान ग्राहक परिसर यानि घर में गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा जांच अभियान है। इसमें एजेंसी से जाने वाली टीम संबंधित ग्राहक के चूल्हे में सिलेंडर से लगाई गई पाइप की जांच करेगा।



जानकारी देते उपायुक्त खाद्य कुमाऊं संभाग

## अग्निशमन के वाहन बनेंगे हाईटेक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जंगलों में धधकती आग के बाद अब इसकी रोकथाम के लिए अग्निशमन विभाग संजीदा हो गया है। जिसको लेकर वाहनों को हाईटेक बनाने के लिए विभाग ने पहल शुरू कर दी है। साथ ही प्लान तैयार कर वन विभाग से संपर्क साधना शुरू कर दिया। इसमें गश्त बढ़ाने पर फोकस किया गया है।

यहां बता दें कि पिछले कई दिनों से उत्तराखंड के जंगलों में आग धधक रही है। जिसकी चपेट में आकर वन संपदा के साथ काफी नुकसान हुआ है। इसको लेकर प्रदेश सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। जिसको ध्यान में रखते हुए रुद्रपुर मुख्यालय अग्निशमन विभाग ने वाहनों में फोम, मल्टीपरपज, वाटर क्षमता टैंक और दो वाहनों मिनी हाई प्रेशर मशीन लगवाना शुरू कर दिया। ताकि तराई भावर या फिर खटीमा सहित जंगल के इलाकों में आग की सूचना मिलते ही समय रहते काबू पा लिया जाए।

इसके अलावा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने वन विभाग की टीम से संपर्क करते हुए आग बुझाने के उपकरणों को मुहैया करने, चौबीस घंटे निगरानी रखने, संदिग्धों को चिह्नित करने सहित कई मुद्दों पर वार्ता की और एक रूपरेखा तैयार कर आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने का रणनीति बनाई। तराई भावर के उन इलाकों को चिन्हित किया गया है। जहां झोपड़ी या फिर जंगली इलाके हों। ऐसे इलाकों में प्रचार-प्रसार कर अग्निकांड के प्रति लोगों को सजग करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने वन विभाग के अधिकारियों से गश्त बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया है।



वनाग्नि की रोकथाम में वन विभाग से सामंजस्य बनाकर अलर्ट रहने का आदेश दिया है। वहीं विभाग ने फायर बिग्रेड वाहन में आधुनिक मशीनें लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग के पांच चौपहिया वाहनों में अलग-अलग क्षमता वाले उपकरण लगाए जा रहे हैं। ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। साथ ही जंगलात वाले इलाकों में चौबीस घंटे निगरानी रखने पर विशेष फोकस किया गया है।-
**निशांत कटारिया**, सीएफओ अग्निशमन।

## कल्याणी नदी की 15 से होगी सफाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कल्याणी, बहल्ला, ढेला नदियों में हो रहे प्रदूषण को रोकने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। जल निगम के अभियंताओं को जनपद में बन रहे एसटीपी प्लांट का निर्माण समय पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही एसटीपी निर्माण से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनपद में नदियों की विशेष परिस्थितियों के कारण बाढ़ प्रभावित एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों का डाटा संकलित करने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। नगर आयुक्त और नगर पालिकाओं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को नालियों को बरसात से पहले सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम रुद्रपुर और अधिशासी अभियंता सिंचाई को कल्याणी नदी को 15 मई से 15 जून तक सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट आदि के निस्तारण के लिये संबंधित औद्योगिक इकाइयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ उमेश चन्द्र तिवारी, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, नरेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

## सफाई व्यवस्था चरमराई, भड़के व्यापारी



उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने पर व्यापारी भड़क गए और नगर निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रोष जताया। उन्होंने उप नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर नालियों की सफाई व कूड़ा कचरा को साफ करने का मुद्दा उठाया। आगाह किया कि यदि जल्द ही प्रशासन ने गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित कई व्यापारी निगम परिसर पहुंचे और प्रदर्शन कर रोष जताया। उन्होंने उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पिछले कुछ माह से शहर की सफाई व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। विगत दिनों निगम कर्मचारियों ने मुख्य बाजार, काशीपुर बाईपास मार्ग की नालियों की गंदगी को मुख्य मार्ग के किनारे डाल दिया है। इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने जल्द ही शहर की साफ सफाई चॉक चौबंद करने की मांग उठाई है। इस अवसर पर अंशुल अग्रवाल, मनीष गोस्वामी, सुनील आर्य, शिवेन सेठी, मानस दुनेजा, गौरव गांधी, विशाल हुडिया, अजय गोयल, आशीष ढींगरा, हेमंत गर्ग आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### बिटक्वॉइन में निवेश के नाम पर 2.86 लाख की ठगी

**पंतनगर :** मेट्रोपोलिस सिटी रुद्रपुर निवासी सुधांशु तिवारी ने साइबर थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 22 व 24 अप्रैल को उसके साथ कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने टेलीग्राम एप के माध्यम से बिटक्वॉइन में निवेश कराने के नाम पर धोखे से 10 लाख रुपये जमा करा लिए। इसमें से सात लाख 14 हजार रुपये उसे वापस मिल गए। बाकी की बची धनराशि यस बैंक और स्टेट बैंक के खातों में धोखेबाजों ने होल्ड करवा दी है। उसके साथ कुल दो लाख 86 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई है। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### विवाहिता प्रेमी संग फरार

**बाजपुर :** प्रेम-प्रसंग के चलते एक विवाहिता अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। पति ने कोतवाली में तहरीर देकर पत्नी को तलाशने में मदद की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अपने दो बच्चों को साथ लेकर प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवक के साथ फरार हो गई है। आरोपित युवक का उसके घर पर आना-जाना था। उसने पत्नी व उसके बच्चों को तलाशने में मदद की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने आरोपित युवक के संपर्क में रहे दो युवकों से पूछताछ की है। साथ ही उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन भी निकाली जा रही है।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने ग्राम कलियावाला राजू को गढ़ी हुसैन को जाने वाली सड़क पर अवैध शराब से भरी रबड़ की ट्यूब के साथ गिरफ्तार किया। ट्यूब में लगभग 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार युवक के विरुद्ध 60(1) आबकारी अधि० के तहत अभियोग पंजीकृत किया। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि नशे के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश पांडे, शामिल रहे।

### अवैध शराब की तस्करी करते आरोपी दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे फाटक के निकट से ग्राम बंगाली कॉलोनी, थाना पुलभट्टा, जिला ऊधम सिंह नगर निवासी बलबीर सिंह को अवैध कच्ची शराब की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की जरीकेन में रखी 20 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी बलबीर सिंह के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

---

### 35 करोड़ की लागत से बना है ओवरब्रिज, पुल के आस-पास बनता जा रहा एक्सीडेंटल जोन, लोग परेशान

# ओवरब्रिज पर ट्रैफिक लाइटें नहीं लगने से हो रहे हादसे

**मुश्किल**

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर के सबसे व्यस्त रहने वाले एमपी चौक पर शासन के निर्देश पर ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है। इससे शहर में आने जाने के दौरान रेलवे क्रांसिंग के दौरान लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा तो मिल गया है, लेकिन ओवरब्रिज का तिराहा सड़क हादसों का जोन बनता जा रहा है। ट्रैफिक लाइटें न होने से आए दिन ओवरब्रिज के तिराहे छोटी-मोटी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में ट्रैफिक लाइट के न होने से ओवरब्रिज का तिराहा एक्सीडेंटल जोन बन सकता है।


काशीपुर का रेलवे ओवरब्रिज। ● अमृत विचार

वर्ष 2017-18 में काशीपुर के एमपी चौक पर बाजपुर रोड स्थित रेलवे क्रांसिंग के कारण जाम की स्थिति को देखते हुए शासन ने ओवरब्रिज को बनाने की मंजूरी दी थी। जिसके बाद विगत माह ओवरब्रिज लोगों के लिए खोल दिया गया।

वहीं बनने के बाद से ओवरब्रिज के तिराहे में आए दिन छोटी बड़ी घटनाएं हो रही है। अधिकतर दो पहिया वाहन वाले इन घटनाओं में चोटिल हो रहे है। वहीं दुर्घटना संभावित तिराहे पर अभी तक न तो ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है। न ही कॉनवेक्स मिरर लगाया गया है। जिससे यहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं और अधिक बढ़ गई हैं। एनएच के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज का निर्माण हो गया है। ट्रैफिक पुलिस लाइटें लगवाएगी।

#### लाखों की ट्रैफिक लाइटें नहीं चल सकीं

**काशीपुर :** चीमा चौराहा, टांडा आदि जगहों पर कई साल पहले ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी, लेकिन लापरवाही के चलते नहीं चल सकी। स्थिति यह है कि कई जगहों पर तो लाइटें ही गायब हैं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि अभी पुल को छोटे वाहनों के लिए खोला गया है। जैसे जैसे दिक्कतें सामने आएंगी। उनका निस्तारण किया जाएगा। ट्रैफिक लाइटों की जरूरत होगी तो लाइटें भी लगवाई जाएंगी।



"पुलिस के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, जिस में ओवरब्रिज के आस-पास ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएं। एनएच ने भी कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। प्रस्ताव आने के बाद यातायात पुलिस अपना काम करेगी।
**- अभय सिंह,** एसपी सिटी, काशीपुर

---

# बिगराबाग में शराब की दुकान के विरोध में एसडीएम का घेराव किया

### ग्रामीणों ने तहसील में पहुंचकर किया प्रदर्शन, एसडीएम के साथ ग्रामीणों की नोकझोंक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विकासखंड के गांव बिगराबाग में शराब की दुकान खोले जाने का ग्रामीण पिछले कई दिनों से विरोध कर रहे हैं और लगातार दुकान को बंद करने की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इस पर मंगलवार को ग्रामीणों ने तहसील परिसर में पहुंचकर उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट का घेराव किया।

बिगराबाग गांव में शराब की दुकान खोली जा रही है जिसको लेकर ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को दुकान बंद नहीं हुई तो दर्जनों महिला, पुरुष तहसील में पहुंच गए और उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए दुकान को बंद करने की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीएम बिष्ट ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों को दुकान बंद होने से कम मंजूर नहीं था। इसको लेकर एसडीएम से नोकझोंक भी हो गई। एसडीएम बिष्ट ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अभी मामले की जांच चल रही है उसके बाद कार्रवाई होगी। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला, सुरेंद्र अधिकारी, पुष्पा देवी, गीता जोशी, कमला देवी, बहादुर चंद, ज्योति चंद, सरिता चंद, मीना आदि थे।


खटीमा में एसडीएम बिष्ट का घेराव करते बिगराबाग के ग्रामीण। ● अमृत विचार


बाजपुर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट से मुलाकात करते पीड़ित पक्ष के लोग।

#### अवैध कब्जे को लेकर तहसीलदार को घेरा

**बाजपुर :** ग्राम पिपलिया स्थित भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर पीड़िता दानवती ने अपने परिवार सहित भाजपा मंडल महामंत्री केलाखेड़ा आशीष ठाकुर की अगुवाई में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट का घेराव किया। इस दौरान पीड़िता दानवती ने हल्का चकबंदी लेखपाल पर अवैध कब्जेदारों से सांठगांठ कर अपनी जांच आख्या देने में आनाकानी करने का भी आरोप लगाया है। इस पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने हल्का चकबंदी लेखपाल को फोन पर दो दिन के अंदर अपनी जांच आख्या उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार ने पीड़िता को आश्वस्त किया कि प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई अमल में लाते हुए अवैध कब्जा हटाया जाएगा। भाजपा मंडल महामंत्री आशीष ठाकुर ने तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट को अवगत कराया कि प्रकरण में पीड़िता दानवती से पांच हजार रुपये का सुविधा शुल्क लिया गया है तथा दस हजार रुपये की और मांग की जा रही है। इस मौके पर पम्मी ठाकुर, कांति, उमा कश्यप, सुनील कुमार मौजूद रहे।

### ग्रामीणों के लाखों रुपये लेकर संस्था संचालक फरार

**जसपुर:** एक संस्था के संचालक द्वारा ग्रामीणों को झांसा देकर लाखों रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। जसपुर क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुर चौराहे पर वर्ष 2018 में मुनि वेलफेयर सर्विसेज संस्था के नाम से कार्यालय खोला गया था। आरोप है कि क्षेत्र के एक युवक ने लोगों से संपर्क कर कहा कि संस्था गृह शिक्षक बनाने का कार्य कर रही है। जिस के लिए व्यक्ति 4 हजार रुपये जमा करेगा तो उसे 800 रुपये प्रति माह मिलते रहेंगे। गांव उमरपुर निवासी नेमी देवी ने बताया कि उसने रकम जमा करा दी। कुछ महीनों तक 800 रुपये उसके खाते में आते रहे। युवक ने नेमी देवी को अन्य लोगों को भी स्कीम से जोड़ने पर प्रतिमाह रकम बढ़ाकर देने का झांसा देते हुए उसके खाते में 32 हजार रुपये महीना आने की बात कही। नेमी देवी ने अप्रैल 2024 में अपने रिश्तेदार और परिवार वालों से पांच लाख रुपये ऑनलाइन उसके खाते में जमा करा दिए। रिश्तेदारों के खाते में मासिक रकम न आने पर वह पांच मई को युवक के कार्यालय गई, लेकिन कार्यालय बंद था। नेमी देवी पत्नी नन्हे सिंह ने पुलिस को तहरीर सौपी है। जिस में उसने कहा कि जब वह उसके घर गई तो युवक घर पर नहीं मिला। परिवार के सदस्यों ने जान से मारने की धमकी दी है।

---

# चीमा चौराहे से बैरिकेडिंग हटाने की मांग

**मुखर**

- युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय में दिया ज्ञापन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शहर के व्यस्ततम चीमा चौराहे पर लगी बैरिकेडिंग हटाने की युवा कांग्रेस ने मांग की। इसको लेकर युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राहुल रमनदीप कम्बोज के नेतृत्व में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन उनकी गैरमौजूदगी में पेशकार अमित वर्मा को सौंपा गया।

सौंपे ज्ञापन में युवा कांग्रेसियों ने कहा कि आरओबी का निर्माण शुरू होने के समय पर ट्रैफिक से निजात पाने के लिए चीमा चौराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर चौराहे को वन वे कर दिया गया था। इसके चलते चालक नरेन्द्र हार्ट सेंटर से यू-टर्न लेकर चीमा चौराहे पर वापस आ रहे हैं। इससे नरेंद्र हार्ट सेंटर पर जाम की स्थिति बन जाती है। कहा कि अब आरओबी का निर्माण पूरा हो चुका है और उस पर आवाजाही भी प्रारंभ हो चुकी है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि आमजन की दिक्कतों को देखते हुए चीमा चौराहे लगी बैरिकेडिंग स्थायी रूप से हटनी चाहिए। इससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन देने वालों में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष लवदीप सिंह, महासचिव अनिल मारकंडेय, सचिव अमित भारती, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष साहिल रजा, पंकज चौधरी, जतिन शर्मा आदि शामिल रहे।


एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# चेक पोस्ट पर गुंडागर्दी नहीं होगी बर्दाश्त

**सख्ती**

- एसएसपी बोले-गुंडा एक्ट और गैंगस्टर की होगी कार्रवाई
- अधीनस्थों को चेक पोस्टों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि खनन में लिप्त आपराधिक प्रवृत्ति के लोग जो चेक पोस्टों पर गुंडागर्दी या बलपूर्वक निकलने का प्रयास करते हैं, उन्हें किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध गुंडा एक्ट और गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी चेक पोस्टों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जो कंट्रोल रूम से संचालित होंगे।

मंगलवार को एसएसपी ने यह निर्देश मैसर्स कैलाश रिवर बेड मिनरल्स एलएलपी के अधिकारियों, पुलिस के अधिकारियों के साथ ही कंपनी, पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय के लिए पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में आयोजित गोष्ठी के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चेकपोस्ट में नियुक्त सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन कराएं। साथ ही आपराधिक प्रवृति के लोगों को नियुक्त न करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों की सूची पूर्ण विवरण के साथ उपलब्ध कराएं। सभी कर्मियों का व्यवहार अच्छा हो व सभी को आईडी कार्ड के साथ वर्दी में नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के सभी चेकपोस्टों के सक्षम अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए और शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करें।



अधिकारियों के साथ गोष्ठी करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

---

**मामला** — ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान पर लगे हैं आरोप, टीम ने फिरोजपुर पहुंचकर मूल्यांकन पुस्तिका व अन्य अभिलेख खंगाले

# वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच करने पहुंची टीम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान पर लगे वित्तीय अनियमितता व गबन के आरोपों की जांच को लेकर जांच समिति की टीम ग्राम फिरोजपुर पहुंची। सीडीओ के निर्देश पर गठित टीम ने ग्राम फिरोजपुर पहुंचकर मूल्यांकन पुस्तिका व अन्य अभिलेख खंगाले। इस दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने हंगामा भी किया। सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर लोग शांत हुए।

मंगलवार को गठित संयुक्त जांच टीम कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी शशि कमल के नेतृत्व में ग्राम फिरोजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल पहुंची। टीम ने ग्रामीणों व दोनों पक्षों के समक्ष मूल्यांकन पुस्तिका व अन्य अभिलेखों की जांच की। साथ ही ग्रामीणों से भी वार्ता की। जांच टीम ने बताया कि अभी जांच शुरू हुई है जो पांच-छह दिन तक चलेगी। उसके बाद रिपोर्ट सीडीओ को भेजी जाएगी। शिकायतकर्ता का कहना है कि काशीपुर का ही घोटाला है और काशीपुर की टीम ही जांच कर रही है। इससे वह संतुष्ट नहीं हैं। उधर आरोप पक्ष के लोगों ने इस दौरान हंगामा भी किया, जो पुलिस के पहुंचने पर शांत हुए।


अभिलेखों की जांच करती गठित जांच कमेटी। ● अमृत विचार

#### यह है मामला

**काशीपुर :** उत्तराखंड अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य जय सिंह गौतम ने डीएम और सीडीओ को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान पर वित्तीय अनियमितता, सरकारी धन का दुरुपयोग कर लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाया था। आरोप था कि ग्राम पंचायत की मूल्यांकन पुस्तिका में एक ही कामों को दो-दो जगह दर्शाकर भुगतान प्राप्त कर हड़प लिया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में भी अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए सीडीओ ने संयुक्त जांच समिति गठित करने के आदेश दिए थे। इसमें कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व ग्रामीण निर्माण विभाग ने सहायक अभियंता को शामिल किया गया था।

"शिकायत की जांच को संयुक्त जांच टीम गठित की गई है। टीम ने प्रारंभिक तौर पर जांच शुरू करते हुए पहले दिन अभिलेखों की जांच की है। साथ ही ग्रामीणों की बातों को भी सुना है। पांच सात दिन तक जांच चलेगी। उसके बाद जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।
**- शशि कमल,** जांच अधिकारी/कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, काशीपुर।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बाजपुर :** घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

ग्राम कनौरा निवासी मोहम्मद यूसुफ ने पुलिस को बताया कि वह 6 मई को बाइक से ग्राम मझरा खुशालपुर में काम करने गया था और बाइक बाहर खड़ी करके घर के अंदर चला गया। शाम करीब चार बजे बाहर आया तो बाइक गायब थी जिसकी आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें दो व्यक्ति बाइक चोरी करके ले जाते हुए दिख रहे हैं। इसके आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

---

## सार-संक्षेप


मॉल की जांच करती टीम। ● अमृत विचार

### वूमेन सेल ने काशीपुर के मॉल में मारा छापा

**काशीपुर :** काशीपुर के कई मॉलों में मंगलवार को वूमेन सेल की टीम ने छापेमारी की। वूमेन सेल की टीम की कार्रवाई से स्पा सेंटर व कैफे संचालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान संचालक दुकान बंद कर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने संचालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बीते दिनों काशीपुर के एक व्यक्ति ने वूमेन सेल को काशीपुर में अवैध तरीके से चल रहे स्पा सेंटर व कैफे की शिकायत की थी। मामले में संज्ञान लेते हुए मंगलवार को वूमेन सेल की टीम ने काशीपुर के मॉल में छापेमारी शुरू कर दी। छापेमारी की सूचना मिलते ही स्पा सेंटर व कैफे संचालक दुकानें बंद कर फरार हो गए। वहीं मामले में वूमेन सेल की प्रभारी जीतो कम्बोज ने बताया कि बीते दिनों मिली शिकायत के आधार पर छापेमार कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अवैध स्पा व कैफे चालान वाले संचालकों का चालान काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### मेडिकल स्टोर से दवाओं के क्रय-विक्रय पर लगाई रोक

**बाजपुर :** वरिष्ठ औषधि निरीक्षक ऊधम सिंह नगर, चम्पावत नीरज कुमार ने एक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितताओं के चलते अग्रिम आदेशों तक मेडिकल स्टोर से दवाओं के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है। आदेशों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की बात कही गई है। बताया गया कि औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 की धारा 22 (1) (डी) में उपलब्ध शक्तियों का प्रयोग करते हुए फर्म मै. दीप मेडिकल स्टोर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 व नियमावली 1945 के प्रावधानों का उल्लंघन करती पाई गई है जिसके चलते फर्म से दिन-प्रतिदिन के क्रय-विक्रय को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही अग्रिम आदेशों तक दुकान बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं औषधि निरीक्षक द्वारा मात्र एक मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करना चर्चा का विषय बना हुआ है। कहा गया कि बाजपुर में लगभग 50 मेडिकल स्टोर संचालित हैं जिसमें सही से जांच हो जाए तो आधे से अधिक मानकों के अनुरूप नहीं मिलेंगे।

### सागौन की लकड़ी के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**किच्छा :** वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान सागौन लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने वन अपराधों पर नियंत्रण के लिए चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने पिपलिया मार्ग पर ट्रैक्टर संख्या यूके 06 एएल 9596 को रोक लिया और ट्रॉली में रखी वन उपज सागौन चिरान की लकड़ी के बारे में चालक से दस्तावेज दिखाने को कहा। इस दौरान ट्रैक्टर चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जांच के बाद वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर डोली रेंज लालकुआं परिसर में खड़ा कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किच्छा चीनी मिल ने किया गन्ने का पूरा भुगतान

**किच्छा :** किच्छा चीनी मिल ने पेराई सत्र के दौरान खरीदे गए गन्ने का बकाया 28 करोड़ 22 लाख 47 हजार 155 रुपये का भुगतान संबंधित समितियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी देते हुए किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि 19 फरवरी 2024 से 17 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का पूरा भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित समितियों के बैंक खातों में कर दिया गया है। बताया कि क्रय गए टोटल गन्ना भुगतान में 83 करोड़ 27 लाख 42 हजार 153 रुपये का भुगतान किच्छा चीनी मिल द्वारा स्वयं के संसाधनों से किया गया है तथा 27.76 करोड़ का भुगतान उत्तराखंड शासन द्वारा शासकीय सहायता के रूप में किच्छा चीनी मिल को दिया गया है।

### सड़क हादसे की जांच एसडीएम खटीमा को सौंपी

**रुद्रपुर :** विगत वर्ष भूड़ महोलिया अन्नपूर्णा धर्म कांटा खटीमा के पास सड़क हादसे में हुई एक की मौत के मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम खटीमा को जांच अधिकारी नामित किया है। अक्टूबर 2023 में बस चालक ने लापरवाही से बस चलाकर मोटर साइकिल संख्या यूके-06-एवी-4773 को टक्कर मार दी थी। इसमें मोटर साइकिल सवार कमलेश विश्वास व आकाश मंडल को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान कमलेश विश्वास की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उप जिलाधिकारी खटीमा को जांच अधिकारी नामित किया है। वहीं जांच अधिकारी व उप जिलाधिकारी खटीमा ने कहा है कि इस घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह तीन दिन के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा कार्यालय की ईमेल आईडी-sdmkhatima1975@gmail.com पर भी उपलब्ध करा सकते हैं।

### घर में लूट के इरादे से घुसे युवक को वार्ड वासियों ने पकड़ा

**गदरपुर :** घर में लूट के इरादे से घुसे दो युवकों ने महिला को घायल कर दिया। महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एक युवक को पकड़ लिया। इसी दौरान दूसरा युवक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारी थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। वार्ड नंबर 10 गुरु नानक इंटरप्राइजेज पंजाबी कॉलोनी वाली गली निवासी व्यापारी अशोक कुमार 9 बजे अपने प्रतिष्ठान पर चले गए। उनका पुत्र रुद्रपुर में सर्विस करता है वह भी अपने कार्य पर चला गया। घर पर उनकी पत्नी अनीता रानी अकेली थी। करीब 11:30 बजे दो युवकों ने घर के बाहर लगी घंटी बजाई। घंटी की आवाज सुनकर व्यापारी की पत्नी अनीता ने दरवाजा खोला। इसी दौरान युवकों ने व्यापारी की पत्नी अनीता से सामान मांगा और घर के अंदर चले आए। व्यापारी की पत्नी ने युवकों से कहा कि उनके पति ने उन्हें कोई भी सामान देने के लिए नहीं कहा है। उन्होंने कहा मैं फोन पर बात करती हूं जब वह अपने पति अशोक कुमार से फोन मिलाकर बात करने ही जा रही थी तो युवकों ने महिला के माथे पर पिस्तौल की बट मार दी। इस पर महिला के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया जबकि दूसरा मौका पाकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ पकड़े गए युवक को लेकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने कहा कि युवकों से पूछताछ की जा रही है।

### नाबालिग का अपहरण करने वाले युवक पर मुकदमा

**काशीपुर :** काशीपुर शहर के एक मोहल्ला की रहने वाली एक किशोरी को अगवा कर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया गया। काशीपुर शहर की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली पुलिस का तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 साल की एक पुत्री है। आरोप लगाया कि सोमवार को काली बस्ती निवासी जोवद ने उसकी पुत्री को अगवा कर उसके साथ छेड़छाड़ की।

### चोर ने घर से नगदी और सिलेंडर पर किया हाथ साफ

**गदरपुर :** घर में घुसकर चोर ने नगदी सहित सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया। ग्राम गोपाल नगर निवासी हरिशंकर ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह और उसकी पत्नी मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान चोर घर में घुस आया और कमरे में रखें बक्सों को खंगाल कर 5000 रुपये की नगदी और सिलेंडर ले उड़ा। सूचना पर जब वह घर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए उसने इसकी सूचना थाने में दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

### नगर निगम ने जेसीबी से कराई नालों की सफाई

**काशीपुर :** आने वाले मानसून के तहत नगर निगम ने नाले-नालियों की जेसीबी की मदद से सफाई अभियान चला रखा है। मंगलवार को भी नगर निगम का यह अभियान जारी रहा। निगम आयुक्त विवेक राय ने बताया कि उप आयुक्त रोहताश शर्मा, एसएनए विनोद लाल शाह व सरिता राणा और नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत साहनी के नेतृत्व में टीम ने दो जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली व जरूरी उपकरणों के साथ तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बड़ा गुरूद्वारा समेत मुरादाबाद रोड स्थित कॉर्बेट माइनर में सफाई की। बताया कि सफाई का अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।



## एक नजर

### नगला की निर्वाचक नामावली में 11 तक कराएं संशोधन

**शांतिपुरी** : निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने नगला नगर पालिका की निर्वाचक नामावली में लिपिकीय मुद्रण संशोधन एवं नामावली में त्रुटि तथा छूटे नामों को सम्मिलित किए जाने के लिउ 4 से 11 मई तक कैंप लगाने को कहा है। नगला नगरपालिका से संबंधित वार्ड के मतदान केन्द्र पर प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष शिविर लगाया जाएगा।

### गन्ने का बकाया भुगतान न करने पर रोष

**जसपुर** : भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने नादेही चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान न किए जाने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गन्ने का बकाया भुगतान न मिलने से किसान अत्यधिक परेशान हैं। उन्होंने मिल प्रशासन से मांग की कि किसानों के गन्ने का भुगतान शीघ्र किया जाए।



### गुरुद्वारे के विकास के लिए करेंगे प्रयास

**नानकमत्ता** : गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नवनियुक्त प्रधान योगेंद्र सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि गुरु घर में आने वाली संगत के लिए लंगर की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गुरुद्वारे के शिक्षा संस्थानों पर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया जाएगा। गुरुद्वारे के विकास के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान हरबंश सिंह चुघ रिटायर आईएएस अधिकारी थे। कमेटी का प्रधान बनने पर सबने सोचा था कि गुरुद्वारे में अच्छा काम होगा लेकिन वो देहरादून बैठकर कमेटी चला रहे थे।



### रामराज रोड पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**बाजपुर** :रामराज रोड पर संदिग्ध अवस्था में अज्ञात कारणों से मृत मिले युवक की शिनाख्त वार्ड नंबर-11 भोना कालोनी निवासी राजेश (42) पुत्र देव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बताया जाता है कि युवक नशा करता था।

### छह बूथों का निरीक्षण किया

**जसपुर** : प्रभारी तहसीलदार बीसी आर्य ने नगर पंचायत महुआडाबरा में छह बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची में छूटे हुए नाम जोड़ने, नाम संशोधित करने के लिए निर्धारित प्रारूप पर निशुल्क भरवाने के निर्देश दिए।

# नोजगे स्कूल के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

## एथलेटिक्स दिवस पर नोजगे में क्रास कंट्री रेस का आयोजन, हिंद और सिटी के खिलाड़ियों ने भी जीते मेडल



खटीमा में आयोजित इंटर सीबीएसई क्रॉस कंट्री रेस में प्रतिभाग करते बच्चे। ● अमृत विचार



अलक्षया पब्लिक स्कूल में आयोजित रेस के विजेताओं के साथ प्रबंधक और अन्य।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार**: विश्व एथलेटिक्स दिवस पर नोजगे पब्लिक स्कूल में तृतीय मान सिंह दत्ता मेमोरियल इंटर सीबीएसई स्कूल क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-12, अंडर-14 और अंडर-18 वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें 192 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मेजबान नोजगे स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

क्रॉस कंट्री रेस का शुभारंभ किसान आयोग के उपाध्यक्ष और विद्यालय के चेयरमैन राजपाल सिंह, मैनेजर अमरजीत सिंह, प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। अंडर-12 बालक वर्ग प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल के मयंक पाल ने प्रथम, हिंद पब्लिक स्कूल के देव सिंह कार्की ने द्वितीय और नोजगे के आरव पुनेरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में नोजगे की आशी सोनकर ने प्रथम, अनुष्का कापड़ी ने द्वितीय और सिटी कान्वेंट स्कूल की प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालक वर्ग में हिंद पब्लिक स्कूल के आर्यन सक्सेना ने प्रथम, नोजगे के करन ने द्वितीय और अनुज सिंह मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं बालिका वर्ग में नोजगे की तनुजा कलोनी, कोमल चंद और भव्या बिष्ट ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है।

इधर अंडर-18 बालक वर्ग में नोजगे पब्लिक स्कूल के रचित चंद ने प्रथम, हिंद पब्लिक स्कूल के अनुज जोशी ने द्वितीय और नोजगे के अभिषेक राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि बालिका वर्ग में नोजगे की अर्पिता श्रीवास्तव ने प्रथम, हिंद पब्लिक स्कूल की अंशिका सोनकर द्वितीय और नोजगे की लक्षिता कापड़ी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में विजयी प्रभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अलक्ष्या में धूमधाम से मना विश्व एथलेटिक्स दिवस

**खटीमा** : अलक्ष्या पब्लिक स्कूल में विश्व एथलेटिक्स दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद बोहरा और प्रधानाचार्य अजय बोहरा ने फीता काटकर किया। प्रबंधक बोहरा ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। खेल शिक्षक दीपक भट्ट और संदीप कुशवाहा की देखरेख में जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं कराई गईं। जूनियर वर्ग की बालकों की 1600 मीटर रेस में अंश कुमार ने प्रथम, हिमांशु ने द्वितीय और दीपांशु उनियाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में महिमा ने प्रथम, शैली पोखरिया ने द्वितीय और अंशिका बोहरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग की 2500 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में हर्षित खोलिया ने प्रथम, मनीष सुनार ने द्वितीय, अर्जुन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में मान्या बिष्ट प्रथम, शिवानी सामंत द्वितीय और शीतल चंद तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रबंधक बोहरा ने मेडल और नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया।

# बी प्रमाण पत्र के लिए 345 ने दी परीक्षा

**एनएसएस**

- बाजपुर में दो परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा
- सी प्रमाण पत्र के लिए 52 में से 50 ने परीक्षा दी



बाजपुर इंटर कालेज बाजपुर में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार**: राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र परीक्षा बाजपुर में दो परीक्षा केंद्रों इंटर कॉलेज बाजपुर व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर में संपन्न हुई जिसमें बी प्रमाण पत्र के लिए 425 में से 345 ने परीक्षा दी तथा 80 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सी प्रमाण पत्र के लिए 52 में से 50 ने परीक्षा दी एवं 2 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर 7 विद्यालयों राजकीय इंटर कालेज बरहैनी, इंटर कालेज बाजपुर, राजकीय कन्या इंटर कालेज बाजपुर, राधा-कृष्ण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाजपुर, राजकीय इंटर कॉलेज गजरौला, राजकीय इंटर कॉलेज केलाखेड़ा, आदर्श कन्या इंटर कालेज बाजपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परीक्षा दी। वहीं खंड शिक्षाधिकारी पुरुषोत्तम सिंह व जिला समन्वयक डीएस बसेड़ा ने दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। जनपदभर में 32 माध्यमिक विद्यालयों के बी प्रमाण पत्र के 2324, सी प्रमाण पत्र के 1844 परीक्षार्थियों के लिए 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित करवाई गई। बी प्रमाण पत्र के लिए 2344 में से 1844 ने परीक्षा दी और 480 अनुपस्थित रहे, जबकि सी प्रमाण पत्र के लिए 338 में से 300 ने परीक्षा दी 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### 480 स्वयं सेवकों ने बी प्रमाण पत्र व 38 ने सी प्रमाण पत्र परीक्षा छोड़ी

**काशीपुर** : राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। जिले में 32 माध्यमिक विद्यालयों के बी प्रमाण पत्र के 2324, सी प्रमाण पत्र के 1844 परीक्षार्थियों के लिए 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि बी प्रमाण पत्र के लिए 2344 में से 1844 ने परीक्षा दी 480 अनुपस्थित रहे। सी प्रमाण पत्र के लिए 338 में से 300 ने परीक्षा दी 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए जिले में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## पत्नी पर तमंचा तानने के मामले में मुकदमा

**काशीपुर**: काशीपुर में पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पति व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से तमंचा बरामद कर आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की है।

मानपुर रोड निवासी काजल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति राजकुमार व देवर सागर उसके साथ आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। आरोप लगाया कि सोमवार रात पीड़िता के पति व देवर ने उसके सिर पर तमंचा लगाकर उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। वहीं मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तंमचा बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप



दीप्ति भटनागर को पीएचडी की उपाधि देते अतिथि। ● अमृत विचार

### असिस्टेंट प्रोफेसर को मिली पीएचडी की उपाधि

**काशीपुर** : बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया लॉ कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत दीप्ति भटनागर ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि दीप्ति भटनागर ने उक्त उपाधि सहारनपुर की द ग्लोबल विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। उनका शोधपत्र 'अपराधिक कानूनी प्रणालियों में पुनर्स्थापनात्मक न्याय के अनुप्रयोग पर एक गहन अध्ययन था। उनकी गाइड डॉ. प्रेमवती रही। दीप्ति ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पति संदीप कुमार भटनागर को दिया। डॉ. दीप्ति भटनागर की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. नीरज आत्रेय, पवन कुमार बख्शी, डॉ. निमिषा अग्रवाल, सुधीर कुमार दुबे एवं विशाल शर्मा, अंकुश शर्मा, मनीष कुमार अग्रवाल, आनंद सिंह एवं डॉ. सचिन गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



आदर्श किसान इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### तनाव से छुटकारा पाने के लिए खुश रहना जरूरी

**जसपुर** : विश्व हास्य दिवस पर सामाजिक संस्था पीस क्लब ने आदर्श किसान इंटर कॉलेज जसपुर में कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता क्लब के संस्थापक संजय राजपूत ने कहा कि आधुनिक व व्यस्तता के दौर में लोगों में तनाव बढ़ता जा रहा है। इससे छुटकारा पाने व तनाव रहित रहने के लिए व्यक्ति को खुश रहना बहुत जरूरी है। इस मौके पर हृदेश चौहान, सौरभ भट्ट, अनिता आदि मौजूद रहे।




सरस्वती एकेडमी में बाल कवि सम्मेलन के विजेताओं के साथ अतिथि व शिक्षक।

### सरस्वती एकेडमी में बाल कवियों ने बांधा समां

**खटीमा** : सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में मंगलवार को बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बाल कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ हरफनमौला साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष एवं हास्य कवि गौरव त्रिपाठी और विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था अध्यक्ष त्रिपाठी ने बच्चों को काव्य की बारीकियों के साथ-साथ कविता लेखन और प्रस्तुतिकरण के टिप्स दिए। सम्मेलन में जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चों ने मां, गुरु, प्रभु श्रीराम सहित बचपन की यादें, देवभूमि उत्तराखंड और देश के सिपाही जैसे विषयों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के जूनियर वर्ग में काजल, पूजा, अंशिका व मदन ने प्रथम, श्रेया, ज्योति, दिव्या, चांदनी व पारस द्वितीय तथा प्रतीक, अनुज व समृद्ध तृतीय रहे। वहीं सीनियर वर्ग में रिद्धिमा, हिमानी, खुशबू व पूजा ने प्रथम, एलिजा पाल, हिमेस व दीक्षा ने द्वितीय तथा आराध्या, समृद्धि, मोहित, स्मृति व साधना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रामयश ने अतिथियों का आभार जताया।



पूर्व विधायक ठुकराल को स्मृति चिह्न देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भजनों पर झूमे श्याम बाबा के भक्त

**रुद्रपुर** : श्री सांवरिया दर्शन सेवा समिति की ओर से सुभाष कालोनी में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में श्याम बाबा का गुणगान हुआ। इस दौरान दिल्ली से आए भजन गायक विवेक शर्मा एवं शाहजहांपुर से आई भजन गायिका सोनम सक्सेना ने अपने भजनों से श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्याम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी पहुंचे। इस दौरान आयोजकों ने ठुकराल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने श्याम संकीर्तन के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर मुकेश दीक्षित, सूरज ग्रोवर, श्याम प्रजापति, रोहित, रिंकू, काके, सतीश, संदीप, राजू, पवन, अनुज,संजू, बंटी कोली, अरविंद आदि मौजूद थे।

# राज्याभिषेक पर झांकी सजाई

संवाददाता, शक्तिफार्म



सनातन धर्म मंदिर में श्री राम के राज्याभिषेक की झांकी।

**अमृत विचार**: सनातन धर्म मंदिर में दस दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का हवन व पूर्णआहुति के साथ मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री राम कथा के अंतिम दिन सोमवार को लक्ष्मण दास जी महाराज ने श्री राम के राज्याभिषेक समेत विभिन्न प्रसंग सुनाए। कथा में श्री राम के राज्यभिषेक पर भव्य झांकी सजाई गई तथा देर शाम दीपोत्सव मनाया गया। संगीतमय भजन पर श्रद्धालु भी खूब झूमे।

कृष्ण कृपा मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शक्तिफार्म के सनातन धर्म मंदिर में आयोजित दस दिवसीय श्री राम कथा में मंगलवार को हवन यज्ञ के उपरांत स्वामी लक्ष्मण दास ने पूर्ण आहुति देकर श्री राम कथा को विश्राम दिया। इस अवसर पर स्वामी चतुर्भुज, राजेश शास्त्री, महेंद्र अग्रवाल, जगदीश डालमिया, कृष्ण कुमार शर्मा,रविंद्र अग्रवाल, दिनेश तिवारी, जगदीश सिंह, विश्वजीत हालदार, ओम प्रकाश अग्रवाल, अनीता अग्रवाल,संतोष डालमिया, बीना सिंह, माया जिंदल, रोली अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# परशुराम जन्मोत्सव 10 को मनाएंगे

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत काशीपुर में भव्य शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर मंगलवार को चामुंडा बिहार स्थित ब्राह्मण सभा समिति सभागार में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें ब्राह्मण सभा समिति काशीपुर के भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा के कार्यक्रम के बारे में बताया गया। समिति के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने बताया कि आगामी 10 मई को ब्राह्मण सभा समिति के हवन पूजन व प्रसाद वितरण करने के बाद शाम को 4:00 बजे से विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

इस शोभायात्रा में समिति द्वारा नगर की सभी ब्राह्मण संस्थानों में गौड़ ब्राह्मण सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान सभा के साथ ही सनातन धर्म में आस्था रखने वाली सभी संस्थाओं अग्रवाल सभा, पंजाबी सभा, खत्री सभा, कुमारतनय वैश्य महासभा के पदाधिकारियों को भी सपरिवार आमंत्रित किया गया है। इस शोभायात्रा की व्यवस्था यात्रा प्रमुख विकास शर्मा खुट्टू की देखरेख में संपन्न होगी। यात्रा मोहल्ला किला से शाम को 4:00 बजे शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री रमिला मैदान पहुंचेगी। यात्रा व्यवस्था में शैलेंद्र शर्मा, स्वतंत्र प्रकाश त्यागी, पियूष गौड़, विकास शर्मा, हितेश शर्मा, लोकेश शर्मा, हरदीप शर्मा, सर्वेश शर्मा आदि बंधुओं का विशेष सहयोग रहेगा।

**अधिकारी बेखबर** पीने के लिए नहीं मिल रहा पानी, सड़कें बन रहीं तालाब, लोगों को हो रही परेशानी

# शांतिपुरी में पेयजल लीकेज से हो रहा दोहरा नुकसान

संवाददाता, शांतिपुरी



शांतिपुरी में पेयजल लीकेज से तालाब बनी सड़क से गुजरती स्कूल वैन।

**अमृत विचार**: क्षेत्र में जहां लगातार पेयजल लाइनों के लीकेज होने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दूसरी ओर पेयजल लाइनों का लीकेज पानी सड़कों पर बहने से सड़कें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं मरीजों का आना-जाना दूभर हो रहा है। जबकि संबंधित विभागीय अधिकारी ऐसी किसी भी समस्या के संज्ञान में होने से साफ इनकार कर रहे हैं।

इधर ग्राम सभा शांतिपुरी नंबर दो में हाल ही में लाखों की लागत से बने जल संस्थान के ओवरहेड पेयजल टैंक तथा पानी की सप्लाई हेतु बिछाई गई नई लाइनों को चालू करने के बावजूद पेयजल लाइनों में लीकेज की समस्या अभी भी बरकरार है। एक और जहां भारत सरकार की स्वजल योजना के तहत लोगों को मुक्त कनेक्शन बांटे जा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पुरानी क्षतिग्रस्त लाइनों से भी पानी की सप्लाई जारी रख उपभोक्ताओं से बराबर बिलों की वसूली की जा रही है। जबकि लाइनों के क्षतिग्रस्त होने व जगह-जगह लीकेज होने के कारण उपभोक्ताओं को नई व पुरानी दोनों लाइनों से पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर भारी मात्रा में पेयजल लाइनों से लीकेज पानी के सड़कों पर बहने से सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जलमग्न सड़कों पर वाहन चलने से सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे एवं तालाब बने हुए हैं। इसके कारण स्कूली बच्चों, ग्रामीणों एवं बीमार व तीमारदों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल संस्थान के कर्मचारी उनकी समस्याओं को अनसुना करते हैं।



हमारे यहां शांतिपुरी नंबर दो ढ़ांकानी में पहली बार नई पेयजल लाइन बिछी है। गांव वालों को उम्मीद थी कि वर्षों के इंतजार के बाद उन्हें पेयजल की सुविधा मिलेगी। लेकिन हुआ ठीक उम्मीदों के उलट। गांव में नई पेयजल लाइन चालू होने से पहले ही छह से सात स्थानों पर लीकेज है। **-शेर राम**, नेता शांतिपुरी ढ़ांकानी।



नई पेयजल लाइनें चालू होते ही जगह-जगह लीक हो रही हैं। इसके कारण न केवल पानी की सप्लाई बाधित हो रही है बल्कि सड़कों पर बड़े-बड़े तालाब होने से वह भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। **-रिंकू टाकुली**, शांतिपुरी ढ़ांकानी।



पेयजल लाइन लीकेज की मुझे कोई जानकारी नहीं है। शांतिपुरी में जल संस्थान की पुरानी लाइनें बंद कर नई लाइनें चालू कर दी हैं और सभी ठीक चल रही हैं। अगर किसी के यहां पानी नहीं आ रहा तो ठीक कराया जाएगा। **-मोहम्मद आसिफ**, जेई जल संस्थान।

# समर स्टडी हॉल में कैबिनेट गठित

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : समर स्टडी हॉल विद्यालय कुंडेश्वरी में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एआरटीओ विमल पांडेय रहे। अधिष्ठापन समारोह में स्कूल कैबिनेट की घोषणा की गई। विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार कार्यभार सौंपा गया। इसमें विद्यालय के कक्षा 12 के आयुष बिष्ट हेड ब्यॉय और रिचा अधिकारी को हेड गर्ल बनाया गया।

मुख्य अतिथि पांडे ने विद्यालय में परिवहन क्लब गठित करने का सुझाव भी दिया। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह और प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव अनुराग सिंह, दीपाली सिंह आदि मौजूद रहे।



समर स्टडी हॉल स्कूल में अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ करते अतिथि।

### इन छात्रों को मिली जिम्मेदारी

**काशीपुर** : कार्यक्रम के दौरान हेड प्रीफेक्ट इकनूर कौर, गेम्स कैप्टन कृष भण्डारी, गेम्स वाइस कैप्टन मयंक मेहरा, ग्राउंड प्रीफेक्ट आदर्श सागर व समन्यु बाली के साथ ही अलग-अलग सदनों के विद्यार्थियों को कैप्टन, वाइस कैप्टन व प्रीफेक्ट के बैज दिए गए। गुलमोहर हाउस के कैप्टन मो. उबेश व वाइस कैप्टन विदिता अग्रवाल, अमलतास हाउस की कैप्टन पावन कौर व वाइस कैप्टन सपना नेगी, कचनार हाउस की कैप्टन वृता अरोरा व वाइस कैप्टन रितिका नेगी तथा कनेर हाउस की कैप्टन अर्चिशा त्यागी व वाइस कैप्टन आयुष नेगी बने। विद्यालय के प्रत्येक हाउस से 66 प्रीफेक्ट की नियुक्ति की गयी।

## सार-संक्षेप

### स्कूटी सवार दंपति पर झपटा तेंदुआ, बाल-बाल बचे

**टनकपुर :** टनकपुर से लोहाघाट स्कूटी से जा रहे एक दंपति पर तेंदुए ने सोमवार रात अमरूबैंड के पास हमला कर दिया। रमेश चंद्र (48) पुत्र कैलाश चंद्र और उनकी पत्नी सरिता (40) निवासी ग्राम सुई लोहाघाट किसी तरह बच सके। मामूली रूप से जख्मी दंपती का टनकपुर उप जिला अस्पताल में इलाज हुआ। बाद में उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। ग्रामीण बिमल किशोर ने बताया कि तेंदुआ एक हफ्ते पूर्व बस्टिया के एक व्यक्ति पर भी हमला कर चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित शंकर दत्त जोशी, महेश चौड़ाकोटी सहित क्षेत्र के लोगों ने तेंदुए से निजात दिलाने का आग्रह वन विभाग से किया है।

### बारिश से किसानों को मिली राहत पर कम नहीं हुई धुंध

**बागेश्वर :** सोमवार सायं जिला मुख्यालय में हुई झमाझम बरसात किसानों को राहत दे गई परंतु जंगलों में अब भी आग लगी हुई है, जिससे वातावरण में धुआं है। जिन क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई वहां जंगलों में अब भी आग लगी हुई है। सोमवार सायं जिला मुख्यालय में लगभग एक घंटे से अधिक समय तक तेज बारिश हुई। बारिश कहीं कम तो कहीं अधिक हुई। जबकि कपकोट क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में बारिश नहीं हुई जिससे अब भी कुछ क्षेत्रों के जंगलों में आग लगी हुई है तथा वातावरण में धुंध बनी हुई है। जंगलों में आग लगने से वन संपदा नष्ट होने का क्रम जारी है। इधर बारिश सब्जी उत्पादन के लिए वरदान साबित हो सकती है। भिंडी, कद्दू, ककड़ी, लौकी आदि फसलों को इससे काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा आम, आड़ू, पुलम हिसालू व स्टॉबेरी की फसल को भी इस बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है।

### डॉ. बीआर बारवाले पुरस्कार से सम्मानित होंगे निदेशक

**अल्मोड़ा :** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत का चयन भारतीय पादप जनन द्रव्य संसाधन सोसाइटी की ओर से दिए जाने वाले डा. बीआर बारवाले पुरस्कार 2023 के लिए हुआ है। डॉ. लक्ष्मी कांत का चयन पादप जनन द्रव्य संसाधन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए हुआ हैं। डॉ. लक्ष्मीकांत ने शीतकालीन गेहूं के 3500 से अधिक जनन द्रव्यों का मूल्यांकन किया। साथ ही गुणों को बसंत कालीन गेहूं में समाहित कर उत्तर पर्वतीय क्षेत्र के लिए 15 उच्च उपज देने वाली और रतुआ रोधी प्रजातियों का विकास किया है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्थान के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### मतदाता सूची में संशोधन के लिए शिविर आज से

**अल्मोड़ा :** उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने बताया कि आगामी नगर निकायों के चुनावों के लिए निर्वाचक नामावली बनाने और उसमें पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। जिसके लिए नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के अंतर्गत समस्त वार्डों में आठ मई से पंद्रह मई तक विशेष शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने नगर के सभी लोगों से अपील की है कि अगर किसी व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में अंकित नहीं है अथवा उसमें कोई लिपिकीय त्रुटि हैं तो उसका निस्तारण संबंधित व्यक्त अपने वार्ड के मतदेय स्थल पर जाकर करा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही इस कार्य के लिए पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

### दीवार पत्रिका 'रानीखेत दर्पण' का विमोचन

**रानीखेत :** बाल प्रहरी तथा रानीखेत किताब कौतिक आयोजन समिति के तत्वावधान में कैंट इंटर कालेज में आयोजित बाल लेखन कार्यशाला में तीसरे दिन छावनी परिषद रानीखेत के सीइओ कुनाल रोहिला ने वैज्ञानिक सोच को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को क्या क्यों तथा कैसे जैसे सवाल पूछने के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार दीवार पत्रिका 'रानीखेत दर्पण' का लोकार्पण किया। उन्होंने कार्यशाला में चल रही नुक्कड़ नाटक तथा कहानी सत्र व खेलों को भी देखा। इस अवसर पर छावनी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ललित मोहन आर्य, किताब कौतिक आयोजन समिति के अध्यक्ष विमल सती, संयोजक हेम पंत, छावनी परिषद रानीखेत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय पंत आदि रहे।

### गरुड़ में लगा मतदाता सूची संशोधन कैंप

**बागेश्वर :** नगर पंचायत गरुड़ में मंगलवार को नगर निकाय मतदाता सूची नामावली हेतु कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान निकाय मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने के साथ संशोधन का कार्य किया गया। गरुड़ के रामलीला मैदान में मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन का कार्य नगर पंचायत गरुड़ द्वारा किया गया। अधिशासी अधिकारी राजेश जोशी ने बताया कि 8 मई को टीट बाजार शगुन वेंकट हॉल में तथा 9 मई को टीआरसी बैजनाथ में कैंप लगाया जायेगा जिसमें टीट बाजार क्षेत्र और नौघर क्षेत्र के लोग अपना नाम हटाने जोड़ने व संशोधित करने का कार्य कर सकते हैं। कैंप प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक चलेगा।

### जजी परिसर में चोरी का नहीं हो पा रहा पर्दाफाश

**बागेश्वर :** बीते दिनों जजी परिसर में एक कर्मचारी के घर में हुई चोरी का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। चोरी का खुलासा न होने से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। उन्होंने चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। 26 अप्रैल को जिला जजी परिसर स्थित कर्मचारी आवास में कर्मचारी संजय टम्टा के आवास में चोरों ने आवास का ताला तोड़कर आलमारी में रखे 16 तोला स्वर्ण आभूषण चुरा लिए थे। कर्मचारी संजय टम्टा का इन दिनों दिल्ली में इलाज चल रहा है।

### ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में वापस कराए 50 हजार रुपये

**टनकपुर :** बीते दिनों कोतवाली चंपावत क्षेत्र में साइबर ठग ने मनोज कुमार के खाते से 50 हजार रुपये की ठगी की थी। इसकी सूचना पीड़ित ने जनपद साइबर सैल को दी। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर साइबर सैल चम्पावत ने सूचना मिलते ही आवेदक से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर संबंधित यूपीआई तथा नोटल बैंक से सम्पर्क कर खाते से निकाली गई पूरी धनराशि विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खाते में वापस करा दी है। पुलिस टीम में मीनाक्षी नौटियाल प्रभारी साइबर सैल, एसआई ललित पांडे, हेड कांस्टेबल सद्दाम हुसैन, आशा गोस्वामी रहे।

### कराटे में धौलादेवी के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**अल्मोड़ा :** 21 वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकास खंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिला कराटे एसोसिएशन के महासचिव हरीश सिंह चौहान ने बताया पांच मई से कराटे हॉल आमवाला देहरादून में प्रतियोगिता आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में धौलादेवी कराटे दीपक भट्ट, कुसुमलता, पुष्पा जोशी ने अपने अपने भार वर्ग में फाइनल तक का सफर तय कर रजत पदक जीता। वहीं सुंदर भट्ट, अमित पांडे, विजय कुमार, ज्योति बिष्ट को कांस्य के साथ संतोष करना पड़ा। हिमानी पांडे, प्रिया भट्ट, अमित कुमार ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# बेबस वन महकमे पर हावी हो रही वनाग्नि

## संसाधन न होने से दावाग्नि का आगे लाचार विभाग, एक कार्मिक पर सैकड़ों हेक्टेयर जंगल बचाने की जिम्मेदारी

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पर्यावरण में तपिश बढ़ने के साथ साथ प्रदेश के पर्वतीय जिलों में वनाग्नि की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिसे लेकर सरकारी तंत्र बैचेन है। लेकिन सूबे के अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं ने वन महकमे लाचार और बेबस बना कर रख दिया है। एक ओर जहां जिले में सैंकड़ों हेक्टेयर वन संपदा भीषण आग की चपेट में है। वहीं दूसरी ओर संसाधनों की कमी से जूझ रहा वन महकमा वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए हाथ पांव तक नहीं मार पा रहा है। वनाग्नि की घटनाएं लगातार विभाग के काबू से बाहर होती जा रही हैं। जिससे वन्य संपदा और पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंच रहा है।

अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां का 15815 हेक्टेयर क्षेत्र सिविल सोयम वन प्रभाग और 61082 हेक्टेयर क्षेत्र वन प्रभाग के अंतर्गत आता है। जिले में हर साल वनाग्नि की तमाम घटनाएं सामने आती हैं। जिनमें लाखों करोड़ों की वन संपदा जलकर राख में तब्दील हो जाती है।



अल्मोड़ा जिले में आग से जलता एक जंगल। ● अमृत विचार

लेकिन इसके बाद भी वन विभाग के आला अधिकारियों ने जिले में विभाग के ढांचे को मजबूत करने के लिए कोई कारगर कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा। परिणाम स्वरूप फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं से निपटना विभाग के सामने चुनौती बन जाता है। अल्मोड़ा वन प्रभाग की बात करें तो यहां रेंजर के 8 पदों के सापेक्ष 5, डिफ्टी रेंजर के 18 पदों के सापेक्ष 10, वन दारोगा के 37 पदों के सापेक्ष 16 और वन रक्षकों के 52 पदों के सापेक्ष 12 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। जबकि सिविल सोयम वन प्रभाग में डिफ्टी रेंजर के 8 पदों के सापेक्ष 1, वन दारोगा के 109 पदों के सापेक्ष 8 और वन रक्षकों के 128 के सापेक्ष 22 पद आज भी रिक्त हैं। प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी के चलते वर्तमान में एक कर्मचारी पर कई हेक्टेयर वन भूमि को बचाने की जिम्मेदारी है। लेकिन पर्याप्त कार्मिकों की कमी के कारण वन महकमा उपलब्ध संसाधनों का भी सही ढंग से उपयोग नहीं कर पा रहा है। विभाग की इसी बेबसी और लाचारी का परिणाम है कि इस फायर सीजन में वनाग्नि की सैकड़ों घटनाओं में करीब 50 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि वनाग्नि की भेंट चढ़ गई है।

### विभाग के क्रू सेंटर भी साबित हो रहे सफेद हाथी

वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए वन विभाग ने जिले में करीब 135 क्रू स्टेशन स्थापित किए हैं। इसके अलावा एक मास्टर, दो मॉडल क्रू स्टेशनों का गठन भी किया गया है। जहां औरचारिकता भर के लिए फायर वाचरों को तैनात भी किया गया है। लेकिन इसके बाद भी विभाग के यह क्रू स्टेशन वनाग्नि पर काबू पाने में मददगार साबित नहीं हो पा रहे हैं। वनाग्नि की कई घटनाओं के दौरान जब ग्रामीणों में इन क्रू स्टेशनों से संपर्क किया तो वहां से उन्हें कोई मदद नहीं मिल सकी। ऐसे में वनाग्नि सुरक्षा के विभाग के दावे महज सफेद हाथी ही साबित हो रहे हैं।

### फोर्ती, भुमलाई के जंगलों में भड़की आग

**लोहाघाट/ चम्पावत :** सोमवार देर शाम भुमलाई और मंगलवार सुबह फोर्ती के माणाधुरा के जंगल धू-धू कर जल उठे। आग से काफल, चाय पत्ती, बुरांश, फल्यांठ, बांज के पौध राख हो गए। अग्निशमन अधिकारी चंदन राम के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं भुमलाई के जंगल रातभर धधकते रहे। फोर्ती के सरपंच संदीप बगौली, शेखर पुनेठा आदि ने आग बुझाने में मदद की।

> कर्मचारियों की कमी की जानकारी समय-समय पर शासन को दी जाती रही है। कर्मचारियों की तैनाती के संबंध में शासन स्तर से ही कार्रवाई संभव है। विभाग के पास वर्तमान में जो संसाधन उपलब्ध हैं। उनसे वनाग्नि से निपटने के पूरे पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। जहां से भी वनाग्नि की सूचना मिल रही है। वहां तत्काल टीम को भेजा जा रहा है। -**ध्रुव सिंह मर्तोलिया**, प्रभागीय वनाधिकारी, सिविल सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा

## जंगल में आग लगाने के आरोप में दर्ज किए मुकदमे

**टनकपुर/ लोहाघाट:** मंगलवार को कोटला के जंगलों में आग लगाने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वन विभाग के रेंजर दीप जोशी ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आग लगाने वाले व्यक्ति की पहचान की गई और पंचेश्वर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई। पंचेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जंगल में आग लगाने वाले आरोपी निलाप राम निवासी किमतोली लोहाघाट के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**अल्मोड़ा :** लमगड़ा विकास खंड में जंगल में आग लगाने के आरोप में वन विभाग ने पुलिस को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वन क्षेत्राधिकारी कोसी सिविल सोयम दीपक कुमार पंत ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 2 मई की सुबह करीब पौने दस बजे सत्यों के जंगल में किसी ने आग लगा दी थी। टीम ने बमुश्किल आग बुझाई।

## जागेश्वर धाम में खुली अस्थाई पुलिस चौकी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जागेश्वर धाम में यातायात और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से यहां पुलिस की अस्थाई पुलिस चौकी खोली गई है।

चौकी खुलने के बाद जहां यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। वहीं कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सकेगा। जागेश्वर धाम में पर्यटन सीजन के दौरान हजारों सैलानी यहां घूमने आते हैं। इससे यहां अक्सर जाम की समस्या पैदा हो जाती है। श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से निजात दिलाई जा सके और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके, इसके लिए मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस की बीते दिनों बैठक हुई थी। जिसमें एक मई से अस्थाई चौकी खोलने का निर्णय लिया गया था। पुलिस प्रशासन की ओर से निर्धारित तिथि पर अस्थाई चौकी तो खोल दी गई। मंगलवार से जागेश्वर में अस्थाई चौकी का विधिवत संचालन शुरू हो गया है। अस्थाई चौकी में एक एएसआई, तीन सिपाही और दस होमगार्ड को तैनाती दी गई है।

# कार खाई में गिरी, संविदा कर्मी की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में सोमवार की देर रात एक कार हादसा हो गया। हादसे में कार गहरी खाई में जा गिरी। जिस कारण उसमें सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस मौके पहुंची और रेस्क्यू कर शव को खाई से निकाला। शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। जिले के टांगा और हाल निवासी सेराघाट दीवान सिंह (45) पुत्र पदम सिंह हिमालय हाइड्रो पावर में वाटर लेबल चेकर पद पर संविदा में काम करते थे। सोमवार रात करीब दस बजे के आसपास वह अपनी कार संख्या यूके-05 सी - 0679 से मोतीघाट स्थित पावर हाउस की ओर जा रहे थे। इसी बीच सेराघाट- दानीबगड़ मार्ग पर वह अचानक कार से अपना नियंत्रण खो बैठे और कार करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।



दीवान सिंह।

आसपास के लोगों को हादसे की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी और मदद को दौड़े। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू का कार्य शुरू किया गया। मुनस्यारी के थाना प्रभारी बीसी मासीवाल ने बताया कि कार सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था।

रेस्क्यू के दौरान काफी मशक्कत के बाद रात में ही शव को खाई से बाहर निकाल लिया गया था और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के परिजनों का सौंप दिया गया है। अचानक हुए इस हादसे के बाद से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# क्रॉप कटिंग का किया शुभारंभ

▸▸ डीएम ने सरकार की योजनाओं की भी दी जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के कुमौड़ गांव में मंगलवार को जिलाधिकारी रीना जोशी ने गेहूं की पकी फसल को काटकर क्राप कटिंग का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को क्राप कटिंग के महत्व और सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उनसे उनका लाभ उठाने की बात भी कही।

मंगलवार को जिलाधिकारी रीना जोशी कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ कुमौड़ गांव पहुंची। क्राप कटिंग के तहत राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने सीसीई एग्री एप के माध्यम से गेहूं के एक खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लॉट बनाया। जिलाधिकारी ने कहा कि क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी मिल जाती है। अंतिम आंकड़े परीक्षण के उपरांत राज्य स्तर पर कृषि निदेशालय जारी करता है।



पिथौरागढ़ में क्रॉप कटिंग का शुभारंभ करतीं डीएम रीना जोशी। ● अमृत विचार

# श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में बनेगा उत्तराखंड भवन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि अयोध्या में उत्तराखंड भवन (राज्य अतिथि गृह) के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। भूखंड के आवंटन से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए प्रदेश सरकार ने अयोध्या में आवंटित भूखंड की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली है। उत्तराखंड पहला राज्य है जिसने अयोध्या में राज्य अतिथि गृह के निर्माण के लिए भूखंड की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार अपने वायदे के अनुरूप जल्दी रामनगरी अयोध्या में अतिथि गृह का निर्माण करेगी। जिससे रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले उत्तराखंड के श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधा मिल सके। यह भूखंड राममंदिर से महज 7 किलोमीटर (हवाई दूरी 3 किमी) की दूरी पर स्थित है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने अयोध्या में उत्तराखण्ड भवन के निर्माण के लिए 5253.30 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित किया था। रजिस्ट्री होने के साथ ही सीएम धामी ने उत्तराखंड भवन की डीपीआर बनाने का काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं।


## वर्ग पहेली-63

**बाएं से दाएं**

3. इस लोक से भिन्न लोक
4. बेसन का बना नमकीन पकवान।
6. यंत्र
7. 1. गाड़ी का धुरा, छोटा धुरा 2. अक्ष, चूल 3. पहिए का केंद्रक।
8. 1. भार उठाने वाला, बोझा ढोने वाला, कुली 2. पालकी ढोने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नियमित रूप से कुछ करने का तरीका एवं क्रम, दिनचर्या, नित्यक्रम, नित्यचर्या 2. शृंखलाबद्ध क्रिया आदि।
2. ईश्वर, भगवान।
3. 1. कच्ची अफ़ीम को सुखाने से प्राप्त तरल पदार्थ 2. किसी वस्तु या पदार्थ में से रिस-रिसकर निकलने वाला तरल पदार्थ, जलांश 3. स्वेद, पसीना।
5. दे. सागौन।
6. ओलती, फूस या खपरैल के मकान के छाजन या छप्पर का वह स्थल जहां से वर्षा का जल नीचे गिरता है।



### वर्ग पहेली -62 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | टी | | | 2 फ़ा | | |
| | | 3 टो | | उं | | |
| | | क | | टे | | 4 कं |
| 5 छि | छो | रा | प | न | | का |
| | | | | पे | | लि |
| | | 6 कॉ | श | न | म | नी |
| 7 ठी | हा | | | | | |

## सुडोकू -142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 08.51 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न करने का प्रयास करेगा। नए लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलेंगे। आप अपने पसंदीदा कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृष** – आज संतान की अवहेलना न करें। दिखावे के लिए आप अपनी क्षमता से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। आपको कुछ कठिन काम अकेले करने पड़ सकते हैं। व्यापारिक कारण से किसी सहयोगी से झगड़ा हो सकता है।

**मिथुन** – आज वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े कारोबारियों को काफी लाभ होगा। घर में संबंधियों का आना-जाना लगा रहेगा। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज दोपहर के बाद थोड़ा हल्कापन महसूस करेंगे। खर्चों में संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में जोखिम भरे कार्य न करें।

**सिंह** – आज परिवार में कोई पारंपरिक उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। घर पर वेबसीरीज या साहित्य में सक्रिय हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कुछ लोग आपके विश्वास को तोड़ सकते हैं। इससे आप मानसिक रूप से कुछ अशांत महसूस करेंगे। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बदलते मौसम को लेकर सिरदर्द और बुखार की समस्या होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। नए विचारों और योजनाओं से प्रभावित रहेगे। दूर की यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी। अधूरे कार्यों को आसानी से पूरे कर लेंगे। परिवार में आपका महत्व बढ़ेगा।


**धनु** – आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज नई परियोजनाओं में काम करने का विचार बनाएं। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ परेशानियां आ सकती है। परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। बुद्धिमान लोगों का परामर्श लेना हितकर होगा। भरोसेमंद व्यक्तियों का ध्यान रखें।

**मीन** – आज नए करियर को लेकर जो प्लानिंग आप कर रहे हैं, उसे साकार करने के लिए समय उत्तम है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। विश्वासघाती लोगों से आपको दूरी बना लेनी चाहिए। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो बन सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 13.33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों के कातिल – सुबह : 10.16
शिव शक्ति – रात : 07.00

SONY MAX
डबल एक्स एल – सुबह : 09.45
स्टारफिश – शाम : 06.00

SONY PIX
रैमपेज – सुबह : 10.47
होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 – रात : 09.17

ZEE CINEMA
जीरो – सुबह : 09.55
लवशुदा – रात : 07.45

colors CINEPLEX
हेरा फेरी – दोपहर : 12.02
आन : मेन एट वर्क – रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 12.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।


## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा

बढ़ते वैश्विक तनाव के समय में व्लादिमीर पुतिन ने 5 वीं बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाल लिया है। मंगलवार को एक समारोह में पुतिन ने कहा कि अपनी शक्ति के भीतर वो सब कुछ करेंगे, जो वह देश के लिए कर सकते हैं। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम देश वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। इस बीच पुतिन ने एक बार फिर दुनिया को तनाव में डाल दिया है। रूस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामरिक परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान किया है। रूस ने 6 मई को कहा कि वह एक सैन्य अभ्यास करेगा जिसमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास का आदेश राष्ट्रपति पुतिन ने दिया था। आखिर रूस ने ऐसा किया क्यों, रूस के इस कदम का यूक्रेन के साथ जंग पर असर क्या पड़ेगा? असल में रूस ने यह कदम तब उठाया है जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ बयानबाजी की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में कहा था वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी। यानि रूस का ये फैसला नाटो और फ्रांस के सैनिकों को सीधे तौर पर जंग में शामिल होने के संकेतों के बीच आया है। मौजूदा वक्त में रूस ने अब जिस तरह का कदम उठाया है उससे दुनिया के देशों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। क्योंकि परमाणु हथियार कितने खतरनाक होते हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भी देश ने परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। रूस में ये घटनाक्रम ऐसे वक्त में हो रहा है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के दौरे पर हैं। महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे रूस और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, पुतिन की आक्रामक मुद्रा और परमाणु विध्वंसक क्षमता के संभावित प्रभावों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सतर्क बना हुआ है।

# मंत्री ने जब शेषन को वीरान रास्ते कार से उतार दिया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था।



शेषन की आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

कार की पिछली सीट पर दो मंत्रियों के बीच में एक युवा आईएएस ऑफिसर बैठा था। एक मंत्री ने उस अधिकारी से सवाल किया कि उस कर्मचारी का मामला पुलिस को क्यों सौंपा? उसे वापस लो। ऑफिसर दो टूक था,'इसे आप लिखकर दें।'क्या मेरा कहना काफी नहीं? ऑफिसर के "नहीं" जवाब ने मंत्री का गुस्सा आसमान पर पहुंचा दिया। मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने का आदेश दिया। बीच रास्ते वीराने में ऑफिसर को कार से उतार दिया गया। आगे और भी बहुत कुछ रोचक घटित हुआ। यह ऑफिसर टीएन शेषन थे। करियर के आखिरी दौर में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर उन्होंने इतिहास रच दिया।

लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जब-तब शेषन की चर्चा होती रहती है। नौकरी की शुरुआत से ही नियम -कानून के पाबंद शेषन के तेवर आखिर तक कायम रहे। पढ़िए उनकी आत्मकथा 'थ्रू द ब्रोकन ग्लास' से उद्धृत उनकी नौकरी की शुरुआत का एक रोचक प्रसंग, आईएएस में चयन और विभिन्न प्रशिक्षण के बाद शेषन को डिंडीगुल (तमिलनाडु) में सब कलेक्टर के तौर पर तैनात किया गया। तहसीलदार नारायण पिल्लई ने उनकी ओर एक कागज बढ़ाया जिसमें एक ग्राम अधिकारी द्वारा तकावी लोन की वसूली तीन हजार की रकम गबन किए जाने की शिकायत थी। फौरन ही शेषन ने कर्मचारी को सस्पेंड, चार्जशीट करने और पुलिस में एफआईआर करने के आदेश दिए। कहा कि जरूरी कागज मेरे दफ्तर से प्राप्त कर लो। तहसीलदार ठिठक गए। शेषन की सवालिया निगाहों के जवाब में उन्होंने जल्दबाजी न करने की सलाह दी। उन्हें याद दिलाया कि इस कर्मचारी की पत्नी तालुका कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष है। आगे समस्या हो सकती है। शेषन अपने आदेश पर अडिग थे। उसी रात कर्मचारी की गिरफ्तारी हो गई। दो दिन बाद मदुरै जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेषन से मिलने पहुंचे। वे मुख्यमंत्री के.कामराज के खास थे। उन्होंने केस वापस लेने का दबाव डाला। इंकार के जवाब पर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी के साथ वे वापस हुए। एक हफ्ते बाद शेषन के तैनाती इलाके में मंत्री पी. कक्कन और वी.रमेश के साझा कार्यक्रम थे। चुनाव में एक महीना बाकी था। शेषन को दोनों मंत्रियों ने अपनी कार में साथ बिठाया। पंद्रह मिनट की यात्रा के बाद मंत्री कक्कन जिनके पास पुलिस और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग थे, ने शेषन से सवाल किया कि वे कांग्रेस का क्यों विरोध कर रहे हैं? शेषन ने ऐसा कुछ करने से इंकार किया तो उस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में मामला क्यों दर्ज कराया? डिपार्टमेंटल एक्शन काफी था। फौरन केस वापस लो। शेषन ने उन्हें मद्रास वापसी पर लिखित आदेश भेजने का अनुरोध किया। नाराज कप्पन ने पूछा, 'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' एक बार फिर इंकार के जवाब से खफा मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने और शेषन को कार से उतरने का हुक्म दिया। कार आगे बढ़ गई। तेज धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े शेषन अपने दफ्तर वापस पहुंचने के लिए किसी वाहन के इंतजार में थे।

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था। तय था कि मंत्री विपक्षियों पर आक्रामक रहेंगे। शेषन ने तहसीलदार को बुलाकर चर्चा की। आशंका थी कि विरोधी पहले कार्यक्रम स्थल की बिजली गुल करेंगे और फिर जहां महिलाएं बैठी हैं, वहां चूहे छोड़कर सांप -सांप का शोर करके भगदड़ कराएंगे। बचाव के लिए माइक को एक कार की बैट्री से जोड़ा गया। वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों को मंच के सामने दूरी पर इस तरह खड़ा किया गया कि बिजली गुल होने पर उनकी हेड लाइट से रोशनी मिल सके।

आशंका सही निकली। जोरदार विस्फोट की आवाज के साथ अंधेरा छा गया। सांप-सांप का शोर मचा, लेकिन गाड़ियों की हेडलाइट्स काम आईं। माइक की आवाज भी नहीं थमी। कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश नाकाम रही। मंत्रियों के भाषण पूरे हुए। तहसीलदार को पास बुला मंत्री कप्पन्न ने उनकी दूरंदेशी के लिए तारीफ की। तहसीलदार ने कहा कि इसके वे नहीं बल्कि वो हकदार हैं, जो जीप में बैठे हैं। एक बार फिर मंत्री कप्पन और शेषन आमने-सामने थे। मंत्री ने पूछा आप मंच पर क्यों नहीं आए? शेषन ने उन्हें रास्ते में उतारने का जिक्र किया। फिर यहां क्यों आए? शेषन के जवाब, 'वो मेरी ड्यूटी थी' ने मंत्री को झेंपने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के.कामराज डिंडीगुल आए। मंत्री कप्पन भी उनके साथ थे। स्टेशन पर कलेक्टर और एसपी के साथ स्वागत के लिए शेषन भी मौजूद थे। आगे बढ़ते हुए कामराज ने शेषन को पास बुलाया और कहा,' मैंने सुना कि कप्पन ने तुम्हारे साथ बदसलूकी की।' शेषन ने ऐसा कुछ नहीं कह बात को खत्म करने की कोशिश की, पर कामराज ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने कहा ,'उस दिन जो कुछ हुआ उसकी उन्हें पुलिस से रिपोर्ट मिल चुकी है।' सभी की मौजूदगी में तेज स्वर में कामराज मंत्री कप्पन से मुखातिब हुए,'मेरे-आपके लिए ऑफिसर्स से खराब व्यवहार मुनासिब नहीं है। अगर ऑफिसर कोई गलत काम करें तो आप अकेले में उनसे बात करें। दूसरों के सामने उन्हें अपमानित न करें। आपने उन्हें कार से क्यों उतारा? जिस पीड़ित की आपने फिक्र की वह सरकार से अपील कर सकता है। राजनीति के इस बुनियादी वसूल को समझिए कि अगर ऑफिसर्स अपमानित किए जाएंगे तो सरकार का अपमान होगा।'

शेषन आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

## प्रसंगवश

# पानी नहीं तो दारू पियो



शंभूनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

गर्मी का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन लू नहीं चलती। यह ज्यादा खतरनाक है और पानी के अभाव में ऐसा होता है। पछुआ हवाएं, जब चलती हैं तो भले गर्म हों, लेकिन राहत देती हैं। शायद यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो। नदी, नहरें, नाले, तालाब और जलाशय सब सूखे पड़े हैं। अंग्रेजों के वक्त जितनी भी नहरें बनीं, उनके दोनों किनारों पर 220 मीटर तक नहर विभाग की जमीन होती थी, जिस पर न खेती की जा सकती थी, न ही कोई वहां बसेरा बना सकता था। कई-कई कोस की दूरी पर नहर विभाग की कोठियां जरूर होती थीं जिनमें इंस्पेक्शन करने जाने वाले एक्जीक्युटिव इंजीनियर रुकते थे। हर बड़ी नहर के समानांतर एक और नहर होती जिसमें मुख्य नहर का पानी बढ़ने पर छोड़ा जाता और वह सोख्ते का काम करती। पर अब न नहरें दिखती हैं, न नदियां न वे कोठियां और न ही वह हरियाली। आधुनिक जीवनशैली के नाम पर हर चीज का कारपोरेटीकरण हो गया है और इसमें सहायक बने आईएएस अधिकारी। खासकर जिला अधिकारियों ने नहर विभाग ही नहीं हर विभाग की स्वायत्तता खत्म कर दी है। पहले जिले में कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सिविल सर्जन (जिसे अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहते हैं) और एक्जीक्युटिव इंजीनियर समान स्तर के पद होते थे, लेकिन जैसे सत्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के हाथ में सिमटती गई, वैसे ही सारे सरकारी विभाग जिलाधिकारी के पास। इससे लूट का बाजार गर्म हुआ। नहर विभाग की जमीनों पर कब्जे होने लगे, सिंचाई विभाग कंगाल हो गया और अब तो पीडब्लूडी का भी यही हाल है। वन विभाग का अधिकारी कहां है, किसी को नहीं पता होगा। सबसे खराब स्थिति तो मद्य-निषेध विभाग और जिला कृषि अधिकारी तथा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी की है। जिले में माइनिंग माफिया को खुद जिला अधिकारी (डीएम) पनपाते हैं, कई जगह कानूनी तौर पर तो कई जगह अवैध, लेकिन कानून के बूते भी क्या आप आम आदमी से उसके हिस्से की हवा, पानी और सूरज की रौशनी छीन लोगे? अगर पीएम, सीएम और डीएम की मनमानी चलती रही तो अगले 20 वर्षों में न हरी-भरी धरती बचेगी, न शुद्ध जल और न ही हवा। बचेंगे तो दारू के ठिकाने और उच्च पथों पर सरपट दौड़ती गाड़ियां।

# गाद तो हमारे ही माथे पर है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता।

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की "हर घर जल योजना" ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया, आखिर धरती का सीन चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ टार होने से रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है-बारहों महीने, तीसों दिन यहां जेठ ही रहता है।

समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ जा सकता। इस गर्मी में सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं, उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगी-कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ से देखें। थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है -तालाब, कुंए, बावड़ी, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है। पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरत पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा 'ढाक के तीन पात'।

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड़ में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है, जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था, जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते, उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही हैं, जबकि चंदेलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। जाहिर है कि हमारे पूर्वजों की समझ कितनी सूझबूझभरी एवं वैज्ञानिक थी। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था, जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे।

यदि आजादी के बाद विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर खर्च बजट व उससे हुई सिंचाई और हजार साल पुराने तालाबों को क्षमता की तुलना करें तो आधुनिक इंजीनियरिंग पर लानत ही जाएगी। अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देखकर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी।

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। असल में तालाब की सफाई का काम आज के अंग्रेजीदां इंजीनियरों के बस की बात नहीं है। दो साल पहले केंद्र सरकार ने देश के सभी तालाबों का सर्वेक्षण करवा कर क्रांतिकारी काम किया। उसके बाद अमृत सरोवर योजना के तहत भी देश के कुछ तालाबों की तकदीर बदली है। यह समझना होगा कि जब तक सहेजे गए तालाबों का इस्तेमाल समाज की हर दिन की जल जरूरत के लिए नहीं होगा, जब तक समाज को इन तालाबों का जिम्मा नहीं सौंपा जाता, तालाब की समृद्ध विरासत को स्थापित नहीं किया जा सकता।

## सोशल फोरम

# प्रतिष्ठा के खेल और खिलाड़ी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रतिष्ठा या इज्जत या इमेज से मध्यवर्ग के लोगों को सबसे अधिक प्यार है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे अधिक मुश्किलें खड़ी करती है। हमारे अनेक मित्र कहते हैं कि इस तरह मत लिखा करो प्रैस्टीज डाउन हो जाएगी। मित्रों में पहले मित्रता बड़ी थी अब प्रतिष्ठा बड़ी हो गई है।

प्रतिष्ठा के कारण व्यक्ति की सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-राजनीतिक हैसियत महत्वपूर्ण हो गई और इंसानियत और समानता के मूल्यबोध की विदाई कर दी गई। इस बीमारी को हर शहर, संगठन, गली, मुहल्ले और मित्र सर्किल में सहज ही देख सकते हैं। मनुष्यों में प्रतिष्ठा की बीमारी पशुओं से आई है। जंगल में हर पशु की अपनी प्रतिष्ठा है। शेर की सबसे अधिक प्रतिष्ठा है। अन्य पशुओं की तरह शेर भी मूल्यहीन जीवन जीता है, लेकिन पशुओं में उसकी साख होती है। मनुष्य भी उससे डरते हैं। हम मध्यवर्ग के लोगों में प्रतिष्ठा पाने की जबर्दस्त भूख है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे बुरी चीज है, लेकिन हम सब उससे प्रेम करते हैं, प्रतिष्ठित व्यक्ति से जुड़ना अपना गौरव समझते हैं। सवाल किया जाना चाहिए प्रतिष्ठित होकर या प्रतिष्ठा पाकर व्यक्ति को क्या मिलता है? क्या उसके पास बेहतरीन जीवन मूल्य आ जाते हैं? क्या वह अच्छा इंसान बन जाता है? अच्छा इंसान बनने के लिए प्रतिष्ठा या इज्जत की नहीं बेहतरीन जीवन मूल्यों की जरुरत होती है। हम व्यक्ति पर बातें करते समय उसकी शोहरत, पद, सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक हैसियत की बातें करते हैं। उसके राजनीतिक कनेक्शनों की बातें करते हैं, लेकिन उसके जीवन मूल्यों पर बातें नहीं करते। यही वजह है हमारे आसपास मूल्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद खूब फलता-फूलता है। हम उसे वैध मानने लगते हैं, जबकि उसकी ये गतिविधियां अवैध हैं, पाशविक हैं। चूंकि समाज में प्रतिष्ठा पाने की होड़ मची है। इसके कारण हम तेरी-मेरी उसकी प्रतिष्ठा के खेल में सारी जिंदगी गुजार देते हैं। काश, हम प्रतिष्ठा से मुक्त हो पाते।

-फेसबुक वॉल से

# शिव बटालवी: मैंनू तेरा शबाब लै बैठा...



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था।

पंजाबी के निश्चित रूप से सबसे सशक्त गीतकारों में से एक शिव बटालवी को करोलबाग के खालसा कॉलेज में आए हुए आधी सदी से ज्यादा का वक्त गुजर गया है, पर अब भी कुछ लोगों को याद है जब उनकी रचनाओं पर सैकड़ों श्रोता झूम उठे थे। शिव बटालवी कविता पाठ करते हुए रो भी रहे थे। यह बात 1970 की है। शिव बटालवी तब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थे। उन्होंने अपना कविता पाठ इस रचना से शुरू किया-मैंनू तेरा शबाब लै बैठा,/रंग गोरा गुलाब लै बैठा।/ किन्नी पीती ते किन्नी बाकी ए/ मैंनू एहो हिसाब लै बैठा/ चंगा हुंदा सवाल ना करदा,/ मैंनू तेरा जवाब लै बैठा/ दिल दा डर सी किते न लै बैठे/ लै ही बैठा जनाब लै बैठा।

विरह के कवि शिव बटालवी को खालसा कॉलेज में पंजाबी के साहित्यकार डॉ. हरभजन सिंह लेकर आए थे। वहां पर हरमीत सिंह भी मौजूद थे। वे तब खालसा कॉलेज के छात्र थे और आगे चलकर यहां के शिक्षक और फिर प्रिंसिपल भी बने। शिव कुमार 'बटालवी' ने जैसे ही अपना गीत...की पुछ दे ओ हाल फकीरां दा/साडा नदियों बिछड़े नीरां दा/साडा हंज दी जूने आयां दा/साडा दिल जलया दिलगीरां दा...(हम जैसे फकीरों का हाल आप क्या पूछते हैं, हम तो नदियों से बिछड़े पानी जैसे हैं। जैसे किसी आंसू से निकले हैं) सुनाया तो खालसा कॉलेज में मौजूद श्रोता जिनमें मुख्य रूप से पंजाबी थे, की आंखें छलकने लगीं। शिव कुमार बटालवी (1936 -1973) की उन कविताओं को सबसे ज्यादा पसंद किया गया जिनमें करुणा, जुदाई और प्रेमी के दर्द का बखूबी चित्रण है। वे 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के साहित्यकार बने।

शिव कुमार बटालवी अपने दिल्ली के कार्यक्रमों में अपनी इन कालजयी पंक्तियों-पिच्छे मेरे, मेरा साया/ अग्गे मेरे, मेरा न्हेरा/किते जाए न बाहीं छड्डु/ वे तेरा बिरहड़ा(पिच्छे-पीछे, अग्गे-आगे, न्हेरा-अंधेरा, बाहीं – बांह, छड्डु-छोड़) तथा बिरहा बिरहा आखिए/बिरहा तूं सुल्तान/ जिस तन बिरहा न उपजे/ सो तन जान मसान (आखिए-पुकारिए, कहिए) अवश्य सुनाया करते थे। कह सकते हैं कि सुनाते इसलिए थे, क्योंकि श्रोताओं की मांग होती थी। दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था। अमृता प्रीतम जी का घर पंजाबी साहित्य की अनमोल धरोहर था। शिव कुमार बटालवी के आने पर एक महफिल खासतौर पर आयोजित होती थी। उसमें चित्रकार इमरोज, हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू के लेखक करतार सिंह दुग्गल, सरदार नानक सिंह (पवित्र-पापी फिल्म के निर्माता), डॉ.हरभजन, गुरुबख्श सिंह, महेन्द्र सिंह सरना (भारत के अमेरिका में एंबेसडर रहे नवतेज सरना के पिता), कुंवर महेन्द्र सिंह बेदी, उद्योग सागर सूरी, पंजाबी के गायक केसर सिंह नरूला (जसपिंदर नरूला के पिता) वगैरह अवश्व मौजूद रहते थे।

एक बार काव्य की धारा बहने लगती तो फिर वे अलसुबह तक जारी रहती। इस बीच, केसर सिंह नरूला और उनकी पत्नी मोहिनी नरूला किसी महफिल में पंजाबी का सदाबहार लोकगीत लट्ठे दि चादर, उत्ते सलेटी रंग माइया गाने के बाद शिव बटालवी की रचनाएं सुनाते थे। नरूला जी बताते थे कि अमृता प्रीतम के दिल के बहुत करीब थीं शिव बटालवी की रचनाएं। वह शिव की रचनाएं बार-बार पढ़ा करती थीं।

# विश्व मानवता और बंधुत्व का प्रतीक रेडक्रॉस



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

मानव इतिहास के सबसे काले क्षणों में जब दुनिया संघर्ष और अराजकता से बिखरी हुई है। ऐसे में रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) युद्ध और संकट के समय प्रभावित लोगों के लिए करुणा, निष्पक्षता और अटूट समर्थन प्रदान करती है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण लाखों लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है और अतीत की तरह आज भी रेड क्रॉस मानवता के पक्ष में लगातार आशा की किरण बना हुआ है।

रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका मुख्य उद्देश्य मानव के अनमोल जीवन की रक्षा करना है। इसके द्वारा युद्ध या विपदा के समय में युद्धों में लोगों की सहायता की जाती है। यह संस्था केवल युद्ध के समय नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और अन्य आपातकालीन खतरों में भी मानव सहायता प्रदान करती है। शिविरों का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इसके मुख्य शिविरों में से हैं। रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 ई. रेड क्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा जेनेवा में की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना के पीछे मुख्य विचार यह था कि मानवता की सेवा को कोई सीमा नहीं दी गई। इसके द्वारा विभिन्न उद्यमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है। यह युद्ध के समय, महामारी बीमारी, प्राकृतिक आपदा के समय असंतुलन की सहायता करता है। इसका मुख्य कार्य पीड़ित व्यक्ति की मानव सेवा है। रेड क्रॉस की स्थापना का उद्देश्य युद्ध के समय घायल सैनिकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और आपदा प्रबंधन के दौरान मदद करना है। रेड क्रॉस संस्था द्वारा ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है। यह लोगों के उपचार, भोजन, स्वच्छ पानी और रहने की व्यवस्था सरकार के साथ मिलकर करती है। आपदा के समय यह संस्था सरकार के प्रयासों को आसान बनाती है और अधिक से अधिक मानव जीवन की रक्षा करने का प्रयास करती है। इसका मुख्यालय जेनेवा जॉगर (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिवस 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की शुरुआत 1920 में हुई थी। भारतीय रेड क्रॉस का मिशन हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और आरंभ करना है ताकि मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके और रोका भी जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने में योगदान दिया जा सके। वर्ष 1901 में रेड क्रॉस को शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद इसे तीन अवसरों (1917,1944 और 1963 में) को नोबेल पुरस्कार दिया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसकी स्थापना के समय था। जैसे-जैसे दुनिया के नए-नए आविष्कार और आपदाओं का सामना होता है, रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व और भी बढ़ता जाता है। इसके स्वयं सेवक और कार्यकर्ता विश्वभर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। वास्तव में रेड क्रॉस के 90 प्रतिशत कार्यबल में स्वयं सेवक शामिल हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोग युद्ध और मानवीय पीड़ा के समय पीड़ा को कम करने और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्वयं सेवकों की निस्वार्थता संगठन के स्थायी प्रभाव का एक प्रमाण है।

# नाम मोहन है मेरा, यादव समाज की खबर रखता हूं...



- लोकसभा चुनाव में बड़ी लकीर खींचने में लगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने दोहरी चुनौती
- राज्य में शिवराज के रेकार्ड से आगे जाकर भाजपा को क्लीन स्वीप जीत दिलाकर भविष्य कर सकते मजबूत
- उत्तर प्रदेश, बिहार में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार किया है, वहां पार्टी की सफलता से सिर पर बंधेगा सेहरा

**चुनाव डेस्क**

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत में अगर वोट इधर-उधर करने में किसी एक चेहरे की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। वह पांच माह पहले ही मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन लगातार बड़ी लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने भाजपा को राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव लैंड वाली सीटों पर कमल खिलाने की जमीन तैयार करने की दोहरी चुनौती है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मोहन यादव के लिए यह लोकसभा चुनाव उनके सियासी जीवन के साथ भाजपा के उन रणनीतिकारों का भी सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है, जिन्होंने मध्यप्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि झारखंड में उनका जमकर इस्तेमाल यादव वोट बैंक को अपने पाले में लाने के लिए किया है।

- मध्य प्रदेश में मोहन यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेकॉर्ड है, जिसे तोड़ना आसान नहीं है। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और शिवराज सिंह विधानसभा चुनावों के साथ भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी बड़ी जीत दिला चुके हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के चुनाव में 26 लोकसभा सीटें फिर 2019 में 28 सीटों तक पहुंची भाजपा ने इस बार मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय कर रखा है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पूरी राज्य भाजपा इस काम में जुटी है। लेकिन जिस तरह मोहन यादव की अगुवाई में पहले कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा फिर दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र रायगढ़ में घेरेबंदी की गई, उससे साफ है कि परिणाम के अंजाम का सेहरा भी मोहन यादव के सिर पर ही बंधना है।
- राज्य के चुनावी इतिहास में सभी सीटें जीतने का रेकार्ड अभी कांग्रेस के नाम पर है, जिसने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी सीटें जीत ली थीं। ऐसे में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के भविष्य की मजबूती इसी बात पर टकी है कि क्या वह भी भाजपा को इस बार क्लीन स्वीप जीत दिला पाएंगे या कि 28 सीटें जीतने वाले शिवराज के रेकार्ड की बराबरी कर पाएंगे।

### स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और योगी के बाद है नाम

- मोहन यादव के सामने राज्य से बाहर दूसरी चुनौती भी कम नहीं है। भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए उनका चुनाव शुरू होने से पहले अब तक पूरा इस्तेमाल कर रही है। इस काम में मोहन यादव कितने महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद मोहन यादव का ही नाम है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी भाजपा ने उनका नाम ऊपर ही रखा है।

## यूपी और बिहार में 'यादव चला मोहन के साथ' का किया जा रहा प्रचार

उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि नौ फीसदी यादव वोटर है, जो परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। यादव मतदाता मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जन भर लोकसभा सीटों पर चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक यादव मतदाताओं ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। भाजपा को 23 फीसदी और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट ही मिले थे। इसी तरह बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत बिहार में करीब एक दर्जन सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव यादव वोटर लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। बात मध्य प्रदेश की करें, तो यादव समुदाय की आबादी राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में अच्छी संख्या में है। मध्य प्रदेश में यादव वोट भाजपा और कांग्रेस में बंटते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास यूपी-बिहार में यादव नेताओं की कमी है, लेकिन इसके बाद भी मोहन यादव को दोनों राज्यों में यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार में बुलाने के पीछे भाजपा की बड़ी रणनीति है। भाजपा मोहन यादव के जरिए यादव मतदाताओं को यह संदेश दे रही है कि मुलायम-लालू की परिवारवादी पार्टियों के विपरीत भाजपा में कोई भी यादव कितने भी बड़े पद पर जा सकता है। भाजपा में कार्यकर्ता मायने रखता है। यह मायने नहीं रखता कि कौन किसके कितना करीब है। यूपी और बिहार में इसी के चलते यादव चला मोहन के साथ वाले पोस्टर बैनर बड़ी संख्या में लगाकर पहले माहौल भी बनाया गया था।

---

## मुंबई में महामुकाबला

### तीन सीटों पर दोनों सेना में सीधी टक्कर, दो सीटों पर भाजपा कांग्रेस में संघर्ष, एक सीट पर टकरा रही उद्धव सेना और भाजपा

**02** **गठबंधन :** महायुति में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट और महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

# युति जीतेगी भरोसा या अघाड़ी की दौड़ेगी गाड़ी



**मनोज त्रिपाठी**

**अमृत विचार।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में छह लोकसभा सीटें मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम हैं। इन सभी सीटों पर 20 मई को पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में महाराष्ट्र में कुल 13 सीटों पर मतदान होगा। मुंबई में इस बार चुनावी तस्वीर बिल्कुल बदली हुई है।

शिवसेना में टूट के बाद एक तरफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) है। दोनों गुटों के बीच मुंबई में लोकसभा की तीन सीटों पर सीधी टक्कर है। दो सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है, जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा में सीधी भिड़ंत हो रही है। मुंबई में 2019 के चुनाव में छह सीटों में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं।

## वर्षा के लिए नया क्षेत्र, निकम का पहला चुनाव, दोनों दलों में स्थानीय नेता नाराज


**उत्तर-मध्य लोकसभा सीट**

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट मुंबई की हाई प्रोफाइल सीट है। यहां फिल्मी सितारे, उद्योगपति, नेताओं के साथ ही झुग्गियों में भी लोग रहते हैं। कांग्रेस ने इस सीट से अपनी प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को उतारा है। वर्षा का मुख्य जनाधार धारावी में है, जहां से वह विधायक हैं, इसलिए वह दक्षिण-मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। वर्षा को टिकट मिलने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उज्जवल निकम का भी है। उनके खिलाफ भी पार्टी में अंदरूनी सुगबुगाहट है। स्थानीय भाजपा नेता निकम को पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार निकम को दिल्ली की कृपा से टिकट मिला है। वह पार्टी से भी नहीं जुड़े थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि निकम बड़े वकील हैं, ऐसे में वह जीतने के बाद उनके लिए समय नहीं निकल पाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अंतर्कलह से जूझ रहे हैं। निकम के लिए भाजपा नेता नाराजगी दूर करने में सफल होते नजर आ रहे हैं, वहीं वर्षा को कांग्रेस के बजाय उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ रहा है। उत्तर मध्य लोकसभा सीट बीते 10 साल से भाजपा के पास है। भाजपा ने यहां की सांसद पूनम महाजन को मौका नहीं दिया है।

लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में भाजपा के पास दो, शिंदे की शिवसेना के पास दो, उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। 2019 में भाजपा की पूनम महाजन 4.86 लाख वोट और कांग्रेस की प्रिया दत्त को 3.56 लाख वोट मिले थे। वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार अब्दुल रहमान ने 33,703 वोट पाए थे।

## दक्षिण लोकसभा सीट: सावंत के सामने जीत की हैट्रिक लगाकर उद्धव सेना का झंडा लहराने की चुनौती


मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट समृद्ध इलाका है। गेट वे आफ इंडिया, हाजी अली दरगाह के अलावा यह व्यावसायिक क्षेत्र है। इस सीट पर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से यामिनी जाधव मैदान में उतरी हैं। पहले इस सीट से भाजपा चुनाव लड़ना चाह रही थी, पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उतारने के संकेत भी दिए थे, लेकिन अंततः शिंदे का दावा भारी पड़ा। यामिनी का मुकाबला मौजूदा सांसद शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत से होगा, जो उद्धव ठाकरे के खास सिपहसलार माने जाते हैं। पूर्व पार्षद यामिनी जाधव भायखाला से विधायक चुनी गई थीं और लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। वह उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत में शिंदे को समर्थन दिया था। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के अरविंद गणपत सावंत ने जीत हासिल की थी, उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा 3,21,870 वोटों के साथ दूसरे और वंचित अघाडी के अनिल चौधरी 30,348 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी सावंत ने देवड़ा को पराजित किया था। इस सीट पर मराठी और गुजराती वोटर हार-जीत तय करते हैं।



अरविंद सावंत।

## उत्तर पश्चिम सीट : उत्तर भारतीय वोटरों का मिलेगा जिसे समर्थन वही जीतेगा रण

मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के विवाद के कारण ही संजय निरुपम के बोल बिगड़े और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला, तो निरुपम में शिंदे गुट का दामन थाम लिया। शिवसेना शिंदे गुट ने इस सीट पर जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर को चुनावी मैदान में उतारा है। शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ से अमोल कीर्तिकर पहले ही यहां मैदान में हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा है। मुंबई उपनगर की यह सीट उत्तर भारतीय बहुल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां से अभिनेता सुनील दत्त पांच बार एवं उनके निधन के बाद उनकी पुत्री प्रिया दत्त एक बार सांसद रही हैं। मशहूर वकील राम जेठमलानी भी 1977 एवं 1980 में इस सीट से जीत चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार भी महायुति के सीट बंटवारे में यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के पास गई। नाम वापसी के बाद इस सीट पर 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर शिवसेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 570063 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 309735 वोट मिले थे। जीत का अंतर 260328 था।



रवींद्र वायकर।

## ध्रुवीकरण की राजनीति गर्मायी, चुनाव गुजराती बनाम मराठी बनाने के प्रयास

मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा के मिहिर चंद्रकांत कोटेचा और शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी संजय दीना पाटिल के बीच मुकाबला हो रहा है। यहां बसपा से देश विट्ठल उमप भी मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी यहीं है, जो एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इस लोकसभा क्षेत्र में मतों का ध्रुवीकरण करने की कवायद शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान गुजराती बनाम मराठी मुद्दा भी देखने को मिल रहा है। कई रिहायशी सोसायटी में दूसरे प्रत्याशी को प्रचार करने से रोके जाने या बाद में आने के लिए कहकर टालने की शिकायतें आ रही हैं। 2019 के चुनाव में एनसीपी ने यहां से संजय पाटिल को टिकट दिया था। भाजपा से मनोज कोटक मैदान में थे। जीत मनोज किशोरभाई कोटक को मिली थी। उन्हें 5,14,599 वोट मिले थे. जबकि एनसीपी के संजय दीना पाटिल 2,88,113 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे, वंचित अघाडी के निहारिका खोंडाले 68,239 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में इस सीट से भाजपा के किरीट सौमेया ने 5,25,285 वोट पाकर जीत हासिल की थी। एनसीपी के संजय पाटिल दूसरे और आम आदमी पार्टी से उतरीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ीं मेधा पाटकर ने तीसरा स्थान पाया था।



मिहिर चंद्रकांत कोटेचा।

## उत्तर लोकसभा सीट: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पहला चुनाव, मराठी और गुजराती मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र सरकार के दिग्गज मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल से है। पाटिल 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल अपनी साफ-सुथरी छवि को आगे रखकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद रहे हैं। भाजपा ने मुंबई उत्तर सीट से लगातार दो बार सांसद रहे गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर पीयूष पर दांव लगाया है। मराठी और गुजराती मतदाताओं पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फोकस कर रखा है। 17 .75 लाख वोटर वाली मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर 47 फीसदी मराठी, 13 फीसदी गुजराती और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही वर्चस्व की लड़ाई होती आयी है। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार बोरीवली, दहिसर, चारकोप और कांदीवली पूर्व पर भाजपा तो माल्दा पश्चिम पर कांग्रेस और मागाठाणे पर शिवसेना का कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की उर्मिला मातोंडकर को 4,65,247 वोटों से हराया था। 2014 के चुनाव में शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को लगभग साढ़े चार लाख वोटों से परास्त किया था।



पीयूष गोयल।

### सोमवार को मतदान, लंबा वीकेंड मिलने से छुट्टी मनाने बाहर न निकल जाएं लोग

- मुंबई में 20 मई को वोटिंग के दिन सोमवार पड़ रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा वीकेंड देखते हुए लोग शुक्रवार से ही शहर से बाहर जा सकते हैं। शनिवार-रविवार छुट्टी रहेगी और सोमवार को वोटिंग के लिए अतिरिक्त छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। दक्षिण मुंबई सीट पर लोकसभा चुनाव में सबसे कम वोटिंग होती है। इस इलाके में सबसे ज्यादा धनी लोग रहते हैं। 2019 में मुंबई में लोकसभा चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था, उस दिन भी सोमवार था। नतीजन इस सीट पर मुंबई में सबसे कम 51 .45% मतदान हुआ था। मुंबई उत्तर-मध्य सीट पर 53 .61%, उत्तर-पश्चिम सीट पर 54 .28%, दक्षिण-मध्य सीट पर 55 .24%, उत्तर-पूर्व सीट पर 57 .12% और उत्तर लोकसभा सीट पर 59 .98% वोटिंग हुई थी।

## दक्षिण मध्य लोकसभा सीट: शिवाजी पार्क और सेना भवन वाले इलाके में दोनों सेनाओं के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट पर मुकाबला दोनों शिवसेना के बीच है। यहां से दो बार शिवसेना सांसद राहुल शेवाले जो अब शिंदे गुट के साथ हैं, जीत की हैट्रिक लगाने मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला शिवसेना उद्धव गुट के प्रत्याशी अनिल देसाई से है। देसाई कुछ समय पहले तक राज्य सभा के सदस्य थे। इस लोकसभा क्षेत्र में ही सेना भवन स्थित है। यहीं शिवाजी पार्क भी हैं, जहां शिवसेना दशहरा रैली करती रही है। एशिया की सबसे बड़ी स्लम धारावी भी यहीं हैं। इसी कारण यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की साख की लड़ाई मानी जा रही है। लोग दोनों शिवसेना की असली परीक्षा मान रहे हैं। इस सीट पर जिसका उम्मीदवार जीतेगा, उससे साफ हो जाएगा कि मराठी मतदाता किसके साथ है। इस सीट पर 2014 और 2019 दोनों चुनावों में शिवसेना के राहुल रमेश शेवाले और कांग्रेस के एकनाथ एम गायकवाड़ के बीच मुकाबला हुआ था और दोनों ही बार राहुल शेवाले को जीत मिली। 2014 में उन्होंने गायकवाड़ को एक लाख 38 हजार और 2019 में डेढ़ लाख मतों से पराजित किया था। इस सीट पर दलित और मुस्लिम वोटर बड़ा फैक्टर है। छह में चार विधानसभा सीटें महायुति और दो महाविकास अघाडी के पास हैं।



राहुल शेवाले।

### 400 पार का संगीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के अंबेडकर नगर में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800–55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,000 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–65 मसूरी 53 अंगूरी 56 बासमती 110, **दाल दलहन**–काला चना 115–120 साबुत चना दाल 75 मूंग साबुत 125 राजमा 140 दाल उड़द 122 साबुत मसूर दाल 79–75 मसूर दाल 76–80 उड़द साबुत 125 काबुली चना–70–128 अरहर दाल 160–168 लोबिया/करमानी 85–122सोयाबीन 45–65 मूंगफली 43–74 मटर (सूखी) 50–61 रुपये।

# 3 साल में घट गई परिवारों की शुद्ध बचत

## सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, नौ लाख करोड़ रुपये घट गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर 14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। लेकिन यह 2018-19 में बढ़कर 14.92 लाख करोड़ रुपये और 2019-20 में 15.49 लाख करोड़ रुपये हो गया था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था। शेयरों और डिबेंचर में परिवारों का निवेश इस अवधि में 1.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 2022-23 में 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़े बताते हैं कि परिवारों को बैंक ऋण भी इन तीन वर्षों में दोगुना होकर 2022-23 में 11.88 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### एफएमसीजी सामान की ग्रामीण खपत रही अधिक



भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी–मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर–खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर–खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही। मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।


### आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ की जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा-बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

# सोने में 200 रुपये की बढ़त, चांदी में 700 रुपये का आया उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर की बढ़त है।

सौमिल गांधी ने कहा-इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।

### सेबी ने 15 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने विनसम यार्न्स लिमिटेड की तरफ से जारी ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) से संबंधित कथित धोखाधड़ी मामले में मंगलवार को अरुण पंचारिया पर 15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। यह फैसला प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) के उस आदेश के छह महीने के भीतर आया है जिसमें सेबी को मामले पर दोबारा गौर करने के लिए कहा गया था। इसके अलावा यह भी कहा था कि पंचारिया पर लगाए गए 25 करोड़ रुपये के जुर्माने को बरकरार नहीं रखा जा सकता है। हालांकि, धोखाधड़ी के बारे में सेबी के निष्कर्षों की पुष्टि की गई थी।

# कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव खारिज

- सेबी ने ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने से कर दिया इनकार
- एनएसई के सीईओ ने बताया वर्तमान में कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने का हवाला देते हुए इक्विटी डेरिवेटिव खंड में कारोबारी घंटे बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा-वर्तमान में कारोबारी घंटे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि सेबी ने हमारा आवेदन वापस कर दिया है। स्टॉक ब्रोकरों से सेबी को ऐसी प्रतिक्रिया नहीं मिली, जैसी वह चाहता था। लिहाजा विस्तारित समय योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एनएसई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से इक्विटी डेरिवेटिव खंड में चरणबद्ध तरीके से कारोबार का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके पीछे मकसद यह था कि वैश्विक सूचना प्रवाह से रातों-रात पैदा होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने सितंबर में बताया था कि एक्सचेंज नियमित कारोबारी सत्र खत्म होने के बाद शाम छह बजे से रात नौ बजे तक एक और सत्र की योजना बना रहा था। इसपर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर कारोबारी समय को धीरे-धीरे रात 11.55 बजे तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

### कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर ईपीएफओ कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को असंवैधानिक ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। वहीं ईपीएफओ ने कहा-न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है।

# दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर किए ब्लॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है। एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गई बातों के जवाब में विभाग ने कह कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है।

### 8 प्रमुख शहरों में 2023 में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की बढ़ी संख्या

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया–हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया।

### भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज़ किया जा चुका है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट, महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा।

## मप्र में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया एनडीए के लिए क्यों रखा 400 पार सीटों का लक्ष्य

# राम मंदिर पर बाबरी ताला न लग जाए...

**धार (मप्र), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगाए। मध्य प्रदेश के धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बयान की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गुट की 'साजिश' गहरी है और वह अपने वोट बैंक के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण चाहता है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने यह कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में उनकी बहुत कम भूमिका थी। मोदी ने कहा-सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि अगर उन्हें 400 लोकसभा सीटे मिलेंगी तो वे संविधान बदल देंगे।



मध्य प्रदेश के धार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● एजेंसी

### हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल



**चाईबासा (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा–मोदीने अपने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे।

# मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए पर धर्म के आधार पर नहीं: लालू प्रसाद

- राजद के अध्यक्ष ने की आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत

**पटना, एजेंसी**



राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की। कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं।

हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण का लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं।

### वे मुसलमानों को देना चाहते हैं आरक्षण: सुधांशु



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा–लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द 'पूरा का पूरा' (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

# राजस्थान में सांड़ को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड़ को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड़ लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने ''अर्थमूविंग'' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया। पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार-इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

# यूपी, झारखंड से पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**


दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा-हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में आपूर्ति करने के लिए दिया था। पुलिस ने बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताए।

# कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का होता है अधिकार

- बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में की टिप्पणी
- कोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी जमानत

**मुंबई, एजेंसी**



बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है।

न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा-यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है।

पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, "एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

### ओडिशा सरकार ने कार्यक्रम के दौरान ड्रोन पर लगाया प्रतिबंध

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआईपी) की यात्रा के दौरान ड्रोन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है और वे लोग जिन समारोह स्थलों पर लोगों को संबोधित करेंगे, उन्हें 'नो ड्रोन जोन और नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। राज्य में वीवीआईपी की पिछली यात्रा के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, रोड शो के दौरान वीवीआईपी के दृश्य लेने के लिए ड्रोन का उपयोग करते हुए देखा गया था, जो वीवीआईपी के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसी वजह से राज्य सरकार ने ये निर्णय लिया है।

# झूठ और नफरत फैलाने वालों को करें खारिज, भविष्य के लिए कांग्रेस को दें वोट

- सोनिया गांधी बोलीं- इंडिया के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए ''अधिक समान और उज्ज्वल'' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन यह अपील की है। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा-झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। 'हाथ' (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) का बटन दबाएं। आइए मिलकर शांति और सद्भाव के साथ सभी के लिए एक मजबूत व अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि युवा बेरोजगारी की दर, महिलाओं के खिलाफ अपराध और दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि ये चुनौतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की ''नीयत और नीति'' से उपजी हैं, जिनका लक्ष्य समावेशिता और संवाद को खारिज करते हुए सत्ता हासिल करना है। गांधी ने कहा, ''हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है। उन्होंने कहा-आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) और गारंटी का उद्देश्य हमारे देश को एकजुट करना और भारत के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों के लिए काम करना है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।





**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए दूसरी सूची की घोषणा, चोटिल झिंगन बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से शुरू करेंगे अभ्यास

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झिंगन का नाम नहीं है।

पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। झिंगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएगी।

## दबाव में अच्छे फैसले लेता है कप्तान रोहित : युवराज

नई दिल्ली, एजेंसी



- टी-20 विश्वकप में रोहित जैसे कप्तान की भारतीय टीम को है जरुरत

भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

### शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने कहा दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिए छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

## बंगाल, हरियाणा की महिला हॉकी टीमों को मिली जीत




**रांची।** बंगाल और हरियाणा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 में क्रमशः ओडिशा और महाराष्ट्र पर 2-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

बंगाल ने मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और उसके लिए दोनों गोल शांति होरो (23वां और 39वां मिनट) ने किया। मैच के आखिरी क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो (51वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल ओडिशा की वापसी कराई लेकिन टीम इसके बाद कोई और गोल करने में विफल रही। दिन के दूसरे मैच में हरियाणा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मंजू चौरसिया ने 12वें मिनट में टीम को बढ़त दिलायी जबकि दूसरे हाफ में पूजा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हरियाणा की बढ़त को दोगुना किया। महाराष्ट्र के प्रयास करना जारी रखा। टीम के लिए सुकन्या धावरे (55) अंतिम मिनटों में मैदानी गोल कर हार के अंतर को कम करने में सफल रही।

# राजस्थान के लिए कैपिटल्स ने दूर की दिल्ली

### रॉयल्स को दिया 222 रनों की लक्ष्य, मैकगर्क और अभिषेक ने लगाए अर्धशतक, अश्विन को मिले तीन विकेट



अभिषेक पारेल
65 रन
36 गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिषेक पारेल (65) और जैक फ्रेजर-मक्गर्क (50) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को आईपीएल के 56वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के लिए जीत की दिल्ली दूर कर दी और राजस्थान को 222 रनों का लक्ष्य दिया है। आज अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में आर अश्विन ने जैक फ्रेजर को फरेरा के हाथों कैच आउट कराया। जैक फ्रेजर ने 20 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (50) रन बनाए। शो होप एक रन बनाकर रनआउट हुए। 10वें ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक पारेल ने 36 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक (65) रन बनाए। उन्हें अश्विन ने संदीप के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान रिषभ पंत ने 13 गेंदों में 15 रन बनाए। उन्हें चहल ने बोल्ट के हाथों कैच आउट कराया। 14वें ओवर में गुलबदीन नईब 15 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 41रनों की पारी खेली। रासिख सलाम (9) रन बनाकर आखिरी गेंद पर रनआउट हुए। कुलदीप यादव (5) रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से रवि अश्विन ने तीन विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



मैकगर्क का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते राजस्थान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**60** रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए जैक फ्रेजर और अभिषेक पारेल ने कर दिल्ली को दिलाई अच्छी शुरुआत



50 रन
20 गेंद
जेक फ्रेजर मैकगर्क

**दिल्ली 221/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 01


| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का फरेरा बो अश्विन | 50 | 20 | 7/3 |
| अभिषेक पोरेल का संदीप बो अश्विन | 65 | 36 | 7/3 |
| शाई होप रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन | 15 | 10 | 1/1 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 | 13 | 0/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 | 20 | 3/3 |
| गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट | 19 | 15 | 1/1 |
| रसिख सलाम रन आउट | 9 | 3 | 2/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

## बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



मुंबई, एजेंसी



- मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच बोल- हम यहां आईपीएल के लिए हैं, बाकी सब उसके बाद देखेंगे

मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है, लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

### बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी और गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

**लखनऊ।** खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5:45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7.25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8.46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इसके बाद रात 9.43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और ताज गंगाज होटल में रात बिताई।

## भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : ब्रायन लारा

नई दिल्ली, एजेंसी



महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा थे। लारा ने कहा जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी-कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं। भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

## प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेंगे लखनऊ-हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी



अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।



**बॉलीवुड हलचल**

## बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, कभी अलविदा ना कहना, कल हो ना हो और वीर जारा जैसी फिल्मों में काम किया है, लेकिन दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार वीर जारा में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे, तब तक इंताजर कीजिए। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा, शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं और एक बेहद ही शानदार हैं और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है। वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म दिल से के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि चोरी चोरी चुपके चुपके सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।



## फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं, पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें जय महाकाल।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# बच्चों को स्पर्श के बारे में बताना ही काफी नहीं

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आज की डिजिटल दुनिया में नाबालिगों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताया जाना ही काफी नहीं है और बच्चों को आभासी स्पर्श की उभरती हुई अवधारणा और इसके संभावित खतरों के बारे में भी शिक्षित किया जाना जरूरी है।

इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है।

कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

### क्या है मामला




एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया। कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

# जमीन भगवान की मैं उनका मित्र...कोर्ट ने लगाया जुर्माना

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी मंदिर के संपत्ति विवाद में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने वाले व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा करने का अधिकार किसी अवैध धार्मिक संरचना में निहित नहीं हो सकता है।

अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले के बाद उनके और अन्य की ओर से दायर आपत्ति याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपने आदेश में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि मिश्रा कोई प्रामाणिकता नहीं दिखा सके जो उन्हें भगवान हनुमान के अगले मित्र के रूप में मुकदमा करने का अधिकार देती। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, पूजा करने का कोई अधिकार किसी अन्य की निजी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचे में निहित नहीं हो सकता है और कहा कि ऐसी स्थिति में स्थापित देवता के पास कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे। शुक्र है कि यह प्रॉक्सी द्वारा दिव्यता का मामला प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि एक निजी मंदिर में सार्वजनिक पूजा, यहां तक कि मुफ्त पहुंच के साथ वास्तव में यह नहीं दर्शाता है कि मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है।

# यूपीआई की वजह से ज्यादा खर्च कर रहे 75% भारतीय

*भारत में यूपीआई के इस्तेमाल से खरीदारी आसान और कैश रखने की मजबूरी खत्म हुई है, लेकिन खर्च बढ़ा है। आईआईआईटी, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के सर्वे में पता चला कि यूपीआई की वजह से भारतीय ज्यादा खर्च करने लगे हैं। 74.2% यानी 4 में से 3 भारतीयों का मानना है कि यूपीआई की वजह से उनके खर्च करने का पैटर्न बदल गया है। वे गैर जरूरी खर्च कर रहे हैं।*




- ऑनलाइन पेमेंट की वजह से उन्हें एहसास नहीं होता कि वे ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, कैश खर्च होने पर अपने पास से कुछ जाने का एहसास होता है। इसलिए खर्च का दर्द महसूस होता है। इसलिए लोग खर्च करने से पहले सोचते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में खर्च में कुछ खोने जैसा एहसास नहीं होता। इसलिए खर्च का पता नहीं चलता। ऑनलाइन पेमेंट में पैसे सिर्फ नंबर जैसे लगते हैं, जो कम ज्यादा होते रहते हैं। जैसे-यूपीआई के जरिए 2500 रुपए का पेमेंट करने में लोग उतना नहीं सोचते, जितना कि 500 के 5 नोट के जरिए किसी चीज का पेमेंट करने में सोचते हैं।
- आईआईआईटी दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने छात्रों के साथ 18 साल और उससे ऊपर के लोगों पर सर्वे किया। इसमें पता चला कि 74.2% लोगों का खर्च यूपीआई का इस्तेमाल शुरू करने के बाद बढ़ा है। साथ ही यह भी पता चला कि 91.5% लोग यूपीआई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि 95.2% ने किसी भी पेमेंट के लिए यूपीआई को सबसे आसान और विश्वसनीय माना। 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने 8 साल में देश में पेमेंट का तरीका ही नहीं एहसास भी बदल दिया है।

### छोटे कारोबारियों की बचत बढ़ी

यूपीआई के इस्तेमाल की वजह से छोटे कारोबारियों जैसे ठेले-खोमचे वाले, गुमटियों में सामान बेचने वालों की बचत बढ़ी है। यूपीआई पेमेंट की वजह से उनका सारा पैसा सीधे खाते में जाता है, जिससे उनकी बचत और उससे मिलने वाला ब्याज दोनों बढ़े हैं। वहीं, इस सर्वे में करीब 25% लोगों ने यह माना कि यूपीआई इस्तेमाल से उनकी बचत बढ़ी है।

## एक नजर

### व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी।

### चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश अफगानिस्तान में रची गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में हुए आत्मघाती हमले की साजिश अफगानिस्तान में अफगान नागरिकों ने रची थी जिसमें पांच चीनी मारे गए थे। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी धरती पर रची गई थी।

### दिल्ली में तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाली एक फैक्टरी का भी पता लगाया है। छापेमारी के दौरान उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला पदार्थ बरामद किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त अमित कौशिक ने कहा, जब्त किए गए पदार्थ से लगभग 700 किलोग्राम प्रभावी पदार्थ अल्प्राजोलम संसाधित किया जा सकता है।

# चीन पर नकेल कसने के लिए तैयार भारत, 3 पोत पहुंचे सिंगापुर

## भारतीय नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती, मजबूत होंगे रिश्ते

सिंगापुर, एजेंसी



दक्षिण चीन सागर में चीन पर नकेल कसने के लिए नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं, जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है।

बयान में कहा गया कि मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। यह यात्रा कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वागत किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

### वर्तमान में दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

### सीमा पर तनाव के बीच भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।

# तकनीकी खामी से टली सुनीता की अंतरिक्ष यात्रा

- नासा ने उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का लिया फैसला

न्यूयॉर्क, एजेंसी



भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। नासा ने उड़ान की अगली तारीख की घोषणा नहीं की है।

बता दें, सुनीता विलियम्स मंगलवार को तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने बताया कि उड़ान से पहले वह थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन साथ ही नए अंतरिक्षयान में उड़ान को लेकर वह उत्साहित भी थीं।

### भारी बारिश के कारण बंगाल में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

### चीन के एक अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत

**युन्नान।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के एक अस्पताल में मंगलवार को चाकू से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। राज्य की मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें पुलिस पास के वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अधिकारी अधिक जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी राज्य मीडिया आउटलेट, द पेपर द्वारा साक्षात्कार में एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थिति को अराजक बताया, जबकि अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे थे।

### आसरे की आस...



**वाशिंगटन:** फीचर फोटोग्राफी में अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में प्रवासी कोलंबिया से पनामा तक डेरियन गैप को पार करते हुए आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को इस तस्वीर के लिए उगार्टे फर्नांडो लानो, एरिक गे, ग्रेगरी बुल और क्रिश्चियन चावेज को 2024 पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● एजेंसी

## श्रीनगर: पाकिस्तान में बैठे सात आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क की गईं, पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई।

उन्होंने संचालकों की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्टर तिलगाम के अब्दुल हमीद पर्रे के रूप में की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान संपत्ति की पहचान की गई।

# प्रज्ज्वल के 25 हजार अश्लील वीडियो बांटे : कुमारस्वामी

- पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे ने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार पर लगाया आरोप

बेंगलुरु, एजेंसी

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25 हजार पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

21 अप्रैल को पूरे राज्य में पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर बांटे गए हैं। कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है। जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।

## राजस्थान में तलवार से घायल कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में युवती से तलवार की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओपियों ने पीड़िता से खींचातानी करने पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दुष्कर्म के दो दिन बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला शादी समारोह से लौट रही थी कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## विज्ञान | कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया रहस्य का खुलासा

# शुक्र ग्रह के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में मिली कामयाबी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी के पड़ोसी ग्रह शुक्र ग्रह के खोए पानी के सागरों की गुत्थी सुलझाने की बड़ी कामयाबी वैज्ञानिको को मिली है। बोल्डर स्थित कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का खुलासा किया है।



शुक्र ग्रह के वातावरण की तस्वीर।

इस शोध से साफ हो गया है कि इस ग्रह पर पानी होने की शेष संभावना भी खत्म हो चुकी है। सर्वविदित है, शुक्र (वीनस) हमारे सौर मंडल का सबसे अधिक सुंदर ग्रह नजर आता है। जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों से आसानी से देखा जा सकता है। स्याह रातों की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला यही ग्रह है। कभी इस ग्रह पर पृथ्वी की तरह विशाल समुद्र हुआ करते थे, जो गायब हो गए। जिसकी तलाश में वैज्ञानिक कई दशकों से पता लगाने में जुटे हुए थे, लेकिन इसका पता लगा पाना टेढ़ी खीर बनी रही। मगर अब इस रहस्य का पर्दाफाश हो चुका है। इसकी वजह शुक्र की रासायनिक प्रक्रिया है। जिसका पता कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए हो पाया है। दअरसल शुक्र ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन परमाणु विघटनकारी पुनर्संयोजन प्रक्रिया के माध्यम से अंतरिक्ष में घूमते हैं। जिस कारण शुक्र हर दिन बड़ी मात्रा में अपना तरल जल खो देता है। 6 मई को नेचर जर्नल में शोध का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि आकाशगंगा के कई ग्रहों के पानी व रासायनिक प्रक्रिया को समझना होगा। शोधकर्ताओं ने शुक्र ग्रह को एक विशाल रसायन विज्ञान मझने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया, और ग्रह के घूमते हुए वातावरण में होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं पर जूम किया। जिससे पता चला कि हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन के एक-एक परमाणु से बना अणु शुक्र ग्रह का पानी निगल गया और शुक्र के सतह का जल वाष्पित होकर आसमान में चला गया।

### अब मंगल ग्रह पर जल की तलाश

शुक्र ग्रह के बाद, अब बारी लालग्रह मंगल के खोए हुए जल का पता लगाने की है। माना जाता है कि पृथ्वी की तरह मंगल में भी समुद्र हुआ करते थे और नदियां बहा करती थी, जिनका जल अब विलुप्त हो चुका है। शुक्र ग्रह के जल का पता लगाने के बाद वैज्ञानिक मंगल ग्रह के जल पता लगाने में जुट गए हैं।

## अंतरिक्ष में हथियारों की रोक के प्रस्ताव पर वीटो मुद्दे की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, सुरक्षा परिषद में हाल ही में, रूस द्वारा उस मसौदे प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की है, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष क्षेत्र को हथियारों की नई दौड़ से बाहर रखने की पेशकश की गई थी।

सुरक्षा परिषद में वो प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने पेश किया था। इसके समर्थन में 13 वोट पड़े थे और चीन ने मतदान में शिरकत नहीं की थी। उस प्रस्ताव को 60 देशों ने समर्थन दिया था, मगर रूस के वीटो प्रयोग के कारण, वो मसौदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। यूएन महासभा के उपाध्यक्ष अहमद फैसल मुहम्मद ने सोमवार को, महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का संदेश पढ़कर, इस मुद्दे पर चर्चा का आरंभ किया। यूएन महासभा अध्यक्ष के संदेश में चिंता व्यक्त की गई कि बाहरी अंतरिक्ष में विनाश के हथियारों के मुद्दे पर नाकाम रही है।

# गाजा के राफा पर इजराइल का कब्जा

- नेतन्याहू ने एक दिन पहले राफा के लोगों को खाली करने की दी थी चेतावनी

यरूशलम, एजेंसी



इजराइली बलों ने राफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। राफा खाली करने के आदेश के दूसरे दिन बाद आईडीएफ ने यह कार्रवाई की है। इजराइल के आर्मी रेडियो ने मंगलवार को दावा किया है, हमास द्वारा युद्ध विराम प्रस्ताव के स्वीकारने के बाद इजराइल ने यह कदम उठाया है, प्रस्ताव में बंधकों रिहाई से हमास ने इनकार कर दिया था।

बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है। इससे एक दिन पहले यानी 6 मई को इजरायली सेना ने कहा था कि वह किसी भी वक्त राफा पर हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए सोमवार को इजरायली बलों ने फलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया था। बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है। गौरतलब है कि, हमास के खिलाफ अपने युद्ध के सात महीनों में, इजरायल ने राफा में घुसपैठ शुरू करने की कई बार धमकी दी है। इजराइली सेना का मानना है कि राफा में हजारों हमास लड़ाकों और संभावित रूप से दर्जनों बंधकों को शरण में रखा गया है। सेना का मानना है कि राफा को हराए बिना जीत असंभव है।

### अमेरिका ने इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला-बारूद की खेप रोक दी है। खेप में मिसाइल सहित कई साजो सामन हैं। इस मामले पर अमेरिकी और इजराइली सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि, पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा कि राफा में सैन्य अभियान का अमेरिका-इजराइल संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।